# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 3 फरवरी 2026



13 टी20 वर्ल्ड कप के वार्म अप मैचों....






विचार पेज
06 वेनेजुएला-भारत संबंध नई...


ट्रेड डील पर सहमत हुए भारत और अमेरिका

# एक फोन कॉल पर ट्रंप ने किया टैरिफ को 25% से घटाकर 18% करने का ऐलान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को बड़ा फैसला लेते हुए भारत पर लगाए गए टैरिफ को कम कर दिया है। अमेरिका ने टैरिफ को 25% से घटाकर 18% कर दिया है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात हुई। वह मेरे सबसे अच्छे दोस्तों में से एक हैं और अपने देश के ताकतवर और सम्मानित नेता हैं।

हमने व्यापार, रूस और यूक्रेन के युद्ध को समाप्त करने जैसे कई मुद्दों पर बात की। प्रधानमंत्री मोदी रूस से तेल खरीदना बंद करने को लेकर सहमत हुए हैं

***प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप को अदा किया शुक्रिया, ट्रंप बोले मोदी मेरे सबसे अच्छे दोस्तों में से एक***



और अमेरिका और संभवतः वेनेजुएला से भी ज्यादा तेल खरीदने पर उन्होंने सहमति दी है। ट्रंप ने यह भी कहा है कि भारत और अमेरिका ट्रेड डील पर सहमत हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत करने के बाद ही रेसिप्रोकल टैरिफ को कम किया है। उन्होंने इस कदम को दोस्ती और सम्मान का प्रतीक बताया है। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका से 500 अरब डॉलर से भी ज्यादा के अमेरिकी ऊर्जा, तकनीक, कृषि, कोयला और कई अन्य उत्पाद खरीदने का वादा किया है। ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मैं ऐसे दो लोग हैं जो काम करके दिखाते हैं, यह बात अधिकतर लोगों के बारे में नहीं कही जा सकती। हालांकि, भारतीय सामानों के निर्यात पर लगने वाला 25% टैरिफ अभी भी लागू है।

## राष्ट्रपति ट्रंप का नेतृत्व बेहद अहमः पीएम मोदी

ट्रंप की पोस्ट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपना बयान जारी किया। मोदी ने कहा कि मेड इन इंडिया उत्पादों पर अब टैरिफ घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि अपने दोस्त राष्ट्रपति ट्रंप से बात करके बहुत अच्छा लगा। यह जानकर बेहद खुशी हुई कि अब भारत में बने उत्पादों पर टैरिफ घटकर 18% हो जाएगा। इस घोषणा के लिए भारत की 1.4 अरब जनता की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद। जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र एक साथ मिलकर काम करते हैं तो इससे लोगों को फायदा होता है और पारस्परिक लाभकारी सहयोग के कई मौके बनते हैं। वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए राष्ट्रपति ट्रंप का नेतृत्व बेहद अहम है।

### फोन पर बातचीत के बाद रिश्तों में सुधार

इस बेहद अहम ऐलान से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की थी। ट्रंप के द्वारा टैरिफ लगाए जाने की वजह से दोनों देशों के रिश्ते काफी तनावपूर्ण हो गए थे लेकिन अब उनके इस ताजा ऐलान से यह पता चलता है कि दोनों देशों के रिश्ते न सिर्फ सुधर रहे हैं बल्कि फिर से पहले जैसे हो रहे हैं।

### अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने जताई खुशी

इस बीच, भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि जैसा कि मैंने कई बार कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी को अपना सच्चा मित्र मानते हैं। शाम व्यापार समझौते की खबर से बेहद खुश हूं। अमेरिका और भारत के बीच संबंधों में असीमित संभावनाएं हैं।


MSN माता श्री नेत्रालय
1984 से निरंतर सेवा...
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

INH 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### पाक ने किया भारत के साथ खेलने से इनकार

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप से पहले जबरदस्त ड्रॉमा देखने को मिल रहा है। पाकिस्तान सरकार ने ये घोषणा की कि वह भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करेगा। पाकिस्तान को 15 फरवरी को कोलंबो में ग्रुप स्टेज का मैच भारत के खिलाफ खेलना था। ये फैसला पाकिस्तानी सरकार ने आईसीसी द्वारा बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के बाद लिया है।



### भगवान से की खराब भोजन की शिकायत

**पन्ना।** जिले के गुनौर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास की छात्राओं ने खराब भोजन की शिकायत को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया। छात्राओं ने स्थानीय शिव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के चरणों में अपना शिकायती आवेदन रखा। छात्राओं ने छात्रावास की रसोइयों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने न्याय की गुहार लगाई है।



राहुल गांधी के बयान पर संसद में हंगामा

संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने पूर्व आर्मी चीफ की अप्रकाशित किताब का हवाला देते हुए भारत-चीन संबंधों पर सवाल उठाए

# राहुल ने कहा-नरवणे ने लिखा:चीनी सेना हमारी सीमा में घुसी, सरकार बोली-किताब छपी ही नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

*राजनाथ सिंह ने कहा कि जिस किताब की राहुल गांधी बात कर रहे हैं, वो किताब प्रकाशित नहीं हुई है। अगर उस पुस्तक में तथ्य सही होते, तो वो किताब जरूर प्रकाशित होती। अगर उन्हें (राहुल गांधी) लगता है कि किताब पर सरकार ने गलत तरीके से रोक लगाई है, तो पूर्व आर्मी चीफ अदालत का दरवाजा खटखटाते*

केंद्रीय बजट पेश होने के बाद सोमवार को संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हुई। लेकिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बोलने की बारी आई तो चर्चा से इतर उन्होंने पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवण की अप्रकाशित किताब 'फोर स्टार ऑफ डेस्टिनी' का जिक्र करते हुए भारत-चीन रिश्तों पर सवाल खड़े कर दिए।

पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब का हवाला देते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा सांसद ने कहा कि हम देश भक्त नहीं हैं। इसपर मैं कहना चाहता हूं कि पूर्व आर्मी चीफ नरवणे ने अपनी किताब में लिखा है कि चीनी सेना भारतीय सीमा में घुसपैठ कर रही है। सरकार ने क्यों इस किताब को प्रकाशित नहीं होने दिया? राहुल गांधी के सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जिस किताब की राहुल गांधी बात कर रहे हैं, वो किताब ▸▸ शेष पेज 13 पर

राहुल गांधी गलत तथ्य पेश कर रहे हैं: राजनाथ सिंह


राजनाथ सिंह


राहुल गांधी

भाजपा ने भी नरवणे का एक पुराना वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने कहा है कि सबसे पहले मैं बताना चाहता हूं कि हमारी एक इंच जमीन भी नहीं गई है। हम अभी भी वहीं हैं, जहां पहले थे। इसके बाद उन्होंने चीन के साथ चल रहे डिइंगेजमेंट प्रक्रिया का जिक्र किया है।

***स्पीकर ओम बिरला ने केसी वेणुगोपाल के बर्ताव पर नाराजगी जताई***

### इस तरह कार्यवाही शुरू व स्थगित होती रही

राहुल गांधी के बयान पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी भड़क उठे। ओम बिरला ने राहुल को सदन की मर्यादा याद दिलाई, इसी बीच सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच हंगामा खड़ा हो गया। करीब 44 मिनट तक लोकसभा में राहुल गांधी और स्पीकर के बीच टीका-टिप्पणी का दौर चलता रहा लेकिन भारी हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। तीन बजे लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो राहुल गांधी फिर से चीन के मुद्दे ▸▸ शेष पेज 13 पर ▸▸ पढ़ें पेज 07 भी

***लोकसभा में 44, 11 और फिर 15 मिनट का महा-संग्राम***

केसी वेणुगोपाल को लगाई फटकार

### आप नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वकील हैं?

राहुल गांधी के भाषण पर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल खड़े होकर तालियां बजाने लगे, जिसपर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि ये क्या तरीका है? आप सदन में खड़े होकर तालियां बजा रहे हैं। ये तरीका बिल्कुल ठीक नहीं है। आप सदन के वरिष्ठ नेता हैं। आप नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वकील हैं?

### राहुल बोले- आप ही बता दीजिए कि मुझे क्या बोलना है?

सदन में जोरदार हंगामे के बीच राहुल गांधी ने स्पीकर ओम बिरला से कहा कि मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। मेरी बात चीन के बारे में नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के कैरेक्टर के बारे में है। सर आप एक काम करिए कि आप ही बता ▸▸ शेष पेज 13 पर

जयसिंहनगर वन परिक्षेत्र के मसिरा सर्किल का मामला

# शहडोल में बाघ और बाघिन का मिला शव, खेत में फैला था करंट

हिरासत में लिए गए तीन ग्रामीण बाघों की मौत कैसे हुई? जांच जारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ शहडोल

जिले के उत्तर वन मंडल के जयसिंहनगर वन परिक्षेत्र के मसिरा सर्किल में बाघ-बाघिन के शव मिलने से हड़कंप मच गया है। बाघ-बाघिन के शव आसपास मिले हैं। एक साथ दो शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। जिले के अधिकारी मौके पर पहुंचे। वन विभाग ने क्षेत्र में घेराबंदी कर डॉग स्क्वाड के साथ जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में खेत में लगी चने की फसल को जानवरों से बचाव के ▸▸ शेष पेज 13 पर

### बाघों का पीएम करवाया जा रहा

बीती रात को सबसे पहले एक बाघ का शव मिलने की सूचना वन विभाग को मिली थी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की। इसी दौरान सर्चिंग के दौरान सोमवार तड़के उसी स्थान के पास एक बाघिन का शव भी मिला। इसके बाद मामला और गंभीर हो गया। दोनों शव जंगल के बाहर राजस्व क्षेत्र में खेत के पास मिले हैं। बाघों ▸▸ शेष पेज 13 पर

इंदौर-भोपाल हाईवे पर मामूली विवाद पर फायरिंग

# साइड देने को लेकर हुए विवाद में राजस्थान के युवकों ने मारी गोली

पुलिस ने महज 2 घंटे में आरोपियों को जंगल से किया गिरफ्तार



आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर

आष्टा थाना अंतर्गत इंदौर-भोपाल हाईवे पर कचनारिया जोड़ के पास मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। वाहन ओवरटेक करने को लेकर हुए विवाद में राजस्थान के तीन युवकों ने एक स्थानीय युवक पर पिस्टल से गोली चला दी। गोली युवक के पैर में लगी है, जिसे गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद ▸▸ शेष पेज 13


घायल सचिन

एक आरोपी पहले से ही हत्या के प्रयास के मामले में फरार

### भाग रहे आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गए। इधर जानकारी मिलते ही प्रभारी एसडीओपी आष्टा प्रवीण चढ़ोकर एवं थाना प्रभारी आष्टा गिरिश दुबे पुलिस बल के साथ शासकीय अस्पताल आष्टा पहुंचे, जहां घायल से जानकारी प्राप्त कर तत्काल ▸▸ शेष पेज 13 पर

सीएमएचओ कार्यालय में रिश्वतकांड

## डेटा मैनेजर 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते 'गिरफ्तार'



पोस्टिंग कराने के लिए जितेंद्र ने मांगी थी रिश्वत

**छिंदवाड़ा।** यहां सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ आईडीएसपी डेटा मैनेजर जितेंद्र यदुवंशी को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा। इस कार्रवाई के बाद जिला अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आरोपी जितेंद्र यदुवंशी ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारी पुष्पा बढ़गढ़े से उसकी पोस्टिंग संजीवनी क्लिनिक में कराने के नाम पर 50 हजार रुपए की मांग की ▸▸ शेष पेज 13 पर

भागीरथपुरा में दूषित पानी मामला

## एक महीने की जंग के बाद अस्पताल में अनीता ने तोड़ा दम, 32वीं मौत



तीन मरीज अभी भी अस्पताल में भर्ती

**इंदौर।** भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण मरने वालों की संख्या 32 हो गई है। एक महीने से बाम्बे हॉस्पिटल में इलाज करा रही 65 वर्षीय अनीता कुशवाह की रविवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्हें उल्टी-दस्त की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस घटना में अब तक 3500 से अधिक लोग बीमार पड़ चुके हैं। परिवार वालों के मुताबिक, अनिता पहले बिल्कुल स्वस्थ थीं। 28 दिसंबर को उन्हें उल्टी-दस्त ▸▸ शेष पेज 13 पर

रात में पति से हुआ था झगड़ा

## सुबह होते ही 'मां' ने तीनों बच्चों को फंदे पर लटकाया



वारदात के बाद महिला ने खुद पी लिया डीजल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में एक महिला ने अपने पति से मामूली विवाद के बाद अपने बच्चों को फांसी लगा दी और खुद भी डीजल पीकर सुसाइड करने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि तीनों बच्चों की मौत हो गई, जबकि महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना कर्नाटक के बागलकोट स्थित बादामी पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई। यहां के रहने वाले हनुमंत और रूपा की शादी 8 साल पहले हुई थी। दोनों के तीन ▸▸ शेष पेज 13 पर

उज्जैन आ रही फैमिली के साथ ट्रेन में छेड़छाड़

# विरोध करने पर वर्ग विशेष के युवकों ने मारपीट की, स्टेशन पर दिखा तनाव

***सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उज्जैन

गुजरात से उज्जैन अस्थि विसर्जन के लिए आ रहे यात्रियों के साथ मारपीट और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। दरअसल, यह घटना रात्रि में मेमू ट्रैन में हुई है।

ट्रेन जब रतलाम स्टेशन से चली तो वहीं से सवार हुए धर्म विशेष के युवकों ने यात्रियों के साथ मौजूद एक बालिका से छेड़छाड़ की।



यात्रियों ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट कर दी। महिलाओं और पुरुषों के साथ मारपीट की गई। ट्रेन जब नागदा रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो दोनों ही धर्म के बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। हालांकि बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद होने के कारण लोगों को खदेड़ दिया गया। वहीं, यात्रियों की शिकायत पर 7 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। विवेचना के लिए यह प्रकरण रतलाम पुलिस को भेजा गया है। जीआरपी के अलावा स्थानीय पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे। क्षेत्र में शांति का माहौल है।

बताया गया है कि मेघनगर और दाहोद से पीड़ित परिवार मेमू ट्रेन से अस्थि विसर्जन के लिए उज्जैन जा रहे थे। इसी ▸▸ शेष पेज 13 पर

'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण की नींव को बजट ने और ज्यादा मजबूत किया

# आर्थिक विकास की नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा केंद्रीय बजट

आज जब भारत औद्योगिक निवेश और निर्माण क्षेत्र का हब बनने जा रहा है उसमें मध्यप्रदेश भी अपनी पूरी शक्ति के साथ योगदान देने के लिए तैयार है


डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

सीएम का ब्लॉग

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 मध्यप्रदेश के लिए आर्थिक विकास की नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा, उद्योगों को सरल प्रक्रियाएं, निवेशकों को भरोसेमंद वातावरण, युवाओं को रोजगार के अवसर, महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण, एमएसएमई सेक्टर को संस्थागत समर्थन और नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की जो नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रखी गई है उसे वर्ष 2026-27 के बजट ने और ज्यादा मजबूत किया है। आज जब भारत औद्योगिक निवेश और निर्माण क्षेत्र का हब बनने जा रहा है, उसमें मध्यप्रदेश भी अपनी पूरी शक्ति के साथ योगदान देने के लिए तैयार है। हमने औद्योगिक निवेश के लिए ▸▸ शेष पेज 13 पर

### नया बजट रोजगार के नए अवसर लेकर आया

केंद्रित बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समर्पित है। यह सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी बजट है। जिस प्रकार मध्यप्रदेश में तेजी से शिक्षा का आधुनिकीकरण हो रहा है, नया बजट युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के लिए व्यापक अवसर लेकर आया है। शिक्षा से रोजगार एवं उद्यम स्थायी समिति का गठन और 15 हजार माध्यमिक विद्यालयों एवं 500 महाविद्यालयों में एपीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना रचनात्मकता को बढ़ावा देगी। पर्यटन क्षेत्र में आईआईएम के सहयोग से 10 हजार गाइड्स के कौशल उन्नयन और खेलो इंडिया मिशन के माध्यम से अगले दशक में खेलों के परिदृश्य में बदलाव लाने का लक्ष्य युवाओं को नई दिशा देगा। महिलाओं के लिए एमएसएमई ग्रोथ फंड के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का आवंटन लाभदायी होगा। युवा भारत के लिए सेवा क्षेत्र का विस्तार संभावनाओं ▸▸ शेष पेज 13 पर

# भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज 2026 के चुनाव में गोविंद गोयल की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज 2026 के चुनाव में उन्नति पैनल की ओर से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गोविंद गोयल ने भारी बहुमत से चुनाव में विजयश्री हासिल की। कुल 1999 मतों में से गोविंद गोयल को 1085 मत हासिल कर 191 मतों से विजय हासिल की।वही उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी तेजकुलपाल सिंह पाली को 894 मत मिले। पूरे चुनाव अभियान में देखने में आया कि गोविंद गोयल अपनी पूरी उन्नति पैनल के साथ लगातार व्यापारियों से मिलते रहे और उनकी समस्याओं को सुना और समझा।

जनसंपर्क के दौरान गोविंद गोयल ने सभी व्यापारियों को आश्वासन भी दिया था कि उन्नति पैनल और उनके चुनाव में विजय होते ही व्यापारियों की हर समस्या को जल्द से जल्द दूर करने का पुरजोर प्रयास किया जाएगा। उन्नति पैनल हमेशा सभी व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। व्यापारियों के हित की लड़ाई और सभी व्यापारियों से अच्छे संबंधों के परिणाम स्वरूप गोविंद गोयल ने अपने निकटतम प्रत्याशी तेजकुलपाल सिंह पाली को हराकर नए अध्यक्ष के रूप में जीत हासिल की। उनकी जीत पर व्यापारी वर्ग में हर्ष देखा जा रहा है।

**गोयल 193 मतों से हुए विजयी**


चुनाव में विजयी गोविंद गोयल परिवार के साथ।


मतगणना का दृश्य।


परिणाम के इंतजार में बैठ लोग।

## खबर संक्षेप



### नीरज स्वामी बने मप्र तमिल समाज के प्रदेश अध्यक्ष

**भोपाल।** मप्र तमिल समाज की सोमवार को बैठक गोविंदपुरा एमके एन हाई सेकेंडरी स्कूल में आयोजित की गई। इस अवसर पर संगठन को अधिक सशक्त व सक्रिय बनाने के उद्देश्य से नीरज स्वामी को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। नीरज स्वामी के महु (इंदौर) में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें नई व बड़ी जिम्मेदारी सौंप गई। संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि यह कदम मध्य प्रदेश तमिल संगम को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

### उधना-अयोध्या कैंट के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**भोपाल।** रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्दयेश्य से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 09093/09094 उधना-अयोध्या कैंट-उधना के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इस स्पेशल ट्रेन का मंडल के संत हिरदाराम नगर एवं बीना के स्टेशनों के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि गाड़ी संख्या 09093 उधना-अयोध्या कैंट साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को उधना से 07:25 बजे प्रस्थान कर निर्धारित मार्ग से होते हुए संत हिरदाराम नगर 18:45 बजे एवं बीना 22:00 बजे आगमन कर और दूसरे दिन 10:30 बजे अयोध्या कैंट पहुँचेगी। यह स्पेशल ट्रेन उधना से 13 फरवरी से 27 मार्च, तक चलेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09094 अयोध्या कैंट-उधना साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक शनिवार को अयोध्या कैंट से 14:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन बीना 03:20 बजे एवं संत हिरदाराम नगर 05:55 बजे आगमन कर गंतव्य स्टेशन उधना 17:15 बजे पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन अयोध्या कैंट से 14 फरवरी से 28 मार्च, 2026 तक चलेगी।

### मैपकास्टः मिशन एक्सीलेंस में होगा विज्ञान मंथन 2025-

**भोपाल।** राजधानी स्थित मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैपकास्ट) द्वारा म.प्र. मिशन एक्सीलेंस अभियान के तहत विज्ञान मंथन यात्रा 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव योजना का उद्देश्य प्रदेश के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि विकसित करना है। योजना में मध्यप्रदेश के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के कक्षा 10वीं के विद्यार्थी और 11वीं एवं 12वीं के केवल विज्ञान विषय के विद्यार्थी शामिल होंगे। इन विद्यार्थियों को देश के ख्याति प्राप्त इसरो और श्रीहरिकोटा अनुसंधान संस्थान एवं प्रयोगशाला का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। विद्यार्थियों को इसरो के वैज्ञानिकों से संवाद कर विज्ञान से जुड़ी अपनी जिज्ञासाओं के समाधान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विद्यार्थी इसरो के चंद्रयान मिशन सहित विभिन्न उपग्रहों के मॉडल्स और उनकी कार्यप्रणाली भी देखेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थी उन वैज्ञानिकों से भी मुलाकात कर सकेंगे, जिन्होंने चंद्रयान मिशन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई ने एनसीसी कैडेट्स को किया सम्मानित

# राष्ट्रीय परेड में शामिल प्रत्येक कैडेट्स अनुशासन व प्रेरणा के प्रतीकः पटेल

**लोकभवन में हुआ एनसीसी एट होम समारोह**


उद्बोधन देते राज्यपाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि परेड, अनुशासन और आपसी तालमेल का बेहतरीन नमूना होती है। हर देशवासी को देशभक्ति और ऊर्जा से भर देती है। हम सभी को देश सेवा की प्रेरणा देती है। गणतंत्र दिवस 2026 की राष्ट्रीय परेड में शामिल प्रत्येक एनसीसी कैडेट्स अनुशासन और प्रेरणा का प्रतीक है। राजधानी के कर्तव्य पथ पर आपकी अनुशासित, प्रभावी और गरिमामयी सहभागिता ने प्रदेशवासियों का मान बढ़ाया है। आप सभी हमारा गौरव हैं। राज्यपाल पटेल सोमवार को लोकभवन के सांदीपनि सभागार में एनसीसी एट होम समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गणतंत्र दिवस 2026 की राष्ट्रीय परेड और विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक एवं उपलब्धियां प्राप्त करने वाले मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय के एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया।

राज्यपाल ने राष्ट्रीय स्तर पर ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त करने पर मप्र और छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय को बधाई दी। भविष्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। समारोह में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे।

### एनसीसी कैडेट्स शिक्षित और अनुशासित होने के साथ संस्कारवान भी बने

राज्यपाल पटेल ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स शिक्षित और अनुशासित होने के साथ संस्कारवान भी बने। आदर्श जीवन मूल्यों को धारण करें। माता-पिता, गुरुजनों, प्रशिक्षकों और वरिष्ठों का हमेशा सम्मान करें। उन्होंने कहा कि युवा संविधान के मूल्यों, न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व को जीवन में उतार कर गरीब, वंचित, और ज़रूरतमंदों के कल्याण में उपयोग करें।

### समारोह की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना



राज्यपाल पटेल ने समारोह की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां जोश-जज़्बे और जुनून का उदाहरण है। यह भारत की विविधता में एकता को प्रस्तुत कर रही थी। राज्यपाल पटेल के समक्ष एनसीसी कैडेट्स ने ऐ मेरे भारत की नारी, तू है महान से नारी की महानता और नव भारतम-श्रेष्ठ भारतम पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से नए भारत को दिखाया। राज्यपाल का मप्र और छग एनसीसी निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल जेपी सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मेजर जनरल सिंह ने स्वागत उद्बोधन और रिपब्लिक डे कैम्प-2026 में प्रदेश की सहभागिता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

## यात्री सुविधाओं व रेल ट्रैफिक को लेकर सभी कार्य हो चुके पूरे

# रेल ट्रैफिक शुरू करने में सीडब्लूसी सीमेंट माल गोदाम बन रहा अड़चन

### राजधानी का चौथा रेलवे स्टेशन शुरू होने से दो लाख यात्रियों को मिलेगी राहत, भोपाल स्टेशन पर लोड होगा कम



फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानीवासी लंबे समय से निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर रेल यातायात शुभारंभ होने की राह देख रहे है। इस स्टेशन के शुरू होने से भोपाल के करीब दो लाख से अधिक यात्रियों को राहत मिल सकेगी। निशातपुरा स्टेशन पर यात्री सुविधाओं व रेल यातायात को लेकर सभी कार्य पूरे हो चुके है। लेकिन यहां पर सीडब्ल्यूसी सीमेंट गोदाम अड़चन बना रहा है,अभी इस गोदाम को कहीं ओर शिफ्ट करने या दीवार बनाकर सीमेंट के गुबार से यात्रियों को बचाने को लेकर रेलवे की ओर से योजना बनाई गई है। इसके बाद भी निशातपुरा स्टेशन की सौगात यात्रियों को मिल सकेगी।

### सोमनाथ व मालवा के स्टॉपेज की मिली स्वीकृति

मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने बताया कि मंडल की ओर से निशातपुरा स्टेशन के सभी कार्य पूरे कर लिए है। रेलवे ने दो ट्रेनें जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस और मालवा एक्सप्रेस के हाल्ट की स्वीकृति भी दे दी है, उम्मीद है कि जल्द ही राजधानीवासियों को इस स्टेशन की सौगात मिल सकेगी।

### ज्यादा दूरी और समय खर्च नहीं करना पड़ेगा

निशातपुरा के रूप में चौथा स्टेशन शुरू होने से एक तरफ जहां भोपाल स्टेशन पर लोड कम हो गया। तो वहीं पुराने भोपाल-खासकर करोंद, लालघाटी, गांधी नगर, अयोध्या नगर, आनंद नगर, भीमनगर सहित नए व पुराने शहर के दो लाख से अधिक यात्रियों को सफर में बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें मुख्य स्टेशन पहुंचने के लिए ज्यादा दूरी और समय खर्च नहीं करना पड़ेगा।

### यात्रियों को सीमेंट के गुबार से बचाने रेलवे के नए प्रस्ताव

निशातपुरा स्टेशन के पास जो सीमेंट के माल गोदाम है वे सेंट्रल वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के है। सीमेंट गोदाम हटाने को लेकर अभी रेलवे की कोई चर्चा नहीं हुई है। ऐसे में रेलवे दीवार बनाने सहित अन्य प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। जिससे यात्री सीमेंट के गुबार से दो-चार न हो सके।

# मालवी स्वर्णकार समाज ट्रस्ट का सम्मान समारोह संपन्न


मालवी समाज के कार्यक्रम में मौजूद मंत्री विश्वास।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मालवी स्वर्णकार समाज का सम्मान समारोह व सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर बैठक का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि भवन बनाने के लिए पूरा सहयोग दिया जाएगा। विधायक भगवानदास सबनानी ने भी सहयोग देने की बात कहीं। इस मौके पर सिहोर के नंदकिशोर सोनी ने एक लाख ग्यारह की घोषणा की । साथ ही भवन निर्माण के लिए मंडीदीप के जगदीश सोनी ने एक लाख इक्कावन हजार देने की बात कहीं। इस मौके पर मालवी स्वर्णकार समाज के नवयुवक के अध्यक्ष पद पर अजय सोनी को चुना गया। इस अवसर पर ओपी सोनी, विनोद सोनी,अजय सोनी,भैरूदा एसएन सोनी,राजा सोनी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## यूजीसी कानून का ब्राह्मण समाज ने किया विरोध

# यूजीसी कानून का विरोध जताकर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर वापसी की करेंगे मांगः अजय

**सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के साथ हो रहा कथित भेदभाव**


ब्राह्मण समाज ने जताया विरोध।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ब्राह्मण समाज की ओर से ने यूजीसी कानून का विरोध किया है। इस को लेकर सोमवार को ब्राह्मण समाज व मप्र ब्राह्मण अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की ओर बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान मप्र ब्राह्मण अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अजय तिवारी ने यूजीसी कानून इस कानून को काला कानून बताया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश के अधिकारियों को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर इस कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की जाएगी। तिवारी ने कहा सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के साथ हो रहे कथित भेदभाव किया जा रहा है। यूजीसी कानूनों को कटघरे में खड़ा करते हुए आरोप लगाया कि वर्तमान शिक्षा नीतियां सामान्य वर्ग के युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय कर रही हैं। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान कानून वापिस लेने की मांग की है। इस अवसर पर राजेश द्विवेदी, इंजीनियर राघवेंद्र शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, एडवोकेट वंदना द्विवेदी व राधिका खमरिया सहित बड़ी संख्या में मप्र ब्राह्मण अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा पदधिकारी मौजूद थे।

## प्रथम चरण खत्म, दूसरा 28 फरवरी तक

# लाखों उपभोक्ता समाधान योजना के तहत लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में 31 जनवरी 2026 तक 5 लाख 25 हजार से अधिक बकायादार उपभोक्तओं ने सौ फीसदी तक सरचार्ज में छूट का लाभ उठाया है। 01 फरवरी से द्वितीय चरण की शुरूआत हो चुकी है जो कि 28 फरवरी तक चलेगा। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल नहीं हो पाए वे अब द्वितीय चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं।

मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 5 लाख 26 हजार 412 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 533 करोड़ 14 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 263 करोड़ 84 लाख रूपए का सरचार्ज माफ किया गया है।

## विवाह के लिए शुक्र और गुरु दोनों का उदय होना बेहद जरूरी

# कल से फिर गूंजेगी शहनाईः फरवरी में सबसे ज्यादा 17 मुहूर्त, 14 मार्च से फिर एक माह तक लगेगा खरमास

**मांगलिक कार्यों पर लगा प्रतिबंध अब समाप्त होने जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शादी-विवाह के इच्छुक परिवारों के लिए अच्छी खबर है, दरअसल खरमास की समाप्ति और शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण मांगलिक कार्यों पर लगा प्रतिबंध अब समाप्त होने जा रहा है। 4 फरवरी से एक बार फिर शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी। 4 फरवरी में सबसे ज्यादा मुहुर्त होने से बड़ी संख्या में विवाह होने की उम्मीद है। तो वहीं इस साल का दूसरा खरमास 14 मार्च से 14 अप्रैल तक रहेगा। चैत्र कृष्ण एकादशी में 14 मार्च की देर रात 03:07 बजे सूर्य मीन राशि में प्रवेश करेंगे। इसी के साथ खरमास शुरू हो जाएगा। इस दौरान एक बार फिर सभी शुभ कार्य पर विराम लग जाएगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरूजी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि विवाह के लिए शुक्र और गुरु दोनों का उदय होना अनिवार्य माना जाता है, इसलिए अब तक शादियों के मुहूर्त थे। लेकिन शुक्र और गुरु दोनों का उदय होने के साथ ही 4 फरवरी से शादियों का सिलसिला शुरू हो रहा है। फरवरी माह में विवाह के कई श्रेष्ठ मुहूर्त बन रहे हैं। फरवरी माह विवाह समारोह की सर्वाधिक तिथियां 17 दिन रहेगी।


0000

### शुभ विवाह की तिथियां

- फरवरीः 4, 5, 6, 7, 8, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 19, 20, 21. 24. 25. 26
- मार्चः 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11. 12. 13. 14
- अप्रैलः 15, 20, 21, 25, 26, 27.28.29
- मईः 1, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 12, 13.14
- जूनः 19, 20, 21, 22, 23, 24. 25. 26. 27. 28. 29
- जुलाईः 1.2.6. 7. 8. 11. 121
- नवंबर : 20, 21, 24, 25, 26, 30.1
- दिसंबरः 1, 2, 3, 4, 5, 6, 9, 10, 11, 12।

## डॉ. प्रसाद रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

# एसपीएम कॉलेज में अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण आयोजित


प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में एक माह का अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 से 31 जनवरी आयोजित किया गया। इसके तहत विद्यार्थियों को एआई एप्लीकेशंस एवं स्किन एंड हेयर केयर ट्रेड में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने विद्यार्थियों से कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में कौशल-आधारित शिक्षा ही विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी बनाती है, उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर करती है। मुख्य अतिथि डॉ. मथुरा प्रसाद, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा उपस्थित रहे।

भोपाल
मंगलवार, 3 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-02
वर्ष : 12, अंक : 304
पृष्ठ : 16+8=24 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 26
न्यून. 15

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मप्र को रेलवे का अब तक का सबसे बड़ा बजट एलोकेशन

# मिले 15,188 करोड़ रुपए, अब सीधे वेस्ट कोस्ट पोर्ट्स से जुड़ेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के रेलवे विकास को एक बार फिर बड़ी रफ्तार मिली है। केंद्र सरकार ने प्रदेश के लिए 15,188 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड एलोकेशन किया है, जो कांग्रेस शासनकाल के औसत बजट से करीब 24 गुना अधिक बताया गया। यह जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस में साझा की।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर परियोजनाओं को तेजी से शुरू करने और तय समय में पूरा करने के लिए प्रयास कर रही हैं। रेल मंत्री के अनुसार मध्य प्रदेश में रेलवे से जुड़े कुल प्रोजेक्ट्स का आकार अब 1.18 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इनमें नई लाइनें, डबलिंग, ट्रिपलिंग, स्टेशन री-डेवलपमेंट और माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने वाले कार्य शामिल हैं। प्रदेश में 100% रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन का लक्ष्य भी पूरा हो चुका है, जिससे परिचालन लागत घटेगी और ट्रेनों की गति और समयबद्धता में सुधार आएगा। इंदौर-मनमाड़ समेत कई सपने पूरे कई वर्षों से लंबित इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना सहित अनेक अहम प्रोजेक्ट हाल ही में स्वीकृत हुए हैं। इन पर काम भी तेजी से चल रहा है। इससे माल और यात्री परिवहन दोनों को सीधा लाभ मिलेगा, साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

**मध्य प्रदेश में रेलवे से जुड़े कुल प्रोजेक्ट्स का आकार अब 1.18 लाख करोड़ रुपए**


अश्विनी वैष्णव

### ईस्ट-वेस्ट डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से बदलेगा आर्थिक परिदृश्य

प्रेस कॉन्फ्रेंस में नए ईस्ट-वेस्ट डेडिकेटेड फ्रेट ट्रेड कॉरिडोर को लेकर भी अहम जानकारी दी गई। यह कॉरिडोर पश्चिम बंगाल से शुरू होकर मध्य प्रदेश होते हुए गुजरात तक जाएगा। इस कॉरिडोर से पूरे क्षेत्र की इंडस्ट्री का कंटेनर, बल्क और कार्गो मूवमेंट एक समर्पित ट्रैक पर आएगा, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और ट्रांजिट टाइम कम होगा। इससे मध्य प्रदेश में एक बड़ा इकोनॉमिक कॉरिडोर विकसित होगा। इसके जरिए प्रदेश सीधे गुजरात और महाराष्ट्र के वेस्ट कोस्ट के प्रमुख पोर्ट्स से जुड़ जाएगा।

एलन मस्क की पोस्ट का जिक्र कर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया बड़ा दावा...भारत को नंबर 1 बनाएंगे

## दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था की 'धाक' बढ़ी, ग्लोबल जीडीपी में भारत का 17% योगदान

**ग्लोबल जीडीपी के विकास में भारत का योगदान अमेरिका से ज्यादा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्लोबल जीडीपी में भारत और अन्य देशों के योगदान की चर्चा हो रही है। 31 जनवरी को वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट लिखी-भारत समेत कई देशों के ग्लोबल जीडीपी में योगदान के आंकड़े बताए गए। लिस्ट में भारत दूसरे नंबर पर हैं और ग्लोबल जीडीपी में भारत का योगदान 17 प्रतिशत है।

वहीं पहले नंबर पर चीन है, जिसका योगदान 26.6 प्रतिशत है, वहीं अमेरिका तीसरे नंबर पर है। इस रिपोर्ट को एलन मस्क ने री-ट्वीट किया और कैप्शन लिखा कि शक्ति का संतुलन बदल रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति के बारे में बताते हुए इसे और मजबूत करने एवं भारत को नंबर एक ▶▶ शेष पेज 4 पर


निर्मला सीतारमण

एलन मस्क ने पोस्ट को किया है री-शेयर...

**सत्ता का संतुलन बदल रहा**

स्पेसएक्स सीईओ और टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने वर्ल्ड ऑफ स्टेटिक्स की पोस्ट को अपने एक्स हैंडल पर री-शेयर किया और कैप्शन लिखा कि सत्ता का संतुलन बदल रहा है। आंकड़ों के अनुसार ग्लोबल ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### चांदी 31800 रुपए तक टूटी, सोना 8000 सस्ता



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। सुबह सोना 8000 रुपए तक सस्ता हो गया। चांदी में 31,800 रुपए तक की गिरावट देखने को मिली। एमसीक्स पर सोने का भाव 8,187 रुपए गिरकर 1,34,00 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी 31,878 रुपए सस्ती होकर 2.33 लाख रुपए प्रति किलो पर आ गई। शाम 4:45 तक सोना 983 रुपए बढ़कर 1,43,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

### फ्यूल स्विच में खराबी उड़ानों पर लगी रोक



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के फ्यूल स्विच में खराबी की आशंका के मद्देनजर विमान को उड़ान भरने से रोक दिया गया। विमान के पायलटों ने ईंधन नियंत्रण स्विच में संभावित खराबी की सूचना दी थी। इस मामले पर एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि हमें इस बात की जानकारी है कि हमारे एक पायलट ने बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान के फ्यूल स्विच में संभावित खराबी की सूचना दी है।

### एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र ने आत्महत्या की!



**इंदौर।** एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थी ने कथित तौर पर सोमवार को छात्रावास में खुदकुशी कर ली। एसीपी तुषार सिंह ने बताया कि शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के एमबीबीएस प्रथम वर्ष का विद्यार्थी अंतरिक्ष अग्रवाल (20) छात्रावास में अपने कमरे में फंखे से लगे फांसी के फंदे पर मृत लटका मिला। पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ के विद्यार्थियों ने बताया कि अंतरिक्ष तनाव में रहता था।

सार्थक संवाद

'हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से 'सार्थक संवाद'

# पहली प्राथमिकता संगठन के खाली पड़े पद भरना फिर निगम-मंडलों में होंगी नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का कहना है कि उनकी पहली प्राथमिकता संगठन के खाली पदों को भरना है। संगठन को मजबूत करने के लिए पद भरना बेहद जरूरी है। सत्ता से जुड़े जो पद हैं (यानी, निगम-मंडल) उन्हें भी भरना है लेकिन जब उसका समय आएगा तो उन्हें भी भरा जाएगा। कार्यालय के प्रभारी मंत्री की नियुक्ति पर कहा कि समय आने पर सभी नियुक्तियां कर दी जाएंगी। कुछ विषय बचे हैं उन पर चर्चा होना है इसलिए देर हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा में खास बात यह है कि यहां सत्ता और संगठन साथ भी हैं और अलग-अलग भी हैं। सत्ता का अपना अस्तित्व है। संगठन का यह प्रयास रहता है कि जो सामंजस्य बनना चाहिए वो बन रहा है। आपसी तालमेल और समन्वय में हम सफल हैं। जिन बातों को और सुझावों को सरकार तक पहुंचाना चाहिए तो हम पहुंचाते हैं और सुझावों को माना भी जाता है। क्योंकि, हम भी सरकार के लिए और जनहित के लिए काम करते हैं। हेमंत खंडेलवाल ने यह बातें 'हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से विशेष साक्षात्कार कार्यक्रम 'सार्थक संवाद' में कहीं। उनसे पूरी बातचीत।



### ये भी कहा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने?

1. *भाजपा में अधिकतर नेता चाहे मंत्री ही क्यों न हों कार्यकर्ता की बात सुनते हैं और सामंजस्य के साथ काम करते हैं*
2. *बयानबाजी एक मानव स्वभाव, जरूरत हुई तो उस पर एक्शन भी लेना पड़ता है*
3. *नितिन नबीन जी काफी सरल और सहज हैं। जमीनी स्तर पर नबीन जी ने बेहद काम किया है*
4. *सत्ता में रहकर जनता और कार्यकर्ता को संतुष्ट रखना बड़ी चुनौती*

### ये है पूरी बातचीत

*सवाल: आपने जनसंघ के बाद की भाजपा देखी है और आज की भी भाजपा देख रहे हैं। तब और अब में क्या अंतर है?*

**जवाब:** पहले भाजपा के पास सीमित कार्यकर्ता थे। लोगों की संख्या भी कम थी। इसलिए, हर एक कार्यकर्ता से सतत संपर्क रहता था। आपसी मेल मुलाकात ज्यादा होती थी। अब कार्यकर्ताओं की संख्या ज्यादा है। हर एक काम के लिए हमारे पास लोग हैं। अब डिजिटल का युग है। युग बदला, लेकिन भाजपा का भाव नहीं बदला। आज भी भाजपा पूरी तरह से पारिवारिक माहौल और भाव के साथ काम करती है।

*सवाल: पहले संघर्ष की भाजपा थी अब सत्ता की भाजपा है। इससे कोई सांस्कृतिक बदलाव महसूस नहीं करते हैं?*

**जवाब:** पहले की भाजपा बेहद संघर्षशील थी। प्यारेलालजी और कुशाभाऊ ठाकरे जी के संघर्ष की कहानी आज भी हम सुनते हैं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उस समय गिने चुने लोग थे। उनके साथ मिलकर जन-जन तक अपनी विचारधारा पहुंचाना बहुत बड़ा काम था। लेकिन, उन्होंने ये सब किया। आज जब भाजपा सत्ता में है और चौतरफा कमल ही कमल है तब हम सबकी जिम्मेदारी और नैतिक दायित्व ज्यादा बढ़ जाता है। उस समय की चुनौतियों से बढ़कर आज उससे बड़ी चुनौती इस विरासत को संभालने की है।

*सवाल: उस समय भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ संघर्ष किया था आज तो कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल किया जा रहा है। ये कैसी विरासत संभाल रहे हैं आप?*

**जवाब:** ये भाजपा की विचारधारा की ही पैठ है कि कांग्रेस के लोग भी इससे प्रभावित हुए और भाजपा में शामिल हो गए। हमने उन्हें ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीएम डॉ. यादव ने कच्छ के रण उत्सव में कहा

## रण उत्सव की तर्ज पर उज्जैन में भी विकसित होगी टेंट सिटी


कलाकारों से बात करते सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ गुजरात में रण ऑफ कच्छ का 'रण उत्सव' आज भारत की सांस्कृतिक पहचान और पर्यटन क्षमता का वैश्विक प्रतीक बन चुका है। डॉ. यादव ने भव्य उत्सव में सहभागिता कर विश्व स्तरीय टेंट सिटी की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और कहा कि जहां कभी बंजर भूमि थी, वहां आज किसानों की सहभागिता से पर्यटन, आजीविका और विकास का मॉडल खड़ा हुआ है, जिसे दुनिया देख रही है। लोक कलाकारों की जीवंत प्रस्तुतियां और गुजरात की समृद्ध संस्कृति, इस उत्सव को विशिष्ट पहचान देती हैं। यह प्रेरक उदाहरण है। उज्जैन में वर्ष-2028 में आयोजित होने वाले 'सिंहस्थ' में 'रण उत्सव' की तर्ज पर टेंट सिटी विकसित की जाएगी। साथ ही, मध्यप्रदेश में जहां पर्यटकों की संख्या अधिक है, वहां ▶▶ शेष पेज 4 पर

*स्थानीय स्तर पर लोगों को मिलेगा रोजगार, किसानों को भी मिलेगा लाभ*

### 'स्मृति वन' भूकंप पीड़ितों की स्मृतियों को सहेजे हुए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भुज में स्थित 'स्मृति वन', जो भूकंप पीड़ितों की स्मृतियों को सहेजता है, वह संवेदना और संकल्प का प्रतीक है। इसी भावना के साथ भोपाल में भी यूनियन कार्बाइड त्रासदी के पीड़ितों की स्मृति में एक समर्पित संग्रहालय विकसित करने की योजना है। पीएम मोदी का विजन ही नए भारत की सशक्त पहचान है।
▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

इंदौर-खंडवा रोड पर हुआ हादसा

## नशेड़ी मिनी ट्रक चालक ने वाहनों को मारी टक्कर, पांच लोग घायल

**भंवरकुआं थाना क्षेत्र में हुई घटना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

यहां सोमवार दोपहर को एक मालवाहक मिनी ट्रक के चालक ने नशे की हालत में तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए कई वाहनों को टक्कर मार दी। इंदौर खंडवा रोड पर हुए इस हादसे में 5 लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा तफरी मच गई, जबकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को हिरासत में ले लिया। यह दुर्घटना भंवरकुआं थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंदौर खंडवा रोड पर राधा स्वामी सत्संग कॉम्प्लेक्स के पास दोपहर करीब 12 बजे हुई। लोडिंग मिनी ट्रक तेजाजी ▶▶ शेष पेज 4 पर


घटना का सीसीटीवी फुटेज

खरगोन के सुलगांव में तनाव

## नर्मदा तट पर अंतिम संस्कार को लेकर दो पक्षों में झड़प

**3 थानों की पुलिस तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले के मण्डलेश्वर थाना क्षेत्र के सुलगांव में आज अंतिम संस्कार के दौरान अचानक पथराव होने से इलाके में तनाव फैल गया। नर्मदा तट के पास शव जलाने को लेकर ग्रामीणों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। अंतिम संस्कार में शामिल लोगों पर पत्थर फेंके गए, जिसमें पुलिस जवान और ग्राम चौकीदार सहित कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही मंडलेश्वर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभालने ▶▶ शेष पेज 4 पर


लोगों में बहसबाजी

पचमढ़ी में होटल सेनेरिटी में जोरदार धमाका

## एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट से महाराष्ट्र के पर्यटक परिवार समेत पांच घायल

**विस्फोट से होटल को भारी नुकसान पहुंचा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

पचमढ़ी में सोमवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब होटल सेनेरिटी में एलपीजी सिलेंडर में जोरदार विस्फोट हो गया। सुबह करीब 8.30 बजे हुए इस धमाके की गूंज 200 मीटर दूर स्थित पांडव रिट्रीट तक सुनाई दी। विस्फोट से होटल को भारी नुकसान पहुंचा है। हादसे में होटल में ठहरे महाराष्ट्र के बुलढाना जिले के एक परिवार के चार सदस्य घायल हो गए, जबकि होटल का एक कुक भी आग की चपेट में आकर झुलस गया। सभी ▶▶ शेष पेज 4 पर


ब्लास्ट के बाद पड़ा मलबा

पिता को लगी भनक तो पुलिस से की शिकायत हिरासत में विक्रेता

**अलर्ट हो जाइए.... मोमो की दुकान लगाने वाले तीन युवकों ने बेटे को बहलाकर घर के सभी जेवरात ले लिए**

## कहीं आपके घर में तो ये बच्चा नहीं? 85 लाख रुपए के 'मोमो' खा गया 7वीं क्लास का बच्चा!

एजेंसी ▶▶ देवरिया

अलग खबर


बच्चे के पिता विमलेश मिश्र ने की शिकायत

यूपी के देवरिया से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 7वीं क्लास में पढ़ने वाले बच्चे ने मोमो खाने की लत में अपने घर पर रखी 85 लाख रुपए की ज्वेलरी मोमो विक्रेता को दे दी। जब ये मामला पुलिस के पास पहुंचा तो पुलिस भी हैरान रह गई। हालांकि, बाद में पुलिस ने ज्वेलरी रखने वाले 2 मोमो विक्रेताओं को हिरासत में लिया है। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र में मोमो खिलाने के नाम पर 3 युवकों ने एक लड़के से धीरे-धीरे लाखों के जेवर ले लिए। जब घर वालों ने अलमारी खोली तो इस बात का ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अलमारी खोलते ही परिजनों के होश उड़ गए

जब उनकी बहन अपना जेवर मांगने के लिए आईं तो अलमारी खोलते ही विमलेश और उनकी बहन के होश उड़ गए। अलमारी में रखा सारा जेवर गायब था। शक होने पर अपने बच्चे से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने, मोमो खाने के लिए जेवर हुमरी चौराहे के दुकानदारों को दे दिए हैं। लड़के के पिता ने थाने में तीनों आरोपियों के ▶▶ शेष पेज 4 पर

**बादल-धूप के बीच दिन-रात में 4 डिग्री तक घट-बढ़, आज भी ऐसा ही मौसम**

भोपाल में दिन-रात का पारा 1.2 डिग्री तक गिरा, दिन में घिरे रहे बादल

## आज एक दर्जन जिलों में बौछारें, गरज व चमक और घने कोहरे का भी अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित कई जिलों में सोमवार को दिन में बादल और धूप के बीच दिन-रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री तक घट-बढ़ रही। भोपाल में दिन में बादल और रात में आसमान साफ रहने से 1.2 - 1.2 डिग्री की कमी रही। दिन का पारा 28 और रात का 13.8 डिग्री रहा। अधिकांश जिलों में दिन का पारा सामान्य से कम और रात का अभी नॉर्मल से अधिक दर्ज हो रहा है। मंगलवार को भी एक दर्जन से अधिक जिलों में बादल, गरज-चमक के साथ बौछारों तथा घने कोहरे का अलर्ट है। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार ▶▶ शेष पेज 4 पर


वीआईपी रोड, शाम 6 बजे का दृश्य

### यहां बारिश, बादल से 4 डिग्री तक गिरावट

गुना, टीकमगढ़ आदि जिलों में 3 से 4 डिग्री तक दिन का पारा गिरा, जबकि अधिकांश जिलों में रात के तापमान में औसतन एक डिग्री की बढ़त रही। रात का औसत तापमान 13 और दिन का 28 डिग्री रहा है। इससे दिन के तापमान में सामान्य से औसतन एक डिग्री की कमी और रात में 2 डिग्री तक अधिकता दर्ज हुई है। मंगलवार को मुरैना में बारिश और कुछ जगह ओले गिर सकते हैं। वहीं, राजगढ़, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुरकलां, रीवा, सतना, दमोह, सतना आदि जिलों में बादल, गरज- चमक और बूंदावांदी के साथ कुछ जगह घना कोहरा रहेगा। ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में भी गरज-चमक और घने कोहरे की उम्मीद है। भोपाल में मौसम ऐसा ही रहेगा।

# आम बजट में एआई, सेमीकंडक्टर और 'ऑरेंज इकोनॉमी' पर विशेष ध्यान: केंद्रीय मंत्री सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को अशोकनगर कलेक्ट्रेट में प्रेस वार्ता में केन्द्रीय बजट 2026-27 को 'विकसित भारत' का स्पष्ट रोडमैप बताया।

उन्होंने कहा कि यह बजट भारत की जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है, जिसमें विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम हैं। यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप देश की आर्थिक मजबूती, अधोसंरचना विस्तार और भविष्य की तकनीकों का रोडमैप है।

**केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय बजट को बताया 'विकसित भारत' का रोडमैप**

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में समावेशी बजट जन आकांक्षाओं को करेगा पूरा: केंद्रीय मंत्री सिंधिया**



प्रेसवार्ता करते केंद्रीय मंत्री सिंधिया।

### समृद्ध भारत का रोडमैप है बजट

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और 2027 तक तीसरे स्थान की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों से भारत विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

### भविष्य की जरूरतों का रखा गया है ध्यान

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री ने हर परिवार, हर समाज और हर वर्ग के लिए संसाधनों और अवसरों की बात की है। मोदी सरकार ने बजट में टैक्सटाइल से लेकर, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कृषि, सेवा और शिक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों के लिए तो बड़ी घोषणाएं की है, लेकिन साथ में उन्होंने आगामी भविष्य की जरूरतों को देखते हुए कंटेंट क्रिएटर्स, पर्यटन और एआई के लिए सौगातों की बौछार कर दी है।

### सिंधिया ने बताई भारतीय अर्थव्यवस्था और बजट की प्रमुख विशेषताएं

- भारत की जीडीपी पिछले दस वर्षों में 2 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 4.3 ट्रिलियन डॉलर हो चुकी है।
- अप्रैल से दिसंबर के बीच महंगाई दर घटकर मात्र 1.7% रही है, जो विश्व में सबसे कम है।
- राजकोषीय घाटे को 4.4% तक सीमित रखा गया है और अगले वर्ष इसे 4.3% तक लाने का लक्ष्य है।
- इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश को 2014 के 2 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर 12 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाया गया है।
- बजट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर (10 नए फैब्स) और 'ऑरेंज इकोनॉमी' (ऑडियो-विजुअल एवं गेमिंग) पर विशेष ध्यान दिया गया है।
- उत्तर-पूर्वी राज्यों के बजट में 50% की वृद्धि करते हुए 6,800 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है तथा टेलीकॉम क्षेत्र के लिए 72,000 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं।

## जन्म उत्सव में एक साथ संस्कृत श्लोकों के सामूहिक पाठ का बना नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

# गुजरात की धरा ने दिया है, मानव कल्याण और सनातन का संदेश

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन वडोदरा में महंत स्वामी महाराज के 92वें जन्मजयंती महोत्सव में हुए शामिल**


पूज्य महंत स्वामी महाराज से आशीर्वाद लेते सीएम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुजरात की धरती भारत सहित अनेक राष्ट्रों में धर्म, आध्यात्म, सनातनी परम्परा, मानव कल्याण और सेवा मूल्यों को चेतना से जोड़ने का कार्य कर रही है। इस धरा से कभी महात्मा गांधी और सरदार पटेल जैसी विभूतियों ने राष्ट्र को योगदान दिया, वहीं अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री सोमवार को गुजरात के वडोदरा में पूज्य महंत स्वामी महाराज की 92वीं जन्म वर्षगांठ पर उनके दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त कर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्वामीजी को जन्म दिवस की बधाई देते हुए उनके शतायु होने की कामना की और आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में स्वामी जी का जन्म शताब्दी समारोह अधिक भव्य रूप में आयोजित होगा। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आज सऊदी अरब सहित अबूधाबी और अमेरिका में स्वामी नारायण अक्षर धाम के पारम्परिक हिन्दू मंदिर और विश्व के अनेक देशों में 600 से अधिक मंदिरों का निर्माण उल्लेखनीय है। सत्संगदीक्षा जैसे शास्त्रसम्मत ग्रंथ की रचना और हजारों सेवाभावी नवयुवान संतों का निर्माण सनातन की परम्परा को ऊंचाइयां दे रहा है। यह गर्व की बात है कि महंत स्वामी महाराज की जीवन यात्रा की जड़ें मध्यप्रदेश से भी जुड़ी हैं।

**मप्र से जुड़ी हैं स्वामी जी की जीवन यात्रा की जड़ें: डॉ. मोहन**

**मप्र से जुड़ी हैं स्वामी जी की जीवन यात्रा की जड़ें: सीएम**



कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम डॉ. मोहन यादव।

### का बना नया रिकार्ड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महंत स्वामी महाराज के 92 वें जन्मजयंती महोत्सव में 15 हजार 666 बच्चों को एक साथ स्वामी जी की ओर से रचित 'सत्संग दीक्षा' ग्रंथ के 315 श्लोकों का पाठ किए जाने को एक उपलब्धि बताया। इस गतिविधि का नया गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड भी बना है। मुख्यमंत्री और गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल ने महंत स्वामी महाराज से जनकल्याण के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामीजी ने दोनों मुख्यमंत्रियों का पुष्पमाला से अभिनंदन किया। कार्यक्रम में गुणातितानंद स्वामी की अद्भुत महिमा एवं जीवन पर केंद्रित नाटक का मंचन किया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव के वडोदरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचने पर गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल ने आत्मीय स्वागत किया।

## वडोदरा एक नगर नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वडोदरा एक नगर नहीं बल्कि उस सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है, जहां भक्ति के साथ सेवा की सुदीर्घ परम्परा है। इस धरती से गुरू के उस संदेश का प्रसार हो रहा है, जो भगवान स्वामी नारायण से लेकर पूज्य महंत स्वामीजी के जीवन में अभिव्यक्त होता है। अमृत बरसाने वाली यह धारा निरंतर प्रवाहित रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत वृंद ईश्वर के रूप में विराजमान रहते हैं। उनकी सामूहिक उपस्थिति बगिया में अनेक पुष्पों के एक साथ खिलने की तरह होती है। अपनी शिक्षाओं से वे बच्चों को आलोकित करते हैं। निश्चित ही यह बच्चे भारतीय संस्कृति को जीवंत करने का कार्य करेंगे। दीक्षित हो रहे बच्चे भी वंदन अभिनंदन के पात्र हैं।


कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाएं।

## गुजरात में गिर राष्ट्रीय उद्यान में प्रबंधन सराहनीय: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात के गिर राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण कर उत्कृष्ट प्रबंधन, वन संरक्षण की प्रतिबद्धता और सुव्यवस्थित पर्यटन व्यवस्था को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि पर्यटन और वन संपदा की दृष्टि से मप्र में भी इस क्षेत्र में कार्यों की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। यहां प्राप्त अनुभवों और बेहतर व्यवस्थाओं का अध्ययन कर मप्र के वन क्षेत्रों और पर्यटन स्थलों को अधिक समृद्ध, आकर्षक और विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में भी पर्यटन की दृष्टि से वन पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। टाइगर प्रबंधन के लिए वन विभाग के अमले में बढ़ोतरी की गई है। गिर राष्ट्रीय उद्यान के भ्रमण के दौरान वन पर्यटन व्यवस्थाओं को देखने का अवसर मिला। गुजरात में वन विकास के क्षेत्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गुजरात में मुख्यमंत्री-काल से आज तक उच्च स्तर पर विकास हुआ है। आशा है, मप्र में भी इससे दिशा प्राप्त कर बेहतर प्रबंधन किए जाएंगे।

# दस दिन में करना पड़ेगी 2 लाख 27 हजार लॉजिकल डिस्पेंसी वाले वोटर्स की सुनवाई

**सवा दो लाख मतदाताओं की बढ़ी परेशानी, सही नाम का पेश करना पड़ेगा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में मैपिंग कराने के बाद ड्राफ्ट रोल में नाम शामिल कर लिए गए हैं, लेकिन अचानक से आयोग ने जिले में लॉजिकल डिस्पेंसी के नाम पर सात लाख से अधिक मतदाताओं के नाम, उम्र, पिता, पति के नाम में गड़बड़ी का खुलासा किया है। जिसके बाद जिला निर्वाचन कार्यालय ने 2 लाख 27 हजार 129 मतदाताओं को नोटिस जारी कर दिए हैं। इन मतदाताओं को गड़बड़ी को ठीक कराने के लिए दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे, ऐसा नहीं करने पर वोटर लिस्ट से नाम काट दिया जाएगा।

आयोग के हिसाब से 14 फरवरी तक सुनवाई और नए फार्म के निराकरण का काम पूरा किया जाना है। ऐसे में नए 91 एईआरओ को रोजाना करीब ढाई सौ मतदाताओं की सुनवाई करना पड़ेगी। जिसके बाद ही 14 फरवरी तक इतने अधिक मतदाताओं की लॉजिकल डिस्पेंसी को खत्म किया जा सकेगा। इधर जिन मतदाताओं के नाम में गड़बड़ी को लेकर नोटिस जारी किए गए हैं, उनका कहना है कि गणना पत्रक भरने के दौरान ही दस्तावेज लेकर इस गड़बड़ी को ठीक किया जाना चाहिए था।

ड्राफ्ट रोल के बाद नोटिस देकर दस्तावेज मांगना सही नहीं है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि नौ मैपिंग के साथ लॉजिकल डिस्पेंसी वाले मतदाताओं की सुनवाई की जा रही है।

### गोविंदपुरा, नरेला में सबसे ज्यादा गड़बड़ी

लॉजिकल डिस्पेंसी वाले मतदाताओं में सबसे ज्यादा तादाद गोविंदपुरा में 82 हजार 486 और नरेला में 69 हजार 797 मतदाता शामिल हैं। जबकि हुजूर में 52 हजार 423, मध्य 46 हजार 669, बैरसिया में 35 हजार 677, उत्तर 40 946 और दक्षिण पश्चिम में 18 हजार 656 मतदाता हैं। इस संख्या में नो मैपिंग वाले मतदाता भी शामिल हैं। अब तक नौ मैपिंग और लॉजिकल डिस्पेंसी वाले एक लाख 19 हजार 525 मतदाताओं की सुनवाई पूरी कर ली गई है।

### नए नाम, आपत्ति और संशोधन भी

नौ मैपिंग और लॉजिकल डिस्पेंसी वाले मतदाताओं की सुनवाई के साथ एसडीएम स्तर पर आपत्तियों का निराकरण, नए नाम जोड़ना और नाम, पता और विधानसभा बदलवाने वाले मतदाताओं के फार्म का निराकरण भी करना पड़ेगा। जिसके बाद 21 फरवरी को एसआईआर की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी।




### खरी-खरी कह कर फिर विवादों में आ गए कैलाश

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय खरी-खरी कहने के लिए जाने जाते हैं। वे एक बार फिर बच्चों के आचरण और शिक्षा को लेकर दिए एक बयान के कारण फिर फंस गए। उन्होंने कह दिया कि यदि कोई पीडब्ल्यूडी मंत्री है और ठेकेदार परिवार को खरीदारी कराने लगे, तो बच्चों से चरित्रवान होने की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि बच्चे अपना अधिकांश समय घर पर बिताते हैं, माता-पिता का आचरण ही उनके चरित्र निर्माण की नींव रखता है। यदि घर का व्यवहार ही अनुचित होगा तो कोई भी शिक्षा नीति प्रभावी नहीं हो सकती। उनके बयान को मौजूदा पीडब्ल्यूडी मंत्री से जोड़ दिया गया। कहा गया कि उन्होंने अपनी ही सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। विपक्ष ने भ्रष्टाचार को लेकर सरकार पर हमला बोल दिया। उन्हें सफाई देना पड़ गई। उन्होंने कहा कि मेरी बात को ऐसे प्रस्तुत किया गया, मानो वह किसी व्यक्ति विशेष या विभाग विशेष पर टिप्पणी कर रहे हों। जबकि वे तो बच्चों की परवरिश और नैतिक मूल्यों पर अपनी बात रख रहे थे।

### आलाकमान के सामने प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व एक्सपोज

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिल्ली में बुलाई गई प्रदेश के नेताओं की बैठक सुर्खियों में है। प्रदेश नेतृत्व आलाकमान के सामने एक बार फिर एक्सपोज हो गया है। विधानसभा चुनाव के दो साल से ज्यादा गुजर जाने के बावजूद प्रदेश कांग्रेस अतंर्कलह से उबर नहीं पाई है। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी तक को प्रदेश में अनुशासनहीनता का मुद्दा उठाना पड़ गया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी मान लिया कि प्रदेश के नेता एकजुट नहीं हैं। लिहाजा, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठे और वे खरगे-राहुल के सामने असफल प्रदेश अध्यक्ष साबित हो गए। प्रदेश में संगठन की मजबूती को लेकर बैठक बुलाई गई थी, इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष द्वय अरुण यादव और कांतिलाल भूरिया जैसे वरिष्ठ नेताओं को भी बुलाया जाना था, लेकिन इन्हें पूछा ही नहीं गया।

### कौन होगा प्रदेश भाजपा का नया संगठन महामंत्री?

हितानंद की प्रदेश भाजपा से विदाई के बाद राजनीतिक हलकों में यह सवाल तेजी से तैरने लगा है कि अब उनका स्थान कौन लेगा? इस दायित्व के लिए कई नाम चर्चा में भी आ गए हैं। इनमें विद्या भारती के संगठन मंत्री निखलेश माहेश्वरी, भारत भारती के अनिल अग्रवाल, मध्य प्रांत के प्रचारक विमल गुप्ता और मालवा प्रांत के प्रचारक राजमोहन सिंह के नाम शामिल हैं। हितानंद के कार्यकाल के दौरान भाजपा ने अच्छी सफलता हासिल की। इससे हितानंद की संगठन क्षमता और पार्टी में पकड़ का पता चलता है। तो दूसरी तरफ उनके व्यवहार को लेकर भाजपा के अंदर से ही कई बार आवाजें भी उठीं। अंततः उन्हें संघ में वापस लेकर मध्य क्षेत्र का सह बौद्धिक प्रमुख बना दिया गया।

### प्रदेश में 65 वर्ष होगी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु!

प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 62 से बढ़ा कर 65 वर्ष करने की अटकलें एक बार फिर शुरू हो गई हैं। फिलहाल प्राध्यापकों और डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति आयु ही 65 वर्ष है। केंद्रीय कर्मचारी अब भी 60 साल में रिटायर होते हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा चुनाव से पहले 2018 में यह आयु 62 वर्ष की थी। भाजपा ने 2023 के अपने चुनावी संकल्प पत्र में सेवानिवृत्ति आयु में एकरूपता लाने की बात कही थी। इस आधार पर प्राध्यापकों, डॉक्टरों की तरह सभी सरकारी कर्मचारियों को भी 65 साल में रिटायर करने की दिशा में काम शुरू हो गया है। विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव सरकारी कर्मचारियों को यह तोहफा दे सकते हैं।

### तो क्या करेंगे दूसरे समाज के श्रद्धालु?

पिछले कुछ सालों से समाज के अंदर जो घटित हो रहा है, वैसा कभी देखने को नहीं मिला। इससे भारतीय समाज लगातार बंट रहा है। उज्जैन के महाकाल मंदिर में गैर हिंदुओं का प्रवेश प्रतिबंधित करने की मांग भी इसी दिशा में एक प्रयास है। शाहरुख खान, नुसरत भरूचा, सारा अली खान और सलमान खान जैसे सेलिब्रिटी सहित अनेक श्रद्धालु महाकाल मंदिर सहित कई धार्मिक स्थानों में जाते हैं। यदि ऐसे धार्मिक स्थलों में गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित हो जाएगा तो दूसरे समाजों, वर्गों के ये श्रद्धालु क्या करेंगे? महाकाल मंदिर के मुख्य पुजारी, हिंदू महासभा के साथ अब महामंडलेश्वर शैलेशानंद महाराज जूना अखाड़ा ने भी मांग उठाई है कि जिस तरह मक्का-मदीना में हिंदुओं का प्रवेश प्रतिबंधित है, उसी तर्ज पर भारतीय मंदिरों में भी गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर पाबंदी लगनी चाहिए। इस पर राजनीति भी शुरू हो गई है।

- दिनेश निगम 'त्यागी'

## 20 जिलों में कार्यकारिणी पर काम पूरा जल्द होगा ऐलान, प्रवास पर निकले पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के साथ हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस संगठन हरकत में आ गया है। जिला कार्यकारिणी गठन को लेकर मिले सख्त निदेशों का असर साफ दिखने लगा है।

प्रदेश कांग्रेस ने जहां छिंदवाड़ा, सागर और मऊगंज जिलों की कार्यकारिणी घोषित कर दी है, वहीं 20 जिलों की कार्यकारिणी को लेकर होमवर्क पूरा कर लिया है। इन सभी जिलों में जम्बो कार्यकारिणी बनाई जाएगी और अगले तीन-चार दिनों में औपचारिक ऐलान होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, जिन 20 जिलों में कार्यकारिणी तैयार है, उनमें मालवा, बुंदेलखंड, ग्वालियर-चंबल और भोपाल संभाग के प्रमुख जिले शामिल हैं। पार्टी का फोकस क्षेत्रीय संतुलन, गुटबाजी को साधने और आगामी चुनावी चुनौतियों को ध्यान में रखकर संगठन को मजबूत करने पर है। इसलिए पटवारी इन दोनों विंध्य और चंबल के साथ-साथ मालवा के दौरे पर है।

## रंगोली बनाकर किया केंद्रीय बजट-2026 का स्वागत




**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने केंद्रीय बजट-2026 में नारी शक्ति के लिए किए गए व्यापक, दूरदर्शी एवं सशक्त प्रावधानों को लेकर सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में रंगोली बनाकर स्वागत कर आभार व्यक्त किया। बजट में महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और नारी सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने पर महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश कार्यालय में रंगोली बनाकर खुशी व्यक्त की गई।

## किसान कल्याण वर्ष-2026-समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की है थीम

**किसानों की आय बढ़ाना ही सरकार का मूल ध्येय, कृषि वर्ष आयोजन के लिए सरकार ने तय की रूपरेखा**

# कृषि उत्पादों का मजबूत विपणन तंत्र बनाया जाएगा, खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा: सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों की आय में हर तरीके से वृद्धि करना ही हमारा मूल लक्ष्य है और यह उनकी फसल का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने से ही संभव है। मप्र के एक करोड़ से अधिक किसानों के हित में 'समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश' के समावेशी मॉडल, थीम पर वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। इस दौरान कृषि उत्पादों का मजबूत विपणन तंत्र स्थापित किया जाएगा। खाद्य प्रसंस्करण को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान कल्याण वर्ष-2026 के आयोजन की रूपरेखा के संबंध में हुई बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को उच्च उत्पादकता वाली फसल किस्मों, कृषि स्टार्टअप, कृषि आधारित रोजगार श्रृंखला को बढ़ावा, जिला-आधारित क्लस्टर्स का विकास को प्रोत्साहन देना प्रमुख लक्ष्य हैं।



### भोपाल में होगा 'आम महोत्सव'

किसान कल्याण वर्ष आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के संबंध में हुई इस बैठक में बताया गया कि आगामी मई माह में भोपाल में आम महोत्सव आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में आम उत्पादकों, व्यापारियों, निर्यातकों और विशेषज्ञों की सहभागिता होगी। आम की खेती से संबंधित नई तकनीक पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### कृषि कैबिनेट की शुरूआत निमाड़ अंचल से

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों का कल्याण हमारे लिए एक मिशन है। इनके समग्रहित में इसके लिए कृषि वर्ष के दौरान प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कृषि कैबिनेट भी की जाएगी। कृषि कैबिनेट की शुरूआत निमाड़ अंचल से की जाएगी। किसान हित के सभी जरूरी निर्णय फील्ड में होने वाली कृषि कैबिनेट में ही लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि खेती-किसानी से पर्यावरण में भी व्यापक सुधार आता है।

### सितंबर में बालाघाट में होगा 'सिंघाड़ा एवं मखाना महोत्सव'

*किसान कल्याण वर्ष में सितम्बर के संभवतः पहले सप्ताह में बालाघाट जिले में 'सिंघाड़ा एवं मखाना महोत्सव' आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में सिंघाड़ा उत्पादकों, व्यापारियों, निर्यातकों एवं फसल विशेषज्ञों की ओर से सहभागिता की जाएगी। क्षेत्रीय किसानों को सिंघाड़े और मखाने की खेती से जोड़ने के लिए महोत्सव में किसानों के बीच इनकी खेती से मिलने वाले लाभों से जुड़ी जानकारियों का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा।*

***नवंबर में नरसिंहपुर में होगा 'गन्ना महोत्सव'***

*कृषि वर्ष में नवम्बर के संभवतः पहले सप्ताह में ही नरसिंहपुर जिले में राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन सह गन्ना महोत्सव आयोजित किया जाएगा।*

## पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने संभाला पदभार बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने की बात कही

# बदमाशों को किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी, अपराधियों में पुलिस का डर बनाए रखना जरूरी, ट्रैफिक शहर का महत्वपूर्ण मुद्दा

**मप्र कैडर के वर्ष 2004 बैच के आईपीएस संजय कुमार प्रदेश के कई जिलों में दे चुके हैं बतौर पुलिस अधीक्षक अपनी सेवाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने सोमवार सुबह पूर्व पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र से चार्ज लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद वह अधिकारियों से मिले। अधिकारियों से औपचारिक भेंट के बाद कमिश्नर संजय कुमार ने प्रेस से चर्चा की और बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने की बात कही। मध्य प्रदेश कैडर के वर्ष 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी संजय कुमार ने प्रेस से चर्चा के दौरान कहा कि वे बालाघाट जोन में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ थे।

आईपीएस संजय कुमार प्रदेश के कई जिलों में बतौर पुलिस अधीक्षक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। संजय कुमार बालाघाट को नक्सल मुक्त करने के लिए जवानों के साथ जंगलों में जाकर निर्णायक लड़ाई की। संजय कुमार करीब 12 साल पहले भोपाल में एसपी पुलिस मुख्यालय के पद पर भी रह चुके हैं। उनके अनुभव और कार्यशैली से भोपाल पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम को मजबूती मिलेगी।

*अफसरों से मिलने के बाद नए पुलिस आयुक्त ने की प्रेस से चर्चा*

*संजय कुमार की कार्यशैली से भोपाल पुलिस को मिलेगी मजबूती*

### मेरा फोकस टीम वर्क और बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था पर रहेगा



प्रेस से चर्चा के दौरान संजय कुमार ने अपनी प्राथमिकताओं और कार्य योजना को स्पष्ट करते हुए कहा की मेरा फोकस टीम वर्क और बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था पर रहेगा। इसके लिए बीट सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाएंगे, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और फील्ड स्तर पर पुलिस की मौजूदगी मजबूत हो। कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता में रखते हुए पुलिसिंग के सभी पहलुओं पर गंभीरता से काम करते हुए पहले से लागू व्यवस्थाओं की समीक्षा कर उन्हें और बेहतर तरीके से लागू किया जाएगा।

### साइबर क्राइम सबसे बड़ी चुनौती, जरूरत पर सुधार करेंगे



बदमाशों को किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी। सभी अपराधिक प्रकरणों में आरोपियो के खिलाफ सख्त और त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराधियों में पुलिस का डर बनाए रखना जरूरी है, ताकि कानून व्यवस्था कायम रह सके। भोपाल जैसे शहर के लिए ट्रैफिक सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक है। इसे प्राथमिकता पर लिया जाएगा। साथ ही साइबर क्राइम बड़ी चुनौती है। इस पर भी काम करने की जरूरत है। पुरानी ट्रैफिक पॉलिसी को प्रभावी ढंग से लागू करने के साथ ही जरूरत पड़ने पर उसमें सुधार किये जायेगें, ताकि शहरवासियों को राहत मिल सके। इसके साथ ही महिला सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### निर्माणाधीन भवन में नेट नहीं लगाने पर किया स्पॉट फाइन



**भोपाल।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने वार्ड-67 के भावना नगर में निर्माणाधीन भवन में ग्रीन नेट न लगाने पर संबंधित भवन स्वामी से दो हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया। इसके अलावा वार्ड नंबर- 56, 57, 60, 61, 62, 63, 64 व 66 में सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने, कचरा अलग-अलग न करने, प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग करने वालों के विरूद्ध कार्यवाई करते हुए 46 प्रकरणों में 12 हजार 400 रुपए वसूल किए।

### आरकेएमपी पर बना स्काईवॉक शुरू नहीं हुआ यात्री हो रहे परेशान



**भोपाल।** शहर के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और मेट्रो स्टेशन के बीच की दूरी को कम करने के लिए बना स्काईवॉक बंद है। इसके कारण यात्रियों को काफी दूर पैदल चलना पड रहा है। करीब 70 मीटर लंबा यह स्काईवॉक पूरी तरह बनकर तैयार है, लेकिन आवाजाही के लिए यह बंद है। मेट्रो प्रशासन का तर्क है कि रेलवे का कुछ काम चलने के कारण आवाजाही के लिए नहीं खोला गया है, जल्द ही इसे खोला जाएगा।

---

## कलेक्टर गाइडलाइन को लेकर काम तेज, बाजार रेट से हो रहा मिलान

# सिर्फ रेरा से अप्रूव वाली 35 नई कॉलोनियां जुड़ेंगी, 238 अवैध कॉलोनियों के नाम हटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहली बार कलेक्टर गाइडलाइन में प्रॉपर्टी के रेट तय करने के लिए कॉलोनियों का वैध और अवैध प्रकार देखा जा रहा है। इस बार सौ से अधिक कॉलोनियों की लोकेशन जोड़ने का प्रस्ताव सामने आया था, लेकिन सिर्फ रेरा अप्रूव वाली 35 नई कॉलोनियों को शामिल किया जा रहा है। जबकि पहले से दर्ज 238 अवैध कॉलोनियों के नाम गाइडलाइन से हटाए जाएंगे। इन लोकेशन पर कॉलोनी के नाम हटाकर उनकी जगह गांव और जगह का नाम दर्ज किया जाएगा।

प्रॉपर्टी के दाम तय करने के लिए काम शुरू कर दिया गया है। जिसको लेकर सब-रजिस्ट्रार, आरआई, पटवारी और तहसीलदारों को लगाया गया है। पहली बार अवैध कॉलोनियों पर सख्ती को लेकर वैध कॉलोनियों को गाइडलाइन में शामिल किया जा रहा है, जिन्हें रेरा ने परमिशन दी है। जिसमें 29 कॉलोनियां नगर निगम और 6 कॉलोनियां निगम सीमा से बाहर स्थित हैं।

प्रॉपर्टी के रेट तय करने 100 से अधिक कॉलोनियों का आया था प्रस्ताव

हटाने वाली लोकेशन की जगह दर्ज होंगे गांव और जगह के नाम

### इन कॉलोनियों के पहली बार नाम होंगे शामिल



नई गाइडलाइन में गैलेक्सी होम्स, खदिजा टॉवर, आराध्यम प्राइम, पारस ट्रिनिटी पार्क, सागर विस्टा, सिंगापुर इम्पीरियल, एसएन कृष्णा, अनाड़ी अनंता एवेन्यू फेज-1, प्रधान अवंती, अभिनव श्रीपुरम, अमर वाटिका, पारस इंपीरियर, प्रधानमंत्री आवास अरहेड़ी, आदर्श अभिनव परिसर, श्रीजी स्टेट, फोर्टलेजा फेस-1 सहित अन्य कॉलोनियां शामिल हैं।

### अयोध्या बायपास, बैरसिया रोड, इंदौर रोड बने प्रॉपर्टी हब

राजधानी में एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की गाइडलाइन को लेकर काम जारी है। रजिस्ट्री की तादाद को देखते हुए पंजीयन विभाग ने इस बार भी प्रॉपर्टी के रेट बढ़ाने की तैयारी कर ली है। जिसके तहत शहर में अयोध्या बाइपास, बैरसिया रोड, इंदौर रोड पर लगातार हायर रेट में रजिस्ट्रियां की जा रही हैं। इन क्षेत्रों में कई प्रोजेक्ट, कॉलोनियों काटी गईं हैं। जिससे इन जगहों को मौजूदा कलेक्टर गाइडलाइन के प्रस्ताव में शामिल किया है। उप जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में इस प्रस्ताव को रखा जाएगा। वर्तमान में 1580 लोकेशन पर अच्छी दरों पर रजिस्ट्री हुईं हैं, जिसमें से लोकेशनों को छांटा गया है।

### लांबाखेड़ा से बैरसिया तक आया बूम

पिछले एक साल में हुई रजिस्ट्रियों की पड़ताल में पता चला कि भोपाल इंदौर रोड पर अच्छी रजिस्ट्री हो रही हैं। अयोध्या बायपास रोड पर सिक्स लेन की घोषणा हुई है, इससे इस क्षेत्र में काफी खरीद फरोख्त बढ़ी है। बैरसिया रोड के लांबाखेड़ा से बैरसिया तक प्रॉपर्टी में अच्छा बूम देखने को मिला है। यहां मौजूदा गाइडलाइन की दर से कहीं ज्यादा पर सौदे हो रहे हैं। वहीं नीलबढ़ में काफी ग्रोथ देखने को मिली है, शहर में हाल में बनी नई सर्विस रोड से बावड़ियाकलां, बागसेवनिया, कटारा, कोलार में भी नए प्रॉजेक्ट और प्लॉटों की रजिस्ट्री हुईं है, इससे इन क्षेत्रों में रजिस्ट्री की संख्या बढ़ गई है।

### शेड्यूल के हिसाब से लेट हुआ प्रॉपर्टी गाइडलाइन का काम

एक अप्रैल से लागू होने वाली नई कलेक्टर गाइडलाइन बनाने का काम देरी से चल रहा है। दरअसल, शेड्यूल के हिसाब से 15 फरवरी तक प्रस्ताव बनाकर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजा जाना था, लेकिन अब तक उपजिला मूल्यांकन समिति ने ही प्रस्ताव तैयार नहीं किया है। ऐसे में आम लोगों से लिए जाने वाले दावे-आपत्तियों के लिए कम समय दिया जाएगा।

गाइडलाइन का प्रस्ताव उप जिला मूल्यांकन समिति को संपदा साफ्टवेयर से तैयार कर 15 जनवरी को जिला मूल्यांकन समिति को भेजा जाना था। जिसको लेकर समिति द्वारा 30 जनवरी तक लोगों के सुझावों को प्राप्त कर सुनवाई की जानी थी। लेकिन तीन महीने का समय बीत गया और न ही प्रस्ताव तैयार हुआ है और न ही लोगों को इसकी जानकारी दी गई है। ऐसे में 15 फरवरी तक के लिए बनाई गई कलेक्टर गाइडलाइन में अफसरों ने 18 प्रतिशत तक औसत वृद्धि प्रस्तावित कर दी थी, जिसका विरोध हुआ था।

---

## नाबालिग को प्रेम जाल में फंसाया था

# 11वीं की छात्रा से दुष्कर्म, अश्लील वीडियों से ब्लैकमेलिंग, आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट में वकीलों ने पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र में 11वीं कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। शाहपुरा के एक स्कूल की नाबालिग छात्रा को आरोपी ने प्रेम जाल में फंसाया था। इसके बाद उससे दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। आरोपी उसे ब्लैकमेल कर रहा था। जानकारी पर हिंदू संगठन थाने पहुंचे और हंगामा किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया । वहां वकीलों ने आरोपी के साथ जमकर मारपीट की।

टीआई कृष्ण गोपाल शुक्ला ने बताया कि आरोपी ओसाफ छात्रा की सहेली से मिलने स्कूल आता था। इसी दौरान उसकी पहचान पीड़िता से हो गई। दोनों साथ घूमने लगे। आरोपी ने पीड़िता को घुमाने के बहाने खानूगांव सुनसान इलाके में लेकर पहुंचा। वहां उसने छात्रा से कार में दुष्कर्म किया। छात्रा ने विरोध किया तो वह कहने लगा कि जल्द ही शादी कर लेंगे। इस दौरान आरोपी ने छात्रा का अश्लील वीडियो भी बना लिया था।

### एक लाख की डिमांड कर ब्लैकमेल किया

छात्रा का अश्लील वीडियो होने के कारण आरोपी ओसाफ उसे वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। वीडियो वायरल न करने की एवज में उसने छात्रा से 1 लाख रु. की मांग भी की। बदनामी के डर से घबराई छात्रा ने किसी तरह 40 हजार रुपए का इंतजाम कर आरोपी को दे दिए थे। छात्रा का कहना है कि पैसे लेने के बाद भी आरोपी की ब्लैकमेलिंग कम नहीं हुई।

## बीयू ने जारी किया कर्मचारियों के 7वें वेतनमान के एरियर का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) प्रशासन ने सोमवार को कर्मचारियों को 7वें वेतनमान के एरियर के भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर दी है। प्रशासन के अनुसार विवि के कर्मचारियों को कुल करीब 28 लाख रूपए का भुगतान किया जा रहा है। कर्मचारियों का यह एरियर पिछले वर्षों के बीच के बकाया वेतन से संबंधित बताया गया है। लंबे समय से बीयू कर्मचारी 7वें वेतनमान के एरियर का लाभ नहीं मिलने से परेशान थे, जिसके कारण उन्होंने काम बंद कर हड़ताल तक की थी।

---

## पहले माह ही सीएम हेल्पलाइन में पानी से सबंधित 530 शिकायतें

स्ट्रीट डॉग की शिकायतें दिसंबर में थीं 347, जनवरी में हुईं 395

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद राजधानी भोपाल में नए साल के पहले माह में पानी से संबंधित 530 शिकायतें सीएम हेल्पलाइन में दर्ज हुईं। जबकि आमतौर पर इनकी संख्या 200 के आसपास रहती थी।

पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों पर नजर डालें तो नल कनेक्शन और पानी की लाइनें व सीवेज लाइनें एक साथ होने व दूषित पानी संबंधित 90% शिकायतों का निराकरण कर दिया गया। इसी तरह स्ट्रीट डॉग को लेकर भी जनवरी में 395 शिकायतें दर्ज हुईं। नगर निगम का जल कार्य अमला और डॉग स्क्वॉड अमले तक कार्रवाई के लिए सीधी पहुंच रही शिकायतों का निराकरण करने में मैदानी अमला जुटा हुआ है, लेकिन निगम प्रशासन को इस तरह की शिकायतें भी मिल रही थीं कि शिकायत का निराकरण किए बिना ही उसे विलोपित किया जा रहा है। इससे समस्या जस की तस रह जाती है। इसे लेकर निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि उन्होंने निर्देशित किया है सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निराकरण स्थल निरीक्षण कर किया जाए और निराकरण के बाद टीप भी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें, तभी शिकायत विलोपित की जाएंगी, अन्यथा संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।





## सांस लेने में थी परेशानी, अवरोध हटते ही हुई ठीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### एम्स ने पहली बार की दो जटिल फेफड़ों का इलाज



एम्स लगातार उन्नत तकनीकों को अपनाते हुए मरीजों को बेहतर और सुलभ उपचार प्रदान कर रहा है। इसी के तहत सोमवार को पल्मोनरी मेडिसिन विभाग ने पहली बार दो जटिल और उन्नत फेफड़ा उपचार किए हैं। इन प्रक्रियाओं को पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के डॉ. अभिनव चौबे और डॉ. अल्केश खुराना द्वारा संपन्न किया गया। पहले मामले में एक मरीज दुर्लभ फेफड़ा रोग से पीड़ित था, जिसमें फेफड़ों की वायु थैलियों में गाढ़ा पदार्थ भर जाने के कारण सांस लेने में अत्यधिक परेशानी हो रही थी। चिकित्सकों ने होल लंग लैवेज नामक विशेष प्रक्रिया के माध्यम से फेफड़ों की सावधानीपूर्वक सफाई की। उपचार के बाद मरीज की सांस लेने की क्षमता और ऑक्सीजन स्तर में स्पष्ट सुधार देखा गया। इस प्रक्रिया में एनेस्थीसिया और सीटीवीएस विभाग की टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

इसी तरह एक अन्य गंभीर मामले में, कैंसर के एक मरीज के मुख्य वायुमार्ग में पूर्ण अवरोध था, जिससे एक फेफड़े ने काम करना बंद कर दिया था। चिकित्सकों की टीम ने ब्रोंकोस्कोपिक डिबल्किंग द्वारा ट्यूमर को हटाया और इसके बाद श्वसन मार्ग को खोलने के लिए वाई-आकार का विशेष मेटल स्टेंट डाला। इस उपचार से मरीज को सांस लेने में राहत मिली और फेफड़ा दोबारा काम करने लगा।

---

## निखिल होम्स के बंद रास्ते को खुलवाने के साथ रुचि लाइफ परिसर में दो अवैध पिलर ढहाए

# हमीदिया रोड पर पक्के निर्माण पर चली जेसीबी, अमले ने नए शहर के बाजारों से भी हटाए कब्जे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम की शहरभर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। सोमवार को निगम अमले ने जिला प्रशासन की कार्रवाई में सहयोग करते हुए जेके अस्पताल रोड क्षेत्र के पास अवैध रूप से बनी दीवार, फेसिंग को हटाने के अलावा निखिल होम्स के बंद रास्ते को खुलवाने, रूचि लइफ परिसर में दो अवैध पिलर व हमीदिया रोड क्षेत्र में एक पक्का कमरा तोड़ने की कार्रवाई की।

निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते के दलों ने पुराने शहर के मंगलवारा, आजाद मार्केट, जुमेराती गेट, इतवारा, बुधवारा, मोती मस्जिद, पीरगेट चौराहा, जामा मस्जिद, सिंधी मार्केट आदि क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए दुकानों के बाहर रखा सामान, ठेले, गुमठी, पान पार्लर, काउंटर, स्टूल, टेबिल, बोर्ड, कुर्सी आदि को हटाया और 3 ट्रक विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया।

निगम के अमले ने गुमठी, ठेले, टेबिल कुर्सी समेत तीन ट्रक सामान किया जब्त

कोलार से सूरज नगर, नीलबड़, बावड़िया कलां समेत अनेक इलाकों में कार्रवाई

### निगम के अमले ने इन इलाकों में भी हटाए अवैध कब्जे



हमीदिया रोड पर मकान को ढहाने की कार्रवाई करती निगम की जेसीबी।

निगम अमले ने कोलार तिराहा, सूरज नगर, नीलबड़, कोटरा सुल्तानाबाद, वल्लभ भवन, बावड़िया कलां, जाटखेड़ी, होशंगाबाद रोड निखिल होम्स, कलखेड़ा, 11 मील बायपास, एमपी नगर जोन-एक, जेके रोड स्वर्णजयंती पार्क, प्रभात चौराहा, परिक्रमा पार्क, अशोका गार्डन, परिहार चौराहा, ऐशबाग, जहांगीराबाद, रविन्द्र भवन, हमीदिया अस्पताल, काला दरवाजा, हमीदिया रोड, भोपाल टाकीज, रॉयल मार्केट, इमामी गेट, बैरागढ़ चंचल चौराहा, बैरागढ़ पंजाब नेशनल बैंक, भौंरी आकाश गार्डन, करोंद रसुल्ली, करोंद विश्वकर्मा नगर, पीपल चौक, करोंद चौराहा, छोला रोड धर्मकांटा आदि क्षेत्रों में कार्रवाई की।

## इंदौर सिटी प्लानर का भोपाल तबादला, ग्राम निवेश में जेडी बने, सिटी प्लानर का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा

इंदौर नगर निगम में पदस्थ सिटी प्लॉनर नीरज आनंद लिखार का तबादला भोपाल किया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इंदौर की प्रतिनियुक्ति से सेवाएं वापस लेते हुए संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय में पदस्थ करने के आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा उन्हें नगर निगम भोपाल के सिटी प्लॉनर का अतिरिक्ति प्रभार भी सौंपा है। नीरज आनंद लिखार इससे पहले करीब दो साल तक भोपाल नगर निगम में नगर निवेशक के पद पर कार्य कर चुके हैं। उनका तबादला 19 फरवरी 2024 को इंदौर किया गया था। उनका मूल पद मुख्य नगर निवेशक का है।

### फर्जी जाति प्रमाण पत्र से नौकरी पाने के संबंध में मिला है हाई कोर्ट से स्टे

फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी पाने के संबंध में हाईकोर्ट ने इंदौर नगर निगम में सिटी प्लानर का चार्ज वापस ले लिया था। वर्तमान में स्टे पर काम चल रहा है। शासन ने डिमोशन करते हुए नगर निगम भोपाल में सिटी प्लानर के पद पर पदस्थ कर दिया है। भोपाल नगर निगम में अनूप गोयल के जाने के बाद से सिटी प्लानर का पद करीब दो-तीन महीने से खाली था और कार्यपालन यंत्री एनके डेहरिया सिटी प्लानर का अतिरिक्त कामकाज देख रहे थे।

## खबर संक्षेप

### जेके सीमेंट का ग्रे सीमेंट प्लांट का शुभारंभ

**बिहार।** जेके सीमेंट लिमिटेड ने आज बिहार के बक्सर में अपने अत्याधुनिक ग्रे सीमेंट प्लांट के शुभारंभ की घोषणा की। यह कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस नए प्लांट के जुड़ने से जेके सीमेंट की कुल उत्पादन क्षमता बढ़कर 31.26 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) हो गई है और कंपनी ने 30 एमटीपीए का आंकड़ा पार कर लिया है। इस विस्तार के साथ जेके सीमेंट अब भारत की शीर्ष पांच ग्रे सीमेंट उत्पादक कंपनियों में शामिल हो गई है।

### एशियन पेंट्स व्हेयर द हार्ट इज वापसी

**नई दिल्ली।** एशियन पेंट्स लोकप्रिय होम डेकॉर और स्टोरीटेलिंग सीरीज, 'एशियन पेंट्स व्हेयर द हार्ट इज' के 9वें सीजन के साथ वापसी कर रही है। इस सीजन में भारत की मशहूर हस्तियों के पांच घरों को दिखाया जाएगा, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा-ज़हीर इकबाल, गौतम गंभीर, कीर्ति सुरेश-एंटनी थट्टिल, अर्चना पूरन सिंह-परमीत सेठी, और अमन व प्रिया गुप्ता शामिल हैं। एशियन पेंट्स के एमडी और सीईओ अमित सिंगल ने कहाकि एशियन पेंट्स व्हेयर द हार्ट इज के नौवें सीजन के साथ, हमें उस यात्रा को जारी रखने पर गर्व है।

### आदित्य बिरला लाइफ का अ-निश्चित इंडेक्स 2.0

**नई दिल्ली।** आदित्य बिरला सन लाइफ इंश्योरेंस का अ-निश्चित इंडेक्स 2.0 दर्ज हुआ। सागर का अ-निश्चित इंडेक्स 77 दर्ज किया गया, जो राष्ट्रीय और क्षेत्रीय औसत से थोड़ा कम है और यह दर्शाता है कि यहां के निवासियों में अपेक्षाकृत अधिक निश्चिंतता है। हालांकि शहर की अनिश्चितता का स्वरूप वैश्विक, स्वास्थ्य और सामाजिक चिंताओं के विशिष्ट मिश्रण से बना है। प्रमुख चिंताओं में यह आशंका शामिल है कि वैश्विक युद्ध या अंतरराष्ट्रीय संघर्ष देश की अर्थव्यवस्था और महंगाई को प्रभावित कर सकते हैं।

### सैमसंग ने पेश किया गैलेक्सी ए07 5जी

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने फरवरी के पहले सप्ताह में अपना नया स्मार्टफोन गैलेक्सी ए07 5जी लांच करने जा रहा है। ए-सीरीज का यह नया फोन खास तौर पर भारत की डिजिटल पीढ़ी के लिए बनाया गया है। यह उन यूजर्स के लिए बेस्ट है जो किफायती दाम में ऑनलाइन एंटरटेनमेंट, सोशल मीडिया स्टोरीटेलिंग और पूरे दिन चलने वाली बैटरी चाहते हैं। गैलेक्सी ए07 5जी में 'आइकॉनिक ट्रैक कैमरा डेको' के साथ हाई-रिजॉल्यूशन ड्यूल कैमरा सेटअप है।

### गोदरेज ग्रुप ने उठाया सार्थक कदम

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के अप्लायंसेज बिजनेस ने 'टेस्टेड फॉर हैंडलूम्स' पहल के जरिए भारत की सदियों पुरानी हथकरघा विरासत को फिर से जीवित करने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाया है। हैंडलूम-फ्रेंडली फ्रंट-लोड वॉशिंग मशीन तकनीक के साथ, ब्रांड हथकरघा कपड़ों की देखभाल को आसान बना रहा है, गोदरेज ने एआई संचालित एडवांस फ्रंट लोड वाशिंग मशीन्स का भारत के विभिन्न हिस्सों के 25 प्रकार के हथकरघा कपड़ों पर सफल परीक्षण किया है जिनमें बनारसी सिल्क से लेकर पोचंपल्ली इकत और जामदानी तक शामिल हैं।

### परिवेश रचनात्मक नामों में शामिल

**ग्वालियर।** समृद्ध सांस्कृतिक और संगीत परंपरा में पले-बढ़े फिल्ममेकर परिवेश सिंह शहर के उन उभरते रचनात्मक नामों में शामिल हैं, जो विरासत और आधुनिक कहानी कहने की शैली के बीच एक सशक्त सेतु बना रहे हैं। एक प्रतिष्ठित संगीत परिवार में जन्मे परिवेश सिंह के जीवन में कला और सुरों की गूंज बचपन से रही है। रचनात्मक सफर की शुरुआत उन्होंने रंगमंच से की। एक मुलाकात जैसे चर्चित नाट्य प्रस्तुतियों के लिए संगीत रचना कर उन्होंने सराहना हासिल की।

---

विशेषज्ञता के जरिए व्यापक देखभाल के लिए एक मज़बूत भरोसा कायम किया

# कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल इंदौर के सफल संचालन के तीन साल पूरे, मजबूत भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर ने आज अपनी सेवा के तीन साल पूरे किए। इन तीन सालों में इस अस्पताल ने नैतिक और मरीज़-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अपनी अग्रणी पहचान को और मजबूत किया है। अपने 'फुल-टाइम स्पेशलिस्ट सिस्टम' के साथ, इस अस्पताल ने अलग-अलग विशेषज्ञताओं में अपनी मल्टी-डिसिप्लिनरी विशेषज्ञता के ज़रिए व्यापक देखभाल के लिए एक मज़बूत भरोसा कायम किया है।

पिछले तीन सालों में, अस्पताल ने अपनी सुविधाओं को और बेहतर बनाया है। यहां मिनिमली इन्वेसिव सीएबीजी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट और किडनी ट्रांसप्लांट जैसी आधुनिक इलाज की तकनीकें शुरू की गई हैं, जिन्हें लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया और भरोसा मिला है। जल्द ही अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा भी शुरू होने वाली है। यह अस्पताल मध्य प्रदेश का पहला ऐसा अस्पताल है, जहाँ प्रोस्टेट के इलाज के लिए यूरो-लिफ्ट टेक्नोलॉजी, हर्निया की सर्जरी के लिए ई-टीईपी टेक्निक और डबल बलून एन्टेरोस्कोपी जैसी उन्नत और हाई-एंड प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं।

#### कई शहरों में अपनी ओपीडी सेवाएं शुरू की

मध्य प्रदेश के अन्य हिस्सों में रहने वाले मरीजों तक उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल इंदौर ने कई शहरों में अपनी ओपीडी सेवाएं शुरू की हैं। इनमें देवास, उज्जैन, धार, खंडवा, महू, गुना, मंदसौर, रतलाम, ग्वालियर, सोनकच्छ और झांसी जैसे शहर शामिल हैं। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर ने कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, न्यूरोसाइंसेस, ऑर्थोपेडिक्स, रीनल साइंसेस और ट्रांसप्लांट के अपने 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' को और अधिक मज़बूत और विस्तृत किया है। अस्पताल ने मध्य प्रदेश और पड़ोसी राज्यों के मरीजो के जटिल और उच्च जोखिम वाले मामलों का सफलतापूर्वक इलाज किया है।

#### अब तक 1,00,000 से अधिक लोगों के जीवन को छुआ

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल इंदौर ने अब तक 1,00,000 से अधिक लोगों के जीवन को छुआ है। अस्पताल ने कई सामुदायिक आउटरीच ओपीडी कार्यक्रमों और मेडिकल कैंपों का आयोजन किया है, जिनका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और इनके जरिए दूर-दराज़ के पिछड़े इलाकों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गई हैं। पिछले तीन वर्षों में, इन अभियानों की मदद से 55,000 से अधिक मरीजों तक पहुंच बनाई गई है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल के एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर और ग्रुप सीईओ डॉ. संतोष शेट्टी ने कहाकि लोगों ने हम पर जो भरोसा जताया है, उसी की वजह से हम अपनी सेवाओं को और बेहतर बनाने और ज़्यादा से ज़्यादा लोगों तक पहुँचने के लिए उत्साहित हैं। जबकि वाइस प्रेसिडेंट सुनील मेहता ने कहाकि हमारी तीन साल की यह यात्रा इंदौर और आसपास के इलाकों के लोगों को इलाज की बेहतरीन सुविधा देने के लिए रही है। हमारे ट्रांसप्लांट प्रोग्राम और समाज के लिए किए गए कामों को जो अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।

---

मंडियों में अभी भी बंपर आवक, लेकिन भाव 1400 से 1550 रुपए क्विंटल के मिल रहे

# मक्का पिछले साल से 1 हजार रुपए तक नीचे, कम भाव मिलने से किसान बेहाल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मक्का उत्पादक किसानों के लिए 2025 का साल निराशाजनक रहा है। मंडियों में मक्के के दाम पिछले साल की तुलना में 850 -1000 प्रति क्विंटल तक नीचे गिर गए हैं। सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,400 प्रति क्विंटल के मुकाबले मध्यप्रदेश की मंडियों किसानों को 1400 से 1550 रुपए क्विंटल के दाम मिल रहे है। बाजार जानकार और मक्का कारोबारी मनीष मरेले ने बताया कि लीकर फैक्ट्रियों द्वारा नगद में 1550 रुपए और उधारी में1700 रुपए का भाव अच्छे माल का दिया जा रहा है। व्यापारी मनीष के अनुसार मक्का



मनीष मरेले



उत्पादक किसान बेहाल है। बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश की मंडियों में मौजूदा समय में मक्का की बंपर आवक है लेकिन भाव कम होने से किसानों को उत्पादन लागत से भी कम दाम पर बेचने को मजबूर होना पड़ा रहा है। बाजार जानकार और मक्का कारोबारियों ने व्यापारी फसल में अधिक नमी होने का हवाला देकर किसानों से कम दाम पर माल खरीद रहे हैं। एथनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम के बावजूद घरेलू मक्का की मांग में कमी और अमेरिका से सस्ते मक्के के आयात की संभावना ने कीमतों पर दबाव डाला है। मध्य प्रदेश और कर्नाटक जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में समय पर सरकारी खरीद केंद्र न खुलने से बिचौलियों ने फायदा उठाया है। उन्होंने ने केंद्र सरकार हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहाकि सरकार मक्का का घरेलू उत्पादन बढ़ाने का जहां हर संभव प्रयास कर रही है तो किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) भाव मिले इसके लिए भी हर संभव प्रयास करना चाहिए। कारोबारी बताते है कि बेशक सरकार प्रत्येक साल एथनॉल की कीमतों का निर्धारण करती है ,लेकिन एथनॉल निर्माताओं के लिए किसानों से एमएसपी पर मक्का खरीदना अनिवार्य वे प्रचलित बाजार मूल्य पर ही इसकी खरीद करते हैं।

---

38 कंपनियों ने स्टूडेंट्स को 175 ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षु अवधि के ऑफर दिए

# आईएसबी पीजीपी वाईएल के पहले बैच को 100 फीसदी प्लेसमेंट मिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) में समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट पूरे हो चुके हैं। संस्थान के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट फॉर यंग लीडर्स (पीजीपी वाईएल) के पहले बैच (2025-27) को 100 प्रतिशत प्लेसमेंट मिला है। कंसल्टिंग, बैंकिंग एवं फाईनेंस, एफएमसीजी, टेक्नोलॉजी, बड़े समूहों, निर्माण एवं अन्य सेक्टरों में 38 कंपनियों ने स्टूडेंट्स को 175 ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षु अवधि के ऑफर दिए। केवल 11 महीने के औसत कार्यानुभव के साथ प्रोग्राम में प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स को 3.2 लाख रुपये का औसत वेतन मिला। मिलने वाला सबसे अधिक वेतन 7.3 लाख रुपये का था। इससे प्रदर्शित होता है कि अपने करियर की शुरुआत कर रहे प्रोफेशनल्स को श्रेष्ठ ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षु अवधि के साथ जिम्मेदार भूमिकाएं सौंपी गईं। अगर ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षु अवधि के लिए मिले सेक्टरवार ऑफर पर नजर डालें, तो नियोक्ताओं की विस्तृत प्रतिभागिता प्रदर्शित होती है। 47 प्रतिशत ऑफर कंसल्टिंग के क्षेत्र में मिले। 19 प्रतिशत ऑफर वित्त के क्षेत्र में और इन्वेस्टमेंट एडवाईज़री के लिए थे। एफएमसीजी ने 11 प्रतिशत, टेक्नोलॉजी ने 10 प्रतिशत, तथा बड़े समूहों ने 7 प्रतिशत ऑफर दिए। 6 प्रतिशत ऑफर ऑपरेशंस, उभरती हुई टेक्नोलॉजी और निर्माण, कंज़्यूमर सर्विसेज़ तथा नॉन-प्रॉफिट ऑर्गेनाईज़ेशंस के सामाजिक प्रभाव के क्षेत्र में मिले। विद्यार्थियों को बिज़नेस/स्ट्रेटेजी कंसल्टिंग, बिज़नेस स्ट्रेटेजी, जनरल मैनेजमेंट, ब्रांड मार्केटिंग, प्रोडक्ट मैनेजमेंट, प्रोग्राम मैनेजमेंट और ट्रांसफॉर्मेशन, जनरल फाइनेंस, इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी, सेल्स मैनेजमेंट और ऑपरेशंस में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षु अवधि का अवसर मिला। प्लेटफॉर्म फॉर इनोवेशन एंड वेंचर ओरिएंटेड थिंकिंग (पाईवट) डिजाईन थिंकिंग, एडवांस्ड बिजनेस स्ट्रेट्जीज, इनोवेटिव टेक्नोलॉजी की मदद से स्टूडेंट्स की लर्निंग को मजबूत बनाता है, तथा उन्हें प्रमाणित बिजनेस मॉडल एवं कारगर समाधानों का विकास करने में समर्थ बनाता है।

---

# सराफा बाजार में उथल-पुथल, गिरावट की बाद संभले चांदी-सोने के भाव



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सराफा बाजार के लिए सोमवार का दिन काफी उथल-पुथल भरा रहा। सुबह के समय बाजार में जो 'फ्लैश क्रैश' (अचानक बड़ी गिरावट) हुआ तो दोपहर होते-होते उसमें सुधार के संकेत दिखने लगे हैं। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि कीमतों में आई यह कमी कोई स्थाई बदलाव नहीं, बल्कि जरूरत से ज्यादा बढ़े हुए बाजार को संतुलित करने की एक प्रक्रिया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर अप्रैल की डिलीवरी वाला सोना जो सुबह काफी नीचे चला गया था, अब धीरे-धीरे वापसी कर रहा है और अपने निचले स्तर से काफी ऊपर आ गया है। फिलहाल यह करीब 1,46,221 रुपए के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, फरवरी की डिलीवरी वाले गोल्ड कॉन्ट्रैक्ट्स ने तो अपनी सारी गिरावट को पीछे छोड़ दिया है और अब मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। निवेशकों के लिए राहत की बात यह है कि जो चांदी ईटीएफ सुबह 20 प्रतिशत के निचले सर्किट पर थे, उनमें अब करीब 10 प्रतिशत तक का सुधार देखा गया है। हालांकि अभी भी ज्यादातर ईटीएफ अपनी पुरानी कीमतों के मुकाबले घाटे में ही चल रहे हैं, लेकिन बाजार का रुख सकारात्मक होता दिख रहा है।

#### सोने-चांदी की चमक और बढ़ेगी

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि भले ही इस समय बाजार में अस्थिरता दिख रही हो, लेकिन भविष्य में सोने और चांदी की चमक और बढ़ेगी। इसके पीछे मुख्य वजहें दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों द्वारा की जा रही भारी खरीदारी, चांदी की कम होती सप्लाई और वैश्विक स्तर पर चल रहे तनाव हैं।

---

जबलपुर हाईकोर्ट में दायर की ई-टोकन प्रणाली के विरुद्ध याचिका

# मप्र कृषि आदान विक्रेता संघ के 25 हजार व्यापारी ई-टोकन प्रणाली के विरोध में

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में कृषि आदान विक्रेता संघ और बड़ी संख्या में निजी खाद विक्रेता राज्य सरकार द्वारा जनवरी 2026 में लागू की गई ई-टोकन या ई-विकास प्रणाली का मध्यप्रदेश के 25 हजार व्यापारी विरोध कर रहे हैं। इस प्रणाली के तहत किसानों को उर्वरक (खाद) लेने के लिए अब केवल ऑनलाइन टोकन (मोबाइल या कियोस्क के माध्यम से) की अनिवार्यता कर दी गई है, जिसका व्यापारी कड़ा विरोध कर रहे हैं। इसी को लेकर मध्य प्रदेश में कृषि आदान विक्रेता संघ ने जबलपुर हाईकोर्ट में ई-टोकन के विरुद्ध याचिका दायर की है।

संगठन के अध्यक्ष मानसिंह राजपूत ने प्रदेश में जबरन थोपी गई की टोकन प्रणाली के विरोध स्वरूप जबलपुर हाईकोर्ट में एक रिट याचिका 22 जनवरी 2026 को दायर कर दी गई है। आरोप है कि यह नई व्यवस्था जटिल है, जिससे किसानों और व्यापारियों दोनों को असुविधा हो रही है। बिना ई-टोकन के खाद बेचने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। कृषि आदान विक्रेता संघ भोपाल के प्रदेश सचिव संजय कुमार रघुवंशी ने मध्यप्रदेश शासन से अपील की है कि संगठन के सदस्यों को छूट दी जाए। उन्होंने कहाकि जो हमारे संगठन का सदस्य नहीं है वह निजी व्यापारी हो या सोसाइटी उन्हें इस ई-टोकन के दायरे में रखा जाए, प्रदेश संगठन कोई आपत्ति नहीं है।

प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह ने कहाकि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा खाद की कालाबाजारी रोकने और भीड़ कम करने के लिए, 2026 की शुरुआत में 'ई-विकास'



फाइल फोटो

(वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली लागू की गई है। लेकिन जब 70/ 30 का रेशो तय है तो व्यापारियों पर ई-टोकन प्रणाली की बाद्धता लागू करना उचित नहीं है। उन्होंने कहाकि सोसायटियों में 70 फीसदी खाद उपलब्ध कराने के साथ एक्ट्रा छूट दिया जा रहा है लेकिन व्यापारियों को उपलब्ध 30 फीसदी खाद पर कोई एक्ट्रा छूट नहीं दिया जा रहा है, उपर से ई-टोकन प्रणाली की अनिवार्यता थोपी गई है जो न्यायोचित नहीं हैं। कृषि आदान विक्रेताओं की समस्याओं और ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी डिजिटल व्यवस्था को लागू करने की चुनौतियों को दर्शाता है।

---

# राधारमण ग्रुप में प्रोफेशनल नेटवर्किंग और कॅरियर ग्रोथ पर सेमिनार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज़, रातीबड़, भोपाल में विद्यार्थियों को करियर के नए अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से प्रोफेशनल नेटवर्किंग और कॅरियर ग्रोथ विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आरआईटीएस सेमिनार हॉल में संपन्न हुआ। सेमिनार में हॉराइजन कंसल्टेंसी के संस्थापक एवं निदेशक श्रीधर पटवर्धन तथा सह-संस्थापक विनीत अग्रवाल मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आज के समय में डिग्री के साथ-साथ इंडस्ट्री से जुड़ाव, सही नेटवर्क और संवाद कौशल भी करियर के लिए जरूरी हैं।

### एसबीआई लाइफ ने दर्ज किया 31,326 करोड़ रुपए का नया बिजनेस प्रीमियम

**मुंबई।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त अवधि के दौरान 31,326 करोड़ का नया बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया, जो 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त इसी अवधि में 26,256 करोड़ था।

नियमित प्रीमियम में 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त अवधि की तुलना में 15 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। गौरतलब है कि एसबीआई लाइफ का सुरक्षा संबंधी नया बिज़नेस प्रीमियम 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त अवधि के दौरान 22फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 3,411 करोड़ रुपए रहा।

---

सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसो. को सीमेंट सेक्टर में तेजी की उम्मीद

बजट भारत की आर्थिक रफ्तार को दिखाता है

# केंद्रीय बजट करता है इंफ्रास्ट्रक्चर से होने वाली वृद्धि को मजबूत, आत्मनिर्भरता होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



डॉ. राघवपत सिंघानिया



पार्थ जिंदल

सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत किया है। यह देश के विकास के लिए लोगों की उम्मीदों को मजबूत करने और सबको साथ लेकर चलते हुए लोगों की उम्मीदों को संतुलित करने के लिए है। यह बजट भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत और आत्मनिर्भरता के विज़न से प्रेरित है। बजट पिछले 12 सालों में भारत की स्थिर आर्थिक रफ्तार को दिखाता है, जिसकी पहचान वित्तीय अनुशासन, लगातार वृद्धि और मध्यम मुद्रास्फीती है, और यह सीमेंट जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े सेक्टर्स के लिए मजबूत मांग दिखाता है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर पर ज़ोर दिया गया है, जिसमें सार्वजनिक पूंजी व्यय वित्त वर्ष 2025-26 में 11.2 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में 12.2 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर को आर्थिक वृद्धि का मुख्य सहारा माना गया है, जिससे भारतीय सीमेंट उद्योग के लिए अच्छी संभावनाएं बन रही हैं और सीमेंट सेक्टर की दीर्घकाल में विजिबिलिटी बेहतर हो रही है। 5 लाख से ज्यादा आबादी वाले टियर 2 और टियर 3 शहरों पर जोर और पांच सालों में हर सीईआर के लिए 5,000 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ सिटी इकोनॉमिक रीजन (सीईआर) बनाने से आवास, परिवहन और शहरी सेवाओं में निर्माण गतिविधि में तेज़ी आनी चाहिए, जिससे सीमेंट की खपत को बड़े पैमाने पर सपोर्ट मिलेगा। संगठन के प्रेसिडेंट पार्थ जिंदल ने कहाकि विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता, शहरी विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर आधुनिकिकरण पर लगातार जोर देने के लिए केंद्रीय 2026-27 की प्रशंसा करता है, जिसे जीएसटी सरलीकरण, लेबर कोड, क्वालिटी कंट्रोल रैशनलाइजेशन और राज्यों के साथ कोऑर्डिनेटेड डीरेगुलेशन जैसे 350 से ज्यादा सुधारों का सहयोग मिला है। ये सुधार, आत्मनिर्भरता के तहत युवा शक्ति और स्वदेशी विनिर्माण क्षमता पर बजट के फोकस के साथ, सीमेंट जैसे कैपिटल इंटेंसिव सेक्टर्स के लिए निवेश का माहौल मजबूत करेंगे। केन्द्रीय बजट 2026-27 दिखाता है कि सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर पर आधारित विकास पर फोकस कर रही है, जो भारत की वृद्धि रणनीति का एक ढांचागत स्तंभ बनकर उभर रहा है। सीएमए के वाइस प्रेसिडेंट, डॉ. राघवपत सिंघानिया ने कहाकि सरकार का लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर पर ज़ोर रोज़गार, क्षेत्रीय विकास और मज़बूत स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला को सपोर्ट करता है। सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर अलग-अलग इलाकों में इकोनॉमिक एंकर का काम करते हैं, जो कंस्ट्रक्शन, लॉजिस्टिक्स और उससे जुड़े सेक्टर में रोज़गार पैदा करते हैं। बजट का फोकस समावेशी वृद्धि, निष्पादन और सिस्टम लेवल इनेबलर्स पर है, जो ज़िम्मेदार और कुशल विस्तार के लिए एक सहयोगात्मक माहौल बनाते है।

---

### इंडिया एनर्जी वीक में उद्योगपतियों ने गैस में संतुलित ऊर्जा परिवर्तन को आवश्यक बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया एनर्जी वीक 2026 में उद्योग के विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि भारत का ऊर्जा परिवर्तन अलग-थलग प्रौद्योगिकियों के बजाय सभी क्षेत्रों और नीति भागीदारों के बीच समंवित कार्रवाई से परिभाषित होगा। परिचर्चा से यह बात रेखांकित हुई कि भारत के ऊर्जा परिदृश्य में विश्वसनीयता और किफायतीपन उतना ही महत्वपूर्ण है जितना उत्सर्जन में कमी लाना। प्राकृतिक गैस और एलएनजी को व्यवहारिक परिवर्तन वाले ईंधन के तौर पर स्थापित किया जा रहा है जो अक्षय ऊर्जा की पूरक बनते हुए औद्योगिक वृद्धि और स्वच्छ परिवहन में सहायक है।


केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय-1, भोपाल ब्लाक नं. 3, पाँचवीं मंजिल, जेल रोड, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणधारी को निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज राशि एवं सहित नोटिस प्राप्ति के 60 दिन की समयावधि के भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था।
ऋणी निर्धारित समय सीमा मे ऋण का भुगतान करने मे असफल रहा है। अतः ऋणी/जमानतदार एव सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम (8 एवं 9) के अंतर्गत नीचे वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है।
ऋणग्रहीता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **केनरा बैंक की संबंधित शाखा** के अधीन होगा।
ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी /बंधककर्ता/ जमानतदारों का नाम | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक | बकाया राशि | कब्जा की गई संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| **केनरा बैंक, नर्मदापुरम शाखा, नर्मदापुरम** | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ताः **श्रीमती अनीता दोहरे पत्नि श्री मुकेश दोहरे** सहऋणी- **श्री मुकेश दोहरे पुत्र सुकुम लाल दोहरे** | 19.11.2025 / 29.01.2026 | ₹ 2,83,840.79/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | रिहायशी मकान स्थित प्लाट सर्वे नंबर 97/189, वार्ड नंबर 5 बाबई पीसी नं. 24/50, सेटलमेंट क्रमांक 01215 तहसील बाबई जिला- नर्मदापुरम म.प्र. 461661 क्षेत्रफल 595 वर्गफिट चर्तुसीमाएँः पूर्व- सुकुम लाल का घर, पश्चिम- सुरेंद्र मालवीय का घर, उत्तर-लेन, दक्षिण-राजू मालवीय का घर |
| **केनरा बैंक, रायसेन रोड शाखा, भोपाल** | | | |
| ऋणीः **श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री प्रताप नारायण सिंह** जमानतदारः **श्री उमंग गंगराड़े पुत्र श्री नारायण गंगराड़े** | 17.11.2025 / 29.01.2026 | ₹ 10,20,711.03/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट नं. एस-सी, द्वितीय तल, श्रीराम सपना ब्लॉक 2 प्लॉट नं. एच-10, ग्राम दामखेड़ा, वीरान, कोलार रोड, खसरा क्रमांक 18/1/2/2/1 (नया खसरा क्रमांक 81) कुल क्षेत्रफल 800.00 वर्गफीट। चर्तुसीमाएँः पूर्वः फ्लैट नं. एस-बी, पश्चिमः फ्लैट नं. एच-9, उत्तरः रोड, दक्षिणः फ्लैट नं. एस-डी |

स्थान-भोपाल, दिनांक : 03.02.2026 — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## चिंतन

# संसद की गरिमा बनाए रखना सबका दायित्व

लोकसभा में कांग्रेस सांसद एवं नेता विपक्ष राहुल गांधी के हालिया भाषण के दौरान हुआ हंगामा केवल एक राजनीतिक टकराव नहीं था, बल्कि इसने संसद की गरिमा, नियमों की मर्यादा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों को फिर से केंद्र में ला खड़ा किया। नेता प्रतिपक्ष द्वारा पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की कथित अप्रकाशित पुस्तक 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के हवाले से चीन की घुसपैठ का जिक्र किए जाने पर सत्ता पक्ष ने कड़ा विरोध जताया, जिसके बाद सदन में व्यवस्था बाधित हुई। संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है। यहां सत्ता और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है कि वे न केवल अपनी बात मजबूती से रखें, बल्कि स्थापित नियमों, गरिमा और परंपराओं का भी पालन करें। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा अत्यंत संवेदनशील होती है। ऐसे में किसी अप्रकाशित पुस्तक या लीक अंशों के आधार पर बयान देना स्वाभाविक रूप से सवाल खड़े करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह का यह कहना कि अप्रकाशित सामग्री का हवाला देना सदन के नियमों के खिलाफ है, प्रक्रियात्मक दृष्टि से उचित माना जा सकता है। वहीं, दूसरी ओर, विपक्ष का तर्क भी पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। यदि किसी प्रतिष्ठित पूर्व सैन्य अधिकारी के कथित अनुभवों के आधार पर सरकार की नीतियों और निर्णयों पर सवाल उठाए जा रहे हैं, तो उन सवालों को सुनना भी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। अखिलेश यादव का यह कहना कि चीन से जुड़ा मामला देश की सुरक्षा से संबंधित है और उस पर चर्चा होनी चाहिए, विपक्षी दृष्टिकोण को दर्शाता है। असल समस्या यहां "स्रोत की प्रमाणिकता" बनाम "मुद्दे की गंभीरता" की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बार-बार नियमों का हवाला देते हुए राहुल को संयम बरतने की सलाह दी। नेता प्रतिपक्ष होने के नाते राहुल गांधी की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे जो भी तथ्य सदन में रखें, वे निर्विवाद और आधिकारिक हों। प्रियंका गांधी के उदाहरण का उल्लेख कर स्पीकर ने स्पष्ट संकेत दिया कि तथ्य यदि प्रमाणिक हों, तो उन्हें रखने में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। चीन की घुसपैठ, रेजांग ला, रेचिन ला की घटनाएं और 2020 के तनावपूर्ण हालात देश पहले ही देख चुका है। ऐसे में यदि कोई बयान सेना और सरकार के बीच संवाद को लेकर संदेह पैदा करता है, तो उसका प्रभाव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक और रणनीतिक भी हो सकता है। इसी कारण सत्ता पक्ष का यह आग्रह कि ऐसी बातों को सार्वजनिक मंच पर कहने से पहले पूरी तरह सत्यापित किया जाए, समझ में आता है। अग्निवीर योजना को लेकर नरवणे के कथित विचारों का जिक्र भी विवाद का एक अहम बिंदु रहा, लेकिन फिर वही सवाल कि क्या ऐसे दावे आधिकारिक रूप से उपलब्ध हैं, या केवल लीक अंशों और लेखों पर आधारित हैं? संसद में बहस भावनाओं से नहीं, तथ्यों से चलनी चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम से एक बात साफ है संसद की गरिमा बनाए रखना केवल स्पीकर या सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि विपक्ष की भी उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है। लोकतंत्र में सरकार से सवाल पूछना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन उसके साथ मर्यादा और नियमों का पालन अनिवार्य है। अंततः, संसद का उद्देश्य हंगामा नहीं, समाधान है। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर राजनीति से ऊपर उठकर गंभीर, तथ्यपरक और जिम्मेदार चर्चा की आवश्यकता है। तभी संसद अपनी गरिमा बनाए रख सकेगी और लोकतंत्र की नींव मजबूत होगी।

# वेनेजुएला-भारत संबंध नई ऊंचाई पर



चर्चा
अखिलेश आर्यन्दु

नरेन्द्र मोदी द्वारा वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से टेलीफोन पर हुई बातचीत चर्चा का विषय बन गई है। जाहिर तौर पर इस वार्ता के बाद सहमतियों को देखते हुए, यह माना जाने लगा है कि इसका परोक्ष असर भारत का रूस पर तेल निर्भरता कम होने के रूप में हो सकता है। यह भी माना जा रहा है कि इससे अमेरिका से व्यापारिक दबाव कम करने और ग्लोबल साउथ में भारत की रणनीतिक स्थिति मजबूत करने में भारत को सहूलियत होगी। वहीं, इस वार्ता के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने वाशिंगटन डीसी से एअर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अब भारत ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा।

विश्व के बदलते परिदृश्य के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से टेलीफोन पर हुई बातचीत चर्चा का विषय बन गई है। इसकी अधिक चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि अमेरिका द्वारा वहां के पूर्व राष्ट्रपति को बंधक बनाकर अमेरिकी जेल में डालने (और दुनिया के तमाम देशों द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप की इस दबंगई की निंदा) के बाद यह माना जा रहा था कि शायद ट्रंप का अगला कदम ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हो सकता है। अभी तक भारत इंतजार करो और देखो की नीति (भूमिका) अपनाए हुए था। ऐसे में अचानक वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति से विस्तार से वार्ता पर अमेरिका सहित दुनिया के तमाम देशों की निगाहें टिकी हैं। चर्चा यह भी हो रही है कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका को इस वार्ता के जरिए अपना रुख साफ कर दिया है। गौरतलब है कि इस टेलीफोन वार्ता ने वैश्विक ऊर्जा राजनीति में हलचल पैदा कर दी है।

वार्ता मुख्यतः तेल और उसकी धार पर आधारित होने की वजह से भारत को तेल निर्यात करने वाले देश इस वार्ता के बाद भारत के अगले कदम की प्रतीक्षा करने लगे हैं। खासकर रूस और अरब देश। यह वार्ता कई मायने में खास मानी जा रही है। जाहिर तौर पर इस वार्ता के बाद सहमतियों को देखते हुए, यह माना जाने लगा है कि इसका परोक्ष असर भारत का रूस पर तेल निर्भरता कम होने के रूप में हो सकता है। यह भी माना जा रहा है कि इससे अमेरिका से व्यापारिक दबाव कम करने और ग्लोबल साउथ में भारत की रणनीतिक स्थिति मजबूत करने में भारत को सहूलियत होगी। वहीं, इस वार्ता के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने वाशिंगटन डीसी से एअर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अब भारत ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। यह भी दावा किया कि अब भारत ने वेनेजुएला से तेल खरीदने का सौदा कर लिया है। गौरतलब है भारत ने 2019 से वेनेजुएला से तेल खरीदना बंद कर दिया था। यह वह दौर था जब अमेरिका ने वेनेजुएला पर बहुत कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे। अमेरिका ने सेकेंडरी सेंक्शंस भी लगा दिए थे, यानी जो भी देश वेनेजुएला से तेल खरीदेगा, उसे अमेरिकी बाजार में व्यापार करने या बैंकिंग सुविधाओं से रोक दिया जाएगा। भारत भी वेनेजुएला से 2019 के पहले अपने तेल आयात का 6 प्रतिशत तेल खरीदता था, लेकिन अमेरिका के जरिए वेनेजुएला पर लगाए प्रतिबंध के बाद उसे अपनी तेल आयात नीति में बदलाव करना पड़ा था। अब फिर दोनों देशों में संशोधित नीति के तरह भारत ने अपनी पुरानी नीति को आगे बढ़ाते हुए 30 जनवरी 2026 को तेल खरीदने पर एक नई सहमति बनी है। वैसे भारत ने 2024 में अमेरिका ने वेनेजुएला पर लगाए प्रतिबंध कुछ ढीले किए तो 2023-24 में पुनः तेल खीदना शुरू किया था, लेकिन यह खरीदारी बहुत मामूली थी। तेल के आयात में लगातार वृद्धि होती रही, जो 2025 में बढ़कर तकरीबन 1.41 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह वह दौर था जब अमेरिका की नज़र वेनेजुएला पर तिरछी नहीं हुई थी। मई 2025 में अमेरिका ने एक बार फिर वेनेजुएला पर सख्ती बढ़ा दी, तब भारत ने वेनेजुएला से तेल का आयात कम कर दिया। भारत की तेल कंपनियां बगैर अमेरिका से अनुमति लिए वेनेजुएला से सीधे तेल नहीं



खरीद सकतीं। इसलिए भारत की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस ने अमेरिका के यूएस स्टेट डिपार्मेंट और यूएस ट्रेजरी डिपार्मेंट से बातचीत करना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि 2025 में रिलायंस ने वेनेजुएला से 63,000 बेरल तेल खरीदा था। मार्च 2025 के बाद अमेरिका ने तेल खरीदने का मिला लाइसेंस रद्द कर दिया और वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले देशों पर भारी-भरकम टैरिफ थोपने की धमकी दी। इसका असर यह हुआ कि मई 2025 के बाद वेनेजुएला से कोई तेल का जहाज भारत के लिए रवाना नहीं हुआ।

अब अप्रत्यक्ष रूप से वेनेजुएला की तेल रिफाइनरियों पर अमेरिका का कब्जा है। ट्रंप अब खुलकर बोलने लगे हैं कि बगैर उसकी अनुमति के कोई भी देश वेनेजुएला से तेल नहीं खरीदेगा। यदि कोई देश वेनेजुएला से तेल खरीदता है तो उसकी रकम अमेरिका ही वसूल करेगा। ट्रंप ने यह भी साफ कर दिया है कि वेनेजुएला की राष्ट्रपति अमेरिका को 3 से 5 करोड़ बैरल तेल सौंपेंगी और उस तेल को अमेरिका दुनिया के बाजार भाव से बेचेगा। यानी तेल की हर बूंद पर अमेरिका अपने कब्जे में लेना चाहता है। सवाल यह है कि क्या भारत-वेनेजुएला की ताजा सहमति (डील) तेल को लेकर बनी है, वह अमेरिकी राष्ट्रपति की सहमति से हुई है? यह सवाल इसलिए वाजिब लग रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति का कहना है कि 5 करोड़ बैरल तेल से हुई आय का इस्तेमाल वेनेजुएला-अमेरिका के लोगों के कल्याण के लिए किया जाएगा। इसी के साथ सवाल यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति कैसे तय करेंगे कि वेनेजुएला के लोगों का कल्याण या जरूरत किस तरह की है? भारत वेनेजुएला से आयातित तेल का पैसा किसे सौंपेगा-वेनेजुएला को, या अमेरिका को? यदि अमेरिका को तेल की रकम भारत सौंपता है तो इसका मतलब वेनेजुएला से तेल के संबंध में मोदी और वेनेजुएला की राष्ट्रपति से बातचीत का कोई मायने समझ में नहीं आता है। इसलिए वेनेजुएला के हालात जब तक सामान्य न हो जाएं, तब तक वेनेजुएला से तेल खरीदना भारत के लिए कितना फायदेमंद रहेगा, इस पर विचार करने की बेहद जरूरत है।

तेल आयात से निकल कर यदि हम वेनेजुएला से हुई बातचीत से निकले निष्कर्ष पर नज़र डालें तो पाएंगे कि दोनों देश के प्रमुखों ने ऊर्जा, कृषि, विज्ञान, प्रोद्यौगिकी, तकनीक, उद्योग, माइनिंग, पर्यटन और आटोमोटिव सेक्टर्स पर विस्तार से चर्चा की। इन्हें 2026 में आगे बढ़ाने पर सहमति भी दिखाई देती है, लेकिन सवाल यह है कि जब तक ट्रंप की कूटनीति साफ नहीं होती और अचानक कुछ भी निर्णय लेने और जबरन भारत या वेनेजुएला पर थोपने का उनका संशय बना रहेगा, तब तक इन सहमतियों पर निर्भीकता के साथ क्या आगे बढ़ना आसान होगा? वेनेजुएला-भारत की हुई सहमतियों को खारिज कर अमेरिका अपनी धमकी वाली नीति लागू कर दे, कौन जानता है? हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीदने पर किस तरह ट्रंप टैरिफ सहित किस तरह की धमकियां भारत को देते रहे हैं। भारत की यह नई पहल मामूली नहीं है, ट्रंप यह क्यों चाहेंगे कि भारत सीधे वेनेजुएला से सभी सरह के व्यापारिक हित साधे और उसे नजरअंदाज करे। क्या भारत को वेनेजुएला से आपसी सामरिक हितों की बात करते हुए यह साफ करने की जरूरत नहीं है कि नई सहमतियों को आगे बढ़ाने में संभावित बाधाओं से कैसे पार पाया जाएगा? क्योंकि अमेरिका अभी तेल सहित तमाम मुद्दों पर भारत के हर कदम को अपने निजी हितों से जोड़कर देखेगा, वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति को अधिकार देने और उक्त पद पर बिठाने की जैसी नीति अमेरिका की अभी तक रही है, वह तेल देखो और तेल की धार देखो के इर्द-गिर्द रही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

सुनील कुमार महला



# मीर तकी मीर : दर्द को गीत बनाने वाला शायर

साहित्यकार, उर्दू साहित्य के महानतम शायर मीर तकी मीर (1723–1810) का 3 फरवरी को जन्मदिन मनाया जाता है। मीर तकी मीर सिर्फ़ ग़ज़ल के शायर नहीं थे, वे अपने समय की टूटी हुई रूह की आवाज़ थे। मीर उर्दू ग़ज़ल को शिखर तक पहुंचाने वाले बड़े कवि थे। पाठकों को बताता चलूं कि उन्हें 'ख़ुदा-ए-सुख़न' यानी कि शायरी का ख़ुदा/ भगवान कहा जाता है। उनकी शायरी में दर्द, मोहब्बत, तन्हाई और मानवीय संवेदना गहराई से झलकती है। उर्दू ही नहीं, फ़ारसी भाषा पर भी उनकी मज़बूत पकड़ थी। मीर को उर्दू के उस प्रचलन के लिए याद किया जाता है जिसमें फ़ारसी और हिन्दुस्तानी के शब्दों का अच्छा मिश्रण और सामंजस्य हो। उपलब्ध जानकारी के अनुसार उनका जन्म आगरा में तथा मृत्यु लखनऊ में हुई।

मीर तक़ी मीर को उर्दू में शेर कहने का प्रोत्साहन अमरोहा के सैयद सआदत अली ने दिया। उनका मूल नाम मोहम्मद तकी था। उनकी प्रमुख कृतियों की यदि हम यहां पर बात करें तो इनमें क्रमशः ज़िक्र-ए-मीर (आत्मकथा), कुल्लीयते-मीर (उर्दू रचनाओं के छह दीवानों का संग्रह), कुल्लीयते-फ़ारसी (फ़ारसी रचनाओं का संग्रह), फ़ैज़-ए-मीर (पांच कहानियों का संग्रह), नुकत-उस-शूरा (फ़ारसी ज़बान में लिखी तत्कालीन उर्दु रचनाकारों की जीवनियां) आदि को शामिल किया जाता है। वैसे, वे 'दर्द के शायर' कहलाते हैं। दरअसल, मीर की ज़िंदगी मुफ़लिसी (गरीबी), अपनों को खोने के गम और दिल्ली की बर्बादी को देखने में गुजरी। यही वजह है कि उनकी शायरी में 'हूक' और 'टीस' महसूस होती है। उन्होंने खुद एक बार यह कहा था-'मुझको शायर न कहो मीर कि साहब मैंने, कितने ग़म जमा किए तो दीवान किया।' कहना ग़लत नहीं होगा कि दिल्ली के उजड़ने, परिवार की मौतों, गरीबी और बेघर होने ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया था। उनकी शायरी दरअसल आत्मकथा की पंक्तियां हैं। उनकी यह पंक्ति देखिए-'पत्थर की भीत क्या करूं, आंसू जो ढल गए।' गौरतलब है कि नादिर शाह और अहमद शाह अब्दाली के हमलों के बाद दिल्ली उजड़ चुकी थी। मीर ने दिल्ली छोड़कर लखनऊ जाना तो स्वीकार किया, लेकिन वे वहां दिल से कभी बस नहीं पाए। मीर की सबसे बड़ी खूबी उनकी भाषा थी। वास्तव में, वे बहुत ही आसान शब्दों में दिल की गहरी बात कह देते थे। इसे तकनीकी भाषा में 'सहल-ए-मुमतन्ना' कहा जाता है-यानी ऐसी चीज़ जो देखने में आसान लगे, पर उसे दोबारा लिखना नामुमकिन हो। महान शायर मिर्जा ग़ालिब भी उनके कायल थे। सच तो यह है कि ग़ालिब ने मीर को अपना उस्ताद माना।



ग़ालिब जैसे आत्मविश्वासी शायर ने कहा-' रेख़्ते के तुम ही उस्ताद नहीं हो ग़ालिब, कहते हैं अगले ज़माने में कोई मीर भी था।' वास्तव में यह मीर की श्रेष्ठता की सबसे बड़ी गवाही है। मोहब्बत की कैफियत को बयां करते हुए उन्होंने कहा था-'इब्तिदा-ए-इश्क़ है रोता है क्या, आगे-आगे देखिए होता है क्या।' 'हस्ती अपनी हबाब की सी है, ये नुमाइश सराब की सी है।','नाज़ुकी उसके लब की क्या कहिए, पंखुड़ी एक गुलाब की सी है।','मीर उन नीम-बाज़ आंखों में, सारी मस्ती शराब की सी है।' उनकी कुछ अमर पंक्तियों में से एक हैं। आत्म स्वीकृति के बारे में एक बार उन्होंने कहा था -'शायर मुझमें और भी हैं, पर मीर का मुक़ाबला कौन करे।' मीर सिर्फ़ उर्दू ग़ज़ल के शायर ही नहीं, बल्कि अपने समय के टूटे हुए समाज, उजड़ती दिल्ली और बिखरते इंसान की संवेदनाओं के सच्चे दस्तावेज़ हैं।

उनकी शायरी में बनावटी सौंदर्य नजर नहीं आता है। वास्तव में उनकी शायरी जीवन के गहरे ज़ख़्मों से निकली हुई सच्चाई है। अपने जीवन में निजी दुख, मानसिक पीड़ा, गरीबी और उपेक्षा के बावजूद मीर ने उर्दू और फ़ारसी भाषा को आम आदमी के दिल तक पहुंचाया और ग़ज़ल को आत्मा की आवाज़ बना दिया। उनका दर्द रचना है। अन्य शायरों की तरह वे कभी शोर नहीं करते, बल्कि रचनाओं में फुसफुसाते हैं और उनकी वही फुसफुसाहट सदियों बाद भी पाठकों के दिल में उतर जाती है। इसलिए मीर को पढ़ना सिर्फ़ साहित्य का अनुभव नहीं, बल्कि इंसान होने का अनुभव है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है !



संकलित
दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

## अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र



संकलित
प्रेरणा

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहाः मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराजः मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराजः मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहाः तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहाः महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोलेः निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

## विहंगम दृश्य



**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मा सेतु पुल का एक दृश्य, जो गुवाहाटी को उत्तरी गुवाहाटी से जोड़ता है। इस पुल का उद्घाटन 14 फरवरी को होना निर्धारित है।

## आज की पाती

### शादियों में लुप्त होती लोक संस्कृति

शादियों में अकसर जो लोकगीत महिलाओं द्वारा गाए जाते थे, अब यह शादियों में कम ही सुनने को मिलते हैं। यही नहीं कुछ समय पहले तक तो शादी तीन-चार दिन तक चलती थी, सभी रिश्तेदार एक साथ मिल बैठते, इससे रिश्तों की डोर मजबूत होती थी। शादियों में ऐसे लोकगीत महिलाओं द्वारा गाए जाते थे, जिनमें लोक सभ्यता, संस्कृति और इतिहास की खुशबू आती थी। लेकिन अफसोस अब हमारी शादियों पर भी पश्चिमी सभ्यता का रंग चढना शुरू हो गया, इस कारण न तो शादियों में वो पुराने लोकगीत सुनने को मिलते और न ही वो खान-पान। अगर हमें अपनी भावी पीढ़ी को रिश्तों की कद्र करना सिखानी है, तो हमें अपनी लोक संस्कृति की विरासत को संभालकर रखना होगा।

**- मिलींद जोशी**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### उल्लेखनीय बढ़ोतरी



दिल्ली में केंद्र सरकार के सहयोग से चल रही योजनाओं के बजट में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। हम इस बढ़े हुए प्रावधान का अधिकतम लाभ उठाकर हर योजना को तेज गति से जमीन पर उतारेंगे, ताकि दिल्लीवासियों तक पूरा लाभ पहुंचे और विकसित दिल्ली का निर्माण हो पाए।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### स्वास्थ्य सेवा मॉडल



गोवा को वास्तविक स्वास्थ्य सेवा और ईमानदार सरकार की ज़रूरत है जो इसे लागू कर सके। पोंडा टाउन हॉल में, मैंने बताया कि कैसे आम आदमी पार्टी का सिद्ध स्वास्थ्य सेवा मॉडल हर गोवावासी के लिए आशा और गुणवत्तापूर्ण देखभाल ला सकता है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### प्रदेश से सौतेलापन



देश के सबसे बड़े राज्य राजस्थान का बजट भाषण में कोई मेंशन न होना प्रदेश के साथ हो रहे सौतेलेपन की झलक है। कुल मिलाकर डबल इंजन के बावजूद यह बजट राजस्थान के लिए 'ऊंची दुकान फीका पकवान' साबित हुआ है।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### बजट में नहीं समाधान



मोदी सरकार के पास अब सोच की कमी है, आईडिया खत्म हो गए हैं। आम बजट 2026 भारत की कई आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों का एक भी समाधान नहीं देता है।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

### रफाह सीमा क्रॉसिंग सीमित आवागमन के लिए फिर खुली

मिस्र और इजराइल के सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि गाजा की मिस्र से सटी रफाह सीमा क्रॉसिंग सीमित आवाजाही के लिए फिर से खोल दी गई है, जो हमास के साथ संघर्षविराम के आगे बढ़ने की दिशा में एक अहम कदम है। मिस्र के एक अधिकारी ने बताया कि क्रॉसिंग को खोले जाने के पहले दिन 50 फलस्तीनी आ–जा सकेंगे, लेकिन इसके खुलने के पहले घंटे में किसी को भी वहां से गुजरते नहीं देखा गया। मिस्र के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाले लगभग 20,000 फलस्तीनी बच्चे और वयस्क इस सीमा मार्ग से तबाह गाजा से बाहर निकलने की उम्मीद कर रहे हैं। क्षेत्र से बाहर रहने वाले हजारों अन्य फलस्तीनी भी इस सीमा मार्ग से प्रवेश करने और अपने घर लौटने की उम्मीद कर रहे हैं। मिस्र के सरकारी मीडिया और एक इजराइली सुरक्षा अधिकारी ने भी सीमा क्रॉसिंग दोबारा खुलने की पुष्टि की। अधिकारियों ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर 'एसोसिएटेड प्रेस' को यह जानकारी दी। युद्ध से पहले, रफाह गाजा में आने–जाने वाले लोगों के लिए मुख्य मार्ग था। इस क्षेत्र के कुछ अन्य मार्ग भी हैं जो इजराइल के साथ जुड़ते हैं।



## ऑफ बीट

### एआई को लिखने और गिनने में क्यों होती है कठिनाई

एआई छवि जनरेटर क्या उत्पादन कर सकते हैं और हम क्या कर सकते हैं, के बीच एक अजीब असमानता बनी हुई है। उदाहरण के लिए, ये उपकरण अक्सर वस्तुओं की गिनती और सटीक पाठ तैयार करने जैसे सरल दिखने वाले कार्यों के लिए संतोषजनक परिणाम नहीं देते हैं। यदि जनरेटिव एआई रचनात्मक अभिव्यक्ति में इतनी अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंच गया है, तो इसे उन कार्यों के साथ संघर्ष क्यों करना पड़ता है जिन्हें एक प्राथमिक विद्यालय का छात्र भी अच्छे से कर सकता है? अंतर्निहित कारणों की खोज से एआई की जटिल संख्यात्मक प्रकृति और इसकी क्षमताओं की बारीकियों पर प्रकाश डालने में मदद मिलती है। लेखन में एआई की सीमाएँ मनुष्य विभिन्न फ़ॉन्ट और लिखावट में लिखे गए पाठ प्रतीकों (जैसे अक्षर, संख्या और चिन्हों) को आसानी से पहचान सकते हैं। हम विभिन्न संदर्भों में भी पाठ तैयार कर सकते हैं, और समझ सकते हैं कि संदर्भ कैसे अर्थ बदल सकता है। वर्तमान एआई छवि जनरेटर में इस अंतर्निहित समझ का अभाव है। उन्हें इस बात की कोई सच्ची समझ नहीं है कि किसी पाठ प्रतीक का क्या मतलब है। ये जनरेटर बड़ी मात्रा में छवि डेटा पर प्रशिक्षित कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क पर बनाए गए हैं, जिससे वे संबंधों को 'सीखते हैं' और भविष्यवाणियां करते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## एसटीटी में वृद्धि को लेकर बोलीं सीतारमण

# खुदरा निवेशकों के 90% से अधिक सट्टेबाजी वाले सौदों में नुकसान से बचाएंगे

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि हमने केवल वायदा एवं विकल्प व्यापार को ही छुआ है। जिसमें काफी सट्टेबाजी है। मुझे कई लोगों के फोन आए हैं, जो कह रहे हैं कि उनके बच्चे भारी नुकसान उठा रहे हैं और सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। एफएंडओ में एसटीटी की वृद्धि लोगों के इस क्षेत्र में कदम रखने को हतोत्साहित करेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए निवेश को प्राथमिकता दी गई है और राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करने के एक दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता के कारण है और कई केंद्रीय बैंक पीली धातु में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे यह भी पता चलता है कि निवेशकों को किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं है और इसीलिए सोने की खरीदारी में होड़ मची है।

**सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता के कारण**

सार्वजनिक कंपनियों के अधिक विनिवेश को प्रोत्साहित करेंगे



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

### सेबी ने भी सट्टेबाजी रोकने के लिए कदम उठाए

वायदा एवं विकल्प खंड में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में वृद्धि के बारे में वित्त मंत्री ने कहा कि यह सट्टेबाजी वाले वायदा एवं विकल्प कारोबार में कदम रखने वालों को हतोत्साहित करने के लिए है। उन्होंने कहा कि सेबी के अध्ययन के अनुसार, वायदा एवं विकल्प खंड में खुदरा निवेशकों के 90 प्रतिशत से अधिक सौदों में नुकसान होता है। पूंजी बाजार नियामक ने अतीत में इस तरह के लेन-देन को कम करने के लिए कदम भी उठाए हैं। सीतारमण ने कहा कि हमने केवल वायदा एवं विकल्प व्यापार को ही छुआ है। जिसमें काफी सट्टेबाजी है। मुझे कई लोगों के फोन आए हैं, जो कह रहे हैं कि उनके बच्चे भारी नुकसान उठा रहे हैं और सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

### 4.3 प्रतिशत राजकोषीय घाटे से संतुष्ट

सीतारमण ने कहा कि बजट में राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए, अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत रखा गया है, जबकि मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए यह 4.4 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष में सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है, इसलिए मैं 4.3 प्रतिशत के घाटे के लक्ष्य से संतुष्ट हूं।

### आईडीबीआई बैंक का विनिवेश सही दिशा में

वित्त मंत्री ने कहा कि विनिवेश और परिसंपत्ति मौद्रीकरण की गति जारी रहेगी। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के अधिक विनिवेश को प्रोत्साहित करेगी। आईडीबीआई बैंक का रणनीतिक विनिवेश सही दिशा में है और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में हिस्सेदारी की बिक्री की गति गैर-कर राजस्व की दिशा तय करेगी। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में जीएसटी दर में कटौती और आयकर छूट सीमा में वृद्धि के कारण हाल ही में निजी उपभोग में जो वृद्धि हुई है, वह आगे भी जारी रहेगी।

### आईबीसी संशोधन विधेयक बजट सत्र के दूसरे चरण में

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार की 9 मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के दूसरे चरण में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने की योजना है। संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। दिवाला कानून में प्रस्तावित संशोधन समयबद्धता और दक्षता को और बेहतर बनाने में मदद करेंगे। साथ ही भारत की ऋण शोधन व्यवस्था को वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप बनाएंगे।

## खबर संक्षेप

### पुणे पोर्श हादसे में तीन आरोपियों को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के चर्चित पुणे पोर्श कार हादसा मामले में तीन आरोपियों को जमानत दे दी है। इस हादसे में दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। कोर्ट ने इस दौरान अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में माता-पिता की जिम्मेदारी भी तय होती है, क्योंकि वे अपने नाबालिग बच्चों पर सही नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं।



### 4 जगहों पर शिंदे गुट की महिला प्रत्याशी मेयर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने ठाणे, कल्याण-डोंबिवली और उल्हासनगर नगर निगमों में मेयर पद के लिए महिला उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। इन पदों पर कोई आरक्षण नहीं है, फिर भी पार्टी ने महिलाओं पर भरोसा जताया है। एकनाथ शिंदे ने बयान में यह जानकारी दी है।



### बिट्स पिलानी कैंपस में छात्रा ने की आत्महत्या

**गोवा।** दक्षिण गोवा के बिट्स पिलानी कैंपस में एक छात्रा के कथित तौर पर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, 20 वर्षीय छात्रा इंजीनियरिंग की तीसरे वर्ष की छात्रा थी। वह रविवार देर रात अपने हॉस्टल कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी हुई पाई गई। पुलिस को रात 11:00 बजे सूचना मिली।



### जावेद बोले धर्म से नैतिक समाज नहीं बनता

**नई दिल्ली।** गीतकार जावेद अख्तर ने कहा कि मैं धार्मिक लोगों की बहुत इज्जत करता हूं, जो आमतौर पर अच्छे इंसान भी होते हैं। हालांकि, धर्म अपने आप में जरूरी रूप से नैतिक समाज पैदा नहीं करता है। उन्होंने कहा कि अगर सिर्फ धर्म ही नैतिक व्यक्ति बनाता तो मिडिल ईस्ट ज्यादा शांतिपूर्ण हो गया होता।



## लोकसभा नेता प्रतिपक्ष ने की संसदीय नियमों की अनदेखी

# राहुल के 'चीन राग' पर रिजिजू बोले स्पीकर का अपमान हुआ, माफी मांगें

**लोकसभा अध्यक्ष ने कहा- नियमों के तहत ही बोलें**

राहुल गांधी के चीन से जुड़े बयान को लेकर भाजपा ने सदन की मर्यादा तोड़ने और लोकसभा अध्यक्ष का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान लोकसभा में उस वक्त विवाद खड़ा हो गया जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कथित रूप से संसदीय नियमों की अनदेखी की। राहुल गांधी के चीन से जुड़े बयान को लेकर भाजपा ने सदन की मर्यादा तोड़ने और लोकसभा अध्यक्ष का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल गांधी को सदन में नियमों के तहत बोलने की सख्त हिदायत दी। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अगर कोई सदस्य तथ्यों और संसदीय नियमों के दायरे में बात नहीं रखता है, तो उन्हें दूसरे वक्ताओं को अवसर देने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। यह चेतावनी उस वक्त दी गई जब राहुल गांधी ने चीन से जुड़े एक गैर-सूचीबद्ध मुद्दे को उठाने की कोशिश की। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर पूर्व सेना

- कांग्रेस बोली- सरकार सच्चाई सामने आने से डर रही

### कांग्रेस का सरकार पर आरोप

## संसद में नियमों की आड़ में राहुल गांधी की आवाज को दबा रहे

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार ने विपक्ष के नेता को चुप कराने के लिए वरिष्ठतम कैबिनेट मंत्रियों को आगे कर दिया और संसदीय नियमों की मनमानी व्याख्या की। तथाकथित राष्ट्रवादी सरकार अपनी विफलताओं के उजागर होने से इतनी घबराई हुई है कि उसने राहुल गांधी को बोलने से रोकने का प्रयास किया। पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की किताब के प्रकाशन को रोकने की कोशिश भी इसी डर का हिस्सा थी।



#### विपक्ष को खामोश कर रहे

कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने संसदीय प्रक्रिया के नियमों की खुली गलत व्याख्या कर सदन और देश की जनता को यह जानने से वंचित किया कि चीन के साथ हुए संघर्ष में क्या गलतियां हुईं।

#### सांसदों के अधिकार छीने जा रहेः बेनर्जी



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद कल्याण बेनर्जी ने संसद की कार्यप्रणाली और सत्ता पक्ष के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात देखकर ऐसा लगता है मानो संसद के भीतर सांसदों के लिए कुछ भी शेष नहीं बचा है। उनके मुताबिक, जनप्रतिनिधियों से धीरे-धीरे उनके सभी अधिकार छीने जा रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए सही दिशा नहीं है। यह रास्ता ठीक नहीं है देश की जनता इसका जवाब जरूर देगी।

### केंद्रीय मंत्री रिजिजू की दो टूक

## संसद किसी व्यक्ति की जागीर नहीं, नियमों का पालन जरूरी

केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के लिए राहुल गांधी को विपक्ष के नेता के तौर पर बोलने का अवसर दिया गया था। लेकिन शुरुआत से ही उन्होंने नियमों का उल्लंघन किया और एक ऐसी किताब से उद्धरण देने लगे, जिसकी न तो प्रामाणिकता स्पष्ट थी और न ही उसके प्रकाशन की कोई जानकारी दी गई। उन्होंने कहा राहुल गांधी बार-बार सदन के नियमों की अनदेखी करते हैं। यह बेहद शर्मनाक है। उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।



#### बिना सूचीबद्ध मुद्दे उठाए

रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी ने चीन जैसे संवेदनशील मुद्दे को बिना सूचीबद्ध कराए उठाया और नियमों के खिलाफ एक पत्रिका के लेख से उद्धरण देने की कोशिश की।

#### पहली बार ऐसा हुआः जगदंबिका पाल



इस मुद्दे पर भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी सांसद को एक ही बात दोहराने से पांच बार रोका गया। यह सब पूर्व नियोजित लग रहा था। उन्होंने राहुल गांधी के भाषण को शर्मनाक और निंदनीय बताते हुए कहा कि इस मामले में उचित कार्रवाई होनी चाहिए।

## एसआईआर पर चुनाव आयोग से मिलीं ममता

# बोलीं- बंगाल को निशाना बना रहे, आयुक्त अहंकारी और झूठे



आयोग के कार्यालय के बाहर ममता बेनर्जी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने दिल्ली के चुनाव आयोग कार्यालय से बाहर आते ही विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि वह इस पूरे मामले से बहुत दुखी हैं। ममता ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने बंगाल को विशेष रूप से निशाना बनाया है और 58 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए, जबकि उन्हें अपनी बात रखने का मौका नहीं दे रहे। उन्होंने कहा मैं लंबे समय से दिल्ली की राजनीति में शामिल हूं। मैं 4 बार मंत्री और 7 बार सांसद रह चुकी हूं। मैंने कभी ऐसा अहंकारी और झूठ बोलने वाला चुनाव आयुक्त नहीं देखा। मैंने उन्हें कहा कि मैं आपके पद का सम्मान करती हूं क्योंकि किसी भी पद की स्थायित्व नहीं होती। एक दिन आपको जाना होगा।

### 58 लाख लोगों के नाम सूची से हटाए

ममता बेनर्जी ने कहा कि चुनाव आयोग ने सही योजना के बिना राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया लागू की, जबकि चुनावी राज्यों को छोड़ देना चाहिए था। अगर एसआईआर करनी थी, तो पहले चुनाव से बंधे राज्यों को छोड़कर सही योजना के साथ करनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। असम में भाजपा की सरकार है, वहां एसआईआर नहीं की गई, लेकिन पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में इसे लागू किया गया। इसका परिणाम हमारे लिए बहुत भारी पड़ा। उन्होंने आगे कहा 58 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। बहुत सारी गड़बड़ियां और मिसमैपिंग हुई है। अगर हमें 2022 में एसआईआर करनी होती और अपने पिता के जन्म प्रमाणपत्र लाने पड़ते, तो यह संभव नहीं होता।

### ईडी की याचिका खारिज करने की मांग

ममता बेनर्जी के लिए चुनावी रणनीति बनाने वाली कंपनी आई-पैक के दफ्तर पर पड़े ईडी के छापों के बीते दिनों बंगाल की राजनीति को गरमा दिया था। अब इस मामले में ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। ममता सरकार ने सर्वोच्च अदालत में पेश किए गए हलफनामे में ईडी की याचिका खारिज करने की मांग की है। ममता सरकार ने कहा है कि ईडी की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। जब इसी तरह की याचिका कलकत्ता हाई कोर्ट में लंबित है तो समानांतर कार्रवाई नहीं हो सकती। हलफनामे में ममता सरकार ने लिखा है की ईडी के पास सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका फाइल करने के लिए मौलिक अधिकार नहीं हैं। ईडी के पास औचक सर्च और सीजर करने का अधिकार नहीं है। सर्च से पहले कोई प्रभावी नोटिस नहीं दिया गया।

## मणिपुर में सरकार गठन की प्रक्रिया तेज

# विधायक दल का 'नेता' चुनने के लिए चुघ केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने मणिपुर में नए सीएम के चयन की प्रक्रिया आरंभ कर दी है, और इस प्रक्रिया की निगरानी के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को विधायक दल का नेता चुनने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। यह कदम राज्य में राष्ट्रपति शासन की समय सीमा नजदीक आने के बीच उठाया गया है, जिससे एनडीए द्वारा एक लोकप्रिय सरकार को फिर से स्थापित करने के संकेत मिल रहे हैं। चुघ की नियुक्ति के बाद संकेत मिलता है कि भाजपा राष्ट्रपति शासन की समाप्ति से पहले एक निर्वाचित सरकार को बहाल करने की तैयारी कर रही है। राज्य में राष्ट्रपति शासन के छह महीने के विस्तार की समाप्ति 12 फरवरी को हो रही है। राज्य विधानसभा में 60 सदस्यों में से भाजपा के 37 विधायक हैं। एनडीए के सहयोगी दल एनपीपी के 6 और नागा पीपुल्स फ्रंट (एपीएफ) के 5 विधायक हैं।



तरुण चुघ
रा. महासचिव

## कर्नाटक में गर्मायी सियासत

# बदला उर्दू स्कूलों का समय, भाजपा बोली-हिंदू त्योहरों में क्या दी थी छूट?

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

रमजान में प्रदेश के उर्दू स्कूलों का टाइम टेबल बदलने और जल्दी स्कूल बंद करने को लेकर शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है, जिस पर अब एक नया विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा की तरफ से कर्नाटक की कांग्रेस शासित सरकार पर सवाल उठाए गए और ये पूछा गया कि आखिर हिंदुओं के त्योहारों में सरकार द्वारा इस तरह की छूट क्यों नहीं दी जाती है? कर्नाटक में उर्दू और अन्य अल्पसंख्यक भाषा विद्यालयों के निदेशालय के एक निर्देश के अनुसार, रमज़ान के महीने में राज्य के उर्दू माध्यम के प्राथमिक और माध्यमिक प्राथमिक विद्यालयों के बंद होने का समय रमज़ान के महीने की शुरुआत से एक महीने के लिए सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक बढ़ा दिया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि लेकिन क्या आपने किसी हिंदू त्योहार के दौरान ऐसी कोई छूट दी है?



मदरसे में बच्चे पढ़ाई करते

## बदरीनाथ मंदिर ने ओढ़ी बर्फ की चादर



**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले में सोमवार को ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच बदरीनाथ मंदिर दिखाई दे रहा है। इस समय बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद हैं। इस साल बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को सुबह 6:15 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम 19 अप्रैल को खुलेंगे, जबकि केदारनाथ धाम की तिथि महाशिवरात्रि पर घोषित होगी।

## जाति जनगणना पर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल खारिज

# अदालत ने केंद्र सरकार को दिए निर्देश याचिकाकर्ता के सुझावों पर करें विचार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 2027 में होने वाली जनगणना के दौरान नागरिकों की जाति दर्ज करने, वर्गीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार और भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय से याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करने को कहा है।



### अदालत ने जताया भरोसा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसे इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि संबंधित प्राधिकरण विषय विशेषज्ञों की मदद से ऐसी मजबूत व्यवस्था विकसित करेंगे, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि की आशंका न रहे। अदालत ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए कुछ मुद्दे प्रासंगिक हैं।

**प्रक्रिया पारदर्शी हो**

यह याचिका शिक्षाविद आकाश गोयल द्वारा दायर की गई थी, जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्ता गुप्ता ने पक्ष रखा। याचिका में मांग की गई थी कि जाति संबंधी जानकारी दर्ज करने, उसे वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रश्नावली को सार्वजनिक किया जाए।

## राज्यसभा में भाजपा सांसद सदानंद मास्टर ने सुनाई अपनी आपबीती

# कृत्रिम पैर मेज पर रख बोले- 31 साल पहले मुझ पर किया हमला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा में सोमवार को भाजपा के मनोनीत सांसद सी. सदानंदन मास्टर के भाषण के दौरान जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, जब भाजपा नेता राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलना शुरू किया तो उन्होंने अपने कृत्रिम पैर मेज पर रख दिए और 31 साल पहले जानलेवा हमले की कहानी सुनाई।

सदानंदन मास्टर ने सीपीएम पर हमला करते हुए कहा कि जो लोग आज संसद में लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं, उन्होंने 31 साल पहले मुझ पर हमला किया था। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों की प्रतिबद्धता लोकतांत्रिक मूल्यों में नहीं है बल्कि राजनीतिक हिंसा में है। सी. सदानंदन मास्टर राज्यसभा के मनोनीत सदस्य हैं। 1994 में उन्हें आरएसएस का समर्थन करने के लिए कथित तौर पर लेफ्ट समर्थकों ने सबक सिखाने के लिए उनके पैर काट दिए थे।

**ऐसी पार्टियों की प्रतिबद्धता राजनीतिक हिंसा में**

1994 में लेफ्ट समर्थकों ने उनके पैर काटे थे



राज्यसभा सांसद सी सदानंदन मास्टर

### सीपीएम सांसद ने जताई आपत्ति

राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर जब उन्होंने अपने कृत्रिम पैर मेज पर रखकर बोलना शुरू तो केरल के सीपीएम सांसद जॉन ब्रिट्टस ने तुरंत प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठाया। उन्होंने नियमों का हवाला देते हुए सदन में कृत्रिम अंग दिखाने पर आपत्ति जताई। तब आसन पर बैठे सभापति सी पी राधाकृष्णन ने आश्वासन दिया कि वह सांसद से अपने कृत्रिम अंग नीचे रखने का निर्देश देंगे।

### पैर ऐसे काटे दोबारा जोड़े नहीं जा सके

सी. सदानंदन ने 31 साल पुरानी घटना के बारे में बताया कि उनकी बहन की शादी होने वाली थी। वह अपने चाचा से मिलकर घर लौट रहे थे, तभी हमलावरों ने उन्हें घेर लिया। उनके साथ मारपीट की गई और फिर जमीन पर गिराकर घुटनों के नीचे उनके दोनों पैर काट दिए थे। भाजपा सांसद ने कहा कि पैर काटने के बाद हमलावरों ने इंकलाब जिंदाबाद के नारे भी लगाए। इस हमले में उनके पैर ऐसे काटे गए थे, जिसे दोबारा जोड़ा नहीं जा सकता था। उन्होंने कहा कि राजनीतिक हिंसा किसी भी लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है। यह देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण में जिक्र किए गए अमृत काल, विकसित भारत और महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की सराहना की।

# नासा के परसेवरेंस रोवर ने रचा इतिहास, एआई की मदद से मंगल ग्रह पर चलाई गाड़ी, भारतीय वैज्ञानिक वंदी वर्मा का बड़ा योगदान

**रोवर को चलाने के लिए पृथ्वी से करना पड़ती है बड़ी प्लानिंग**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आज के आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई हमारे भविष्य का एक अहम हिस्सा बन चुका है। इसी तकनीक का इस्तेमाल करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी अंतरिक्ष संस्था नासा ने एक ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। नासा के परसेवरेंस रोवर ने मंगल ग्रह की मुश्किल सतह पर बिना किसी मानवीय निर्देश के पूरी तरह एआई की मदद से खुद गाड़ी चलाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।

आमतौर पर मंगल ग्रह पर रोवर को चलाने के लिए पृथ्वी पर बैठे वैज्ञानिकों को उसके हर कदम की बारीकी से प्लानिंग करनी पड़ती है। लेकिन 8 और 10 दिसंबर को हुए परीक्षण में इस रोवर ने बिना किसी मानवीय मदद के अपना रास्ता खुद तय करके सबको चौंका दिया। अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में यह पहली और सबसे बड़ी घटना है, जहां किसी रोवर ने बिना किसी निर्देश के खुद फैसला लेकर अपनी यात्रा पूरी की है।

इस पूरे मिशन का नेतृत्व नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने किया है। इस ऐतिहासिक सफलता पर जेपीएल की वरिष्ठ इंजीनियर और भारतीय मूल की वंदी वर्मा ने बताया कि जनरेटिव एआई अब अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया को पूरी तरह बदलने वाला है। उन्होंने बताया कि चाहे मंगल के पत्थरों को पहचानना हो, अपनी सही लोकेशन का पता लगाना हो या सबसे सुरक्षित रास्ता चुनना हो- एआई इन सभी कामों को एक इंसान की तरह और भी बेहतर तरीके से करने में सक्षम है, जिससे भविष्य के मिशन बहुत आसान हो जाएंगे।

*मंगल ग्रह पृथ्वी से लगभग 22.5 करोड़ किमी दूर*

*दूरी की वजह से सिग्नल काफी देरी से पहुंचते हैं*

*जनरेटिव एआई तकनीक का इस्तेमाल से हुआ समाधान*

*दिसंबर में हुए परीक्षण के दौरान रोवर ने जनरेटिव डेटा और तस्वीरों का विश्लेषण कर वे पॉइंट्स चुने और कठिन सतह पर सफलतापूर्वक नेविगेशन किया*

### रोवर खुद सुरक्षित फैसले लेता है



चूंकि मंगल ग्रह पृथ्वी से लगभग 22.5 करोड़ किलोमीटर दूर है इसलिए वहां सिग्नल पहुंचने में काफी देरी होती है। इस चुनौती को हल करने के लिए वैज्ञानिकों ने रोवर में 'जनरेटिव एआई' तकनीक का इस्तेमाल किया है। इस तकनीक की मदद से रोवर ने पुराने मिशनों के डाटा को खुद समझा और इंसानों की तरह ही तस्वीरों के आधार पर अपने रास्ते के बिंदु (वेपॉइंट्स) तय किए। अब यह रोवर दुर्गम और ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर चलने के लिए किसी इंसान के निर्देश का इंतजार करने के बजाय खुद सुरक्षित फैसले ले सकता है।

### तकनीकी क्षमताएं अब काफी आगे बढ़ चुकीं

नासा प्रमुख जेरेड इसाकमैन के अनुसार, यह सफलता दिखाती है कि हमारी तकनीकी क्षमताएं अब काफी आगे बढ़ चुकी हैं। इस तरह की 'सेल्फ-ड्राइविंग' तकनीक न केवल भविष्य के मिशनों को पहले से बेहतर बनाएगी, बल्कि पृथ्वी से सिग्नल मिलने में होने वाली देरी के बावजूद रोवर को मुश्किल रास्तों पर तेजी से फैसले लेने में मदद करेगी। इससे समय बचेगा और वैज्ञानिक खोजों का दायरा भी काफी बढ़ जाएगा।

## खबर संक्षेप

### दलाई लामा को मिला पहला ग्रैमी अवॉर्ड



**मुंबई।** दुनिया को शांति, करुणा और अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने अब संगीत और कला की दुनिया के सबसे बड़े मंच पर अपनी जीत का परचम लहराया है। लॉस एंजेलिस में आयोजित 68वें वार्षिक ग्रैमी पुरस्कार समारोह में दलाई लामा ने अपना पहला अवॉर्ड जीता है। 90 साल के दलाई लामा को ये अवॉर्ड 'बेस्ट ऑडियो बुक, नैरेशन और स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग' की कैटेगरी में दिया गया है।

### वांगचुक लद्दाख को बांग्लादेश बना रहे थे



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सोनम वांगचुक लद्दाख को नेपाल या बांग्लादेश जैसा बनाना चाहते हैं। ऐसे व्यक्ति को और जहर उगलने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बैंच लद्दाख हिंसा मामले में एक्टिविस्ट वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, वांगचुक के भाषण में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा सीधा खतरा दिखता है।

## सिंधु जल संधि पर भारत ने पाकिस्तान को दिखाया आईना

# भारत की पाकिस्तान को दो टूक कहा अंतर्राष्ट्रीय कोर्ट का आदेश नहीं मानेंगे

*भारत सिंधु समझौते की सुनवाई में शामिल नहीं होगा*

कहा- यह कोर्ट अवैध है, इसके आदेशों को हम बिलकुल नहीं मानते

*आतंकवाद के कारण संधि अस्थायी रूप से निलंबित की गई है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान सिंधु जल संधि पर कोर्ट-कोर्ट खेल रहा है। दूसरी ओर भारत का रूख पहले से ही स्पष्ट है। अब भारत ने सिंधु जल संधि से जुड़े अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के आदेश को स्पष्ट रूप से मानने से इनकार कर दिया है। भारत का कहना है कि यह कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन अवैध रूप से गठित है और इसके आदेशों को भारत मान्यता नहीं देता। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय अदालत ने भारत को निर्देश दिया था कि वह अपने जलविद्युत संयंत्रों के परिचालन रिकॉर्ड (विशेष रूप से बगलिहार और किशनगंगा परियोजनाओं के पोंडेज लॉगबुक) प्रस्तुत करे, ताकि आगे की सुनवाई में इनका उपयोग किया जा सके। अदालत ने 9 फरवरी 2026 तक इन दस्तावेजों को सौंपने या अनुपालन न करने पर औपचारिक स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। दरअसल, हेग स्थित मध्यस्थता न्यायालय सिंधु जल संधि के ढांचे के तहत नई सुनवाई और दस्तावेज आदेशों के साथ आगे बढ़ रहा है, लेकिन भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह इन कार्यवाहियों की वैधता को मान्यता नहीं देता और इनमें भाग नहीं लेगा। बता दें कि विवाद का मुख्य केंद्र बिंदु सिंधु जल संधि के तहत गठित मध्यस्थता न्यायालय द्वारा पिछले सप्ताह जारी किया गया एक आदेश है, जिसमें भारतीय जलविद्युत संयंत्रों से संबंधित 'पोंडेज लॉगबुक' को 'गुण-दोष पर दूसरे चरण' के हिस्से के रूप में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि कोर्ट ने हेग के पीस पैलेस में आज सुनवाई निर्धारित की है और यह भी दर्ज किया है।

### भारत पिछले साल सिंधु जल संधि को स्थगित कर चुका है



*भारत-पाकिस्तान के बीच 1960 में सिंधु जल समझौता हुआ था। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने इस संधि को स्थगित कर दिया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47% जमीन पाकिस्तान, 39% जमीन भारत, 8% जमीन चीन और 6% जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 19 सितंबर 1960 को कराची में भारत के पीएम नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच दस्तखत हुए। इसे इंडस वाटर ट्रीटी या सिंधु जल संधि कहा जाता है।*

### जवाब भी नहीं देगा भारत

रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी सूत्रों ने कहा कि 'तथाकथित अवैध रूप से गठित' तटस्थ विशेषज्ञ के अलावा समानांतर कार्यवाही जारी रखे हुए है। चूंकि हम सीओए की वैधता को मान्यता नहीं देते, इसलिए हम इसके किसी भी संचार का जवाब नहीं देते। इसके अलावा, क्योंकि सिंधु जल संधि स्थगित है, इसलिए भारत जवाब देने के लिए बाध्य नहीं है। बता दें कि भारत ने अप्रैल में पहलगाम में हुए हमले के बाद औपचारिक रूप से सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया।

### सिंधु जल समझौता स्थगित करने से पाक पर असर

पाकिस्तान में खेती की 90% जमीन यानी 4.7 करोड़ एकड़ एरिया में सिंचाई के लिए पानी सिंधु नदी प्रणाली से मिलता है। पाकिस्तान की नेशनल इनकम में एग्रीकल्चर सेक्टर की हिस्सेदारी 23% है और इससे 68% ग्रामीण पाकिस्तानियों की जीविका चलती है। इसका असर पाकिस्तान में आम लोगों के साथ-साथ बिजली उत्पादन पर भी पड़ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सालाना बिजली उत्पादन में 30% से 50% तक की कमी आ सकती है।

## 5 से 10 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे सेशेल्स के राष्ट्रपति

# पीएम मोदी के साथ होगी द्विपक्षीय बैठक, जिसमें साझा हितों से जुड़े हुए जरूरी मुद्दों पर होगी चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इस सप्ताह 5 फरवरी से सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी भारत की छह दिवसीय राजकीय यात्रा पर रहेंगे। जिसमें उनकी पीएम नरेंद्र मोदी के साथ एक द्विपक्षीय बैठक भी होगी। इसमें दोनों नेताओं के बीच भारत और सेशेल्स के साझा हितों से जुड़े हुए द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सेशेल्स के राष्ट्रपति का 5 से 10 फरवरी तक का यह दौरा पीमए नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए निमंत्रण के तहत किया जा रहा है। पिछले साल अक्टूबर महीने में राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के बाद राष्ट्रपति डॉ. हर्मिनी की यह पहली भारत यात्रा है।



### आईओआर में अहम भागीदार सेशेल्स

सेशेल्स हिंद-महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भारत का एक प्रमुख समुद्री साझेदार देश है। उसका भारत के महासागर (मिचुअल एंड होलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्योरिटी एंड ग्रोथ अक्रोस रीजंस) विजन और हमारी वैश्विक दक्षिण को लेकर बनी हुई प्रतिबद्धता में भी एक विशेष स्थान है। इसके अलावा सेशेल्स के राष्ट्रपति का यह स्वदेश दौरा अक्टूबर-2025 में भारत के उप-राष्ट्रपति द्वारा की गई सेशेल्स की यात्रा के बाद हो रहा है। जिससे दोनों देशों के बीच स्थापित व्यापक सहयोग और भारत-सेशेल्स की आम-जनता के बीच बने हुए मजबूत, गहरे संबंधों को और अधिक गति मिलेगी।

### सेशेल्स के राष्ट्रपति का कार्यक्रम

मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान सेशेल्स के राष्ट्रपति की भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात होगी। इसके अलावा वह चेन्नई और मुंबई में आयोजित की जाने वाली व्यापार संबंधी बैठकों में भाग लेंगे। यहां ध्यान देने वाली एक बात यह भी है कि राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी की यह भारत यात्रा एक ऐसे समय पर हो रही है। जब दोनों देश अपने कूटनीतिक संबंधों की स्थापना की स्वर्ण जयंती यानी 50वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहे हैं।

## विदेश मंत्री जयशंकर तीन दिन के अमेरिका दौरे पर

# रुबियो और ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात कर कई मुद्दों पर करेंगे संवाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार को तीन दिन के अमेरिकी दौरे पर रवाना हुए। वहां वे महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला पर वाशिंगटन के नेतृत्व में आयोजित मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे। जयशंकर की यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच संबंधों में आई गिरावट को दूर करने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है। ऐसी उम्मीद है कि मंत्री अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और ट्रंप प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए 2 से 5 फरवरी तक संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। इसमें कहा गया है कि मंत्रिस्तरीय बैठक आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और महत्वपूर्ण खनिजों में रणनीतिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित करेगी।



यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बैठकें भी करेंगे।

भारत के रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क सहित, भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को ट्रंप द्वारा दोगुना करके 50 प्रतिशत तक बढ़ाने के बाद से भारत-अमेरिका संबंध गंभीर तनाव में हैं। टैरिफ के मुद्दे के अलावा, कई अन्य मुद्दों पर भी संबंधों में गिरावट देखी गई, जिनमें पिछले साल मई में ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को समाप्त करने का दावा किया। इसके साथ ही वाशिंगटन की नई आव्रजन नीति शामिल है। इसके अलावा कुछ अन्य स्थलों पर भी जाने की खबर आ रही है।

## वीजा फ्रॉड को लेकर एडवाइजरी जारी

# कनाडा की विदेशी छात्रों को वॉर्निंग 5 साल के लिए एंट्री हो जाएगी बैन

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा में पढ़ने जा रहे स्टूडेंट्स के लिए जरूरी खबर है। यहां की सरकार ने विदेशी छात्रों को स्टडी परमिट का प्रोसेस ध्यान से समझने और इमिग्रेशन को लेकर हो रहे फ्रॉड से सावधान रहने की चेतावनी दी है। 'इमिग्रेशन रिफ्यूजी एंड सिटिजनशिप कनाडा' (आईआरसीसी) की तरफ से एक एडवाइजरी जारी की गई है, जो स्टडी परमिट से जुड़ी हुई है।

इसमें साफ शब्दों में चेतावनी दी गई है कि अगर कोई गलत या भ्रामक जानकारी देता है, तो उसका वीजा रिजेक्ट हो सकता है और उस पर 5 साल तक का एंट्री बैन लगाया जा सकता है। इसका मतलब है कि



विदेशी स्टूडेंट को कनाडा में 5 साल तक घुसने नहीं दिया जाएगा। आईआरसीसी द्वारा जारी एडवाइजरी में स्टडी परमिट के आवेदन से जुड़े नियमों के बारे में बताया गया है।

साथ ही ये भी बताया गया है कि किस तरह विदेशी छात्रों को टारगेट करने वाले स्कैम का इस्तेमाल हो रहा है। आईआरसीसी ने कहा कि स्टडी परमिट कनाडा में पढ़ने के लिए मिलता है।

## भ्रष्टाचार मामले में फंसी शेख हसीना और उनकी भतीजी ब्रिटेन सांसद सिद्दीकी

# बांग्लादेश की एक अदालत ने सुनाई 10 और 7 साल के सश्रम कारावास की सजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



12 फरवरी को होने वाले आम चुनावों से ठीक पहले पूर्व अपदस्थ पीएम शेख हसीना के लिए खतरे की एक और घंटी बज गई है। बांग्लादेश की एक अदालत ने सोमवार को ढाका के बाहरी पूर्वांचल इलाके में सरकारी आवासीय भूखंडों में अनियमितता के दो अलग-अलग मामलों में हसीना को 10 साल और उनकी भतीजी जो ब्रिटेन की लेबर पार्टी की सांसद और पूर्व मंत्री ट्यूलिप सिद्दीकी हैं, को 7 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

### ट्रिब्यूनल दे चुका फांसी की सजा

पिछले साल ढाका समेत अन्य जगहों पर हुए छात्रों के हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के बीच शेख हसीना फिलहाल भारत में शरण लेकर रह रही हैं। पार्टी अवामी लीग पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पहले से ही चुनाव लड़ने पर रोक लगा रखी है। नहीं छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को जबरन कुचलने और हत्याओं के लिए उकसाने को मानवता के खिलाफ अपराध बताते हुए कुछ समय पहले पड़ोसी देश के एक वैश्विक न्यायिक ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना के खिलाफ सजा-ए-मौत का फैसला सुनाया है। 27 नवंबर 2025 में एक भ्रष्टाचार (भूखंडों के आवंटन संबंधी) रोधी आयोग की शिकायत पर एक अदालत ने उन्हें 21 साल की कैद की सजा सुनाई है। बेटे सजीब वाजेद, सायमा वाजेद पुतुल को राजुक के भूखंडों के अलग-अलग मामलों में 5-5 साल की सजा सुनाई गई है।

### पद के दुरुपयोग का है मामला

अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि शेख हसीना ने सरकारी भूखंडों के आवंटन के मामले में बतौर प्रधानमंत्री के रूप में अपने पद का गलत इस्तेमाल किया और हसीना परिवार के अपने तमाम रिश्तेदारों को जमीन आवंटित की है।

## अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन ने कहा

# भारत की विशाल आबादी उसकी अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन कॉसिनो ने बातचीत में बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत उसकी आबादी है। भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन कॉसिनो ने भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत को लेकर कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत लोगों की बहुत बड़ी संख्या है। आप आबादी के मामले में दुनिया के सबसे बड़ा देश हैं, लेकिन मुझे लगता है कि लोगों में टैलेंट और क्रिएटिव होने की संभावना भी है। एक बार जब सरकार ने पाबंदियां, सीमाएं और रेगुलेशन हटा दिए, तो भारतीय लोग बहुत कुछ करने में सक्षम हैं। इसीलिए पिछले दस सालों में या पिछले पंद्रह सालों में, आप इतना आगे बढ़े हैं। तो मुझे लगता है कि ताकत आप में ही है।

*भारत में टैलेंट और क्रिएटिव होने की ज्यादा संभावना*

*देश पिछले दस सालों में छह, सात, आठ फीसदी की दर से बढ़ रहा है*

### भारत ने युवाओं को दिए हैं तरक्की के अवसर



भारत के लिए पीएम मोदी के दृष्टिकोण को लेकर अर्जेंटीना के राजदूत ने कहा, हम विदेश नीतियों और अर्जेंटीना के साथ संबंध पर फोकस कर रहे हैं। लेकिन यह साफ है कि प्रधानमंत्री मोदी को बहुत बड़ी सफलता मिली है क्योंकि देश पिछले दस सालों में छह, सात, आठ फीसदी की दर से बढ़ रहा है। यह एक सफलता है। इसलिए मुझे लगता है कि आर्थिक नीति एक उदाहरण है, और विनियमन में ढील एक उदाहरण है। जब वे अर्जेंटीना गए थे तो मुझे हमारे राष्ट्रपति माइली के साथ मीटिंग में रहने का मौका मिला था और उन्होंने खास तौर पर विनियमन में ढील के बारे में, रेगुलेशन हटाने और लोगों को सरकार से कम से कम रेगुलेशन के साथ खुद से आगे बढ़ने और तरक्की करने का मौका देने के बारे में बात की थी।

### घरेलू खपत के लिए अच्छा तरीका

अर्जेंटीना के राजदूत से जब पूछा गया कि भारत को और ज्यादा विदेशी निवेश लाने के लिए भविष्य में कौन से सुधार करने चाहिए, तो उन्होंने कहा कि मैं यह कहने वाला कोई नहीं हूं कि भारत को क्या करना चाहिए। यह एक घरेलू नीति है, लेकिन यह सच है कि जब देश अपनी अर्थव्यवस्था खोलते हैं, जब वे विनियमन में ढील देते हैं, जब वे बाहर से ज्यादा प्रोडक्ट ला पाते हैं, तो यह भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अच्छा है।

### भारत के साथ बहुत कंप्लीमेंट्री इकोनॉमी

मारियानो अगस्टिन कॉसिनो ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि आप इसमें अच्छा काम कर रहे हैं, और हमें उम्मीद है कि हम, उदाहरण के लिए, भारत की खाद्य सुरक्षा या भारत की ऊर्जा सुरक्षा में और भी ज्यादा योगदान दे सकते हैं। और मुझे लगता है कि इस मायने में अर्जेंटीना, एक देश जिसकी भारत के साथ बहुत कॉम्प्लिमेंट्री इकॉनमी है, इस रणनीतिक साझेदारी के रूप में आगे बढ़ सकता है, जिसे हम पिछले कुछ सालों से विकसित कर रहे हैं।

## दुबई में फंसे झारखंड के 14 प्रवासी मजदूर

# वेतन न मिलने का आरोप, सरकार से सुरक्षित वापसी की गुहार लगाई

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के विभिन्न जिलों से दुबई गए 14 प्रवासी मजदूर कथित तौर पर वेतन न मिलने और अतिरिक्त काम कराने के दबाव के कारण गंभीर मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। इन मजदूरों ने राज्य सरकार से सुरक्षित स्वदेश वापसी की अपील की है। यह जानकारी राज्य प्रवासी नियंत्रण सेल की टीम लीडर शिखा लकड़ा ने दी है। अधिकारियों के अनुसार, ये मजदूर गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिलों के निवासी हैं। वीडियो भेजकर अपनी स्थिति साझा की है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि संबंधित निजी कंपनी ने उन्हें तीन महीने से वेतन



नहीं दिया है और ओवरटाइम काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इससे उन्हें रहने और खाने तक की समस्या हो रही है। शिखा लकड़ा ने बताया कि फंसे हुए मजदूरों ने अपनी व्यथा का वीडियो सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली को भेजा, जो प्रवासी मजदूरों के कल्याण के लिए काम करते हैं। वीडियो में मजदूरों ने मदद की अपील की है। राज्य प्रवासी नियंत्रण सेल अब मजदूरों से संपर्क कर उनके दस्तावेजों का सत्यापन कर रहा है।

डीजीपी, आईजी और मुख्यमंत्री सहित मानव अधिकार आयोग में की शिकायत

# सब-इंस्पेक्टर ने लगाए देहात एसपी प्रजापति पर गाली-गलौज और अभद्रता करने के आरोप

*लिखा- न्याय नहीं मिला तो मेरी शिकायत को माना जाए मेरा सुसाइड नोट*

*कार्यालय से धक्के देकर बाहर निकालने की धमकी भी दी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के देहात एसपी रामशरण प्रजापति पर सूखीसेवनिया थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर केसी यादव ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका आरोप है कि एसपी ने कार्यालय में उनके साथ गाली-गलौज की। गाली देने से मना करने पर उन्हें कार्यालय से धक्के देकर बाहर निकालने की धमकी तक दे दी। एसआई यादव ने जब थाने के रोजनामचे में पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट दर्ज की तो एसपी ने उन्हें फोन लगाकर दोबारा फटकार लगाई।

एसआई का आरोप है कि उनके खिलाफ दो अलग-अलग मामलों में विभागीय जांच भी शुरू करा दी गई। परेशान होकर सब इंस्पेक्टर केसी यादव ने डीजीपी, आईजी, मुख्यमंत्री और मानवाधिकार आयोग में एसपी की शिकायत की है। शिकायत में लिखा गया है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो इस शिकायती आवेदन को ही उनका सुसाइड नोट माना जाए। केसी यादव का कहना है कि वे पुलिस विभाग में अब तक 30 साल की सेवा दे चुके हैं। उनके साथ ऐसा व्यवहार पहली बार हुआ है। शिकायत के अनुसार 14 सितंबर 2025 को एसपी ने आबकारी एक्ट से जुड़े एक मामले की केस डायरी तलब की थी। बैठक के बाद एसआई यादव ने हाईकोर्ट में प्रस्तुत करने के लिए डायरी वापस मांगी तो एसपी ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए नाराजगी जताई। उन्हें डायरी एसडीओपी मंजू चौहान से लेने को कहा। एसआई का आरोप है कि इसी दौरान उनके साथ बुरा बर्ताव किया गया।

### महिला अधिकारी भी मानसिक रूप से परेशान होने का लगाया आरोप



एसआई यादव ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया है कि एसपी रामशरण प्रजापति के व्यवहार से केवल वे ही परेशान नहीं है, बल्कि जूनियर अधिकारी, जिनमें महिला अधिकारी भी मानसिक रूप से परेशान हैं। एसपी का बुरा बर्ताव सभी झेल रहे हैं, लेकिन किसी ने उनकी शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटाई। उन्होंने लिखा है कि बीते चार महीने में लगातार प्रताड़ना के कारण उनका मानसिक संतुलन बिगड़ने लगा है। मन करता है कि आत्महत्या कर लूं। हालांकि स्टाफ और पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण उन्होंने ऐसा कदम नहीं उठाया।

**केसी यादव,** सब इंस्पेक्टर, थाना सूखीसेवनिया

### यादव के आरोप निराधार



एसपी ने यादव के आरोपों को निराधार और तथ्यहीन बताया गया है। उनका कहना है कि विभागीय जांच और काम को वह विभाग तक ही रखना चाहते हैं। वे इसे बाहर नहीं करना चाहते हैं। यदि किसी को ऐसा लगता है कि एसआई के साथ अभद्र व्यवहार किया गया है, तो वह कार्यालय आकर दस्तावेज देख सकते हैं।

**रामशरण प्रजापति**
देहात एसपी

# सिगरेट नहीं देने पर दुकानदार से की मारपीट, मामला दर्ज

### जातिसूचक शब्दों से भी किया अपमानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित चौपड़ा कला में चाय की दुकान पर पहुंचे दो युवकों ने दुकानदार के साथ मारपीट कर दी। दुकानदार का आरोप है कि उनकी पहले से ही उधारी है और सिगरेट उधार मांग रहे थे। उसने सिगरेट उधार देने से इंकार किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया है। पुलिस ने मारपीट और एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अभिषेक सूर्यवंशी (24) शिव नगर छोला में रहता है। उसका चौपड़ाकला सूखीसेवनिया में भी मकान और दुकान है। दुकान में रविवार शाम गुलशन मीणा और योगेश मीणा अपने साथियों के साथ पहुंचा था। उन्होंने सिगरेट मांगी। अभिषेक का कहना था कि तुम्हारी पुरानी उधारी है और सिगरेट महंगी है। पहले पुरानी उधारी चुका दो फिर सिगरेट दूंगा। इस बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर अभिषेक और योगेश मीणा ने अभिषेक सूर्यवंशी से मारपीट करते हुए उसे जातिसूचक शब्द कह दिए।

## खबर संक्षेप



### मुक्तिधाम सेवा कार्य के लिए पप्पू और अरोड़ा सम्मानित

**औबेदुल्लागंज।** श्री मानस कल्याण समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री मुक्तिधाम सेवा कार्य में योगदान के लिए असंतराव 'पप्पू भैया' एवं बहावलपुरी समाज के मुखियाश्री बल्लू अरोड़ा का सम्मान किया गया। समिति ने दोनों समाजसेवियों के सेवा भाव और सामाजिक सहयोग की सराहना करते हुए शॉल व स्मृति-चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

### वरिष्ठ समाजसेवी रवि कमल का सम्मान



**औबेदुल्लागंज।** मेडिकल एसोसिएशन से जुड़े वरिष्ठ सदस्य रवि कमल का सोमवार को भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा सम्मान किया गया। यह सम्मान उन्हें चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कार्यों, सामाजिक सहयोग और दवा व्यवसाय से संबंधित संगठनों में सक्रिय योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह में उपस्थित पदाधिकारियों ने उनके अनुभव, सेवा भावना और संगठनात्मक सहभागिता की सराहना की।

### पटवा ने नवीन पेट्रोल पंप की दीपू को दी बधाई



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने सोमवार को भाजपा पार्षद दीपू परमार के नवीन पेट्रोल पंप न्यारा-बिलोटा श्री फ्यूलस पर जाकर नवीन प्रतिष्ठान की बधाई दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नपा उपाध्यक्ष बागिश अग्रवाल, पंकज कोठारी, माखन परमार, माधव यादव, भारती नरेश सेठी, सोनू चौकसे आदि मौजूद रहे।

### शब-ए-बारात आज होगी विशेष इबादत

**मंडीदीप।** मुस्लिम समाज द्वारा शब-ए-बारात मंगलवार, 3 फरवरी को अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जाएगा। मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष हाजी अल्ताफ खान ने बताया कि शब-ए-बारात की रात शहर की सभी मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की जाएगी। बंदे पूरी रात इबादत में मशगूल रहेंगे तथा अपने गुनाहों की माफी, अच्छी सेहत, अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ करेंगे। इस अवसर पर लोग कब्रिस्तानों में जाकर अपने पूर्वजों के लिए भी दुआ करेंगे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1627 | | |
| दिन: | 379 | 91 | 489 |
| रात: | 378 | 88 | 125 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 558 | 83 | 238 |
| रात: | 237 | 29 | 180 |

सिंधी कवि सम्मेलन में विधायक सबनानी हुए शामिल

# 'ही मुंहिंजो वतन...' की मधुर प्रस्तुति पर भाव विभोर हुए श्रोता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मसंतनगर

अमर बलिदानी हेमू कालाणी और राष्ट्रभक्तों का बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के पथ पर बढ़ना चाहिए, यह बात भोपाल दक्षिण पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी ने सिंधी कवि सम्मेलन के अवसर पर कही। सिंधी कवि सम्मेलन सिंधी साहित्य अकादमी-म.प्र. द्वारा वीना कला एवं सेवा समिति के सहयोग से संत हिरदाराम नगर स्थित साधु वासवानी विद्यालय के नंदवानी सभागार में संपन्न हुआ।

युवा गायक तन्मय वासवानी ने कवि हुंदराज दुखायल की रचना 'ही मुंहिंजो वतन...' की मधुर प्रस्तुति से सभी को भाव विभोर कर दिया। अकादमी निदेशक राजेश कुमार वाधवानी के स्वागत उदबोधन के पश्चात संत हिरदाराम नगर निवासी कनयो शेवानी ने अपनी कविता की पंक्तियों 'हेमूअ वांगुरु मां बि हुजां हां...' और आदिपुर से आए युवा कवि मुकेश तिलोकानी ने वीर क्रांतिकारियों के बलिदान का स्मरण कराते हुए कहा 'वतन जे वास्ते कुर्बान थिया, तड़हिं से सगोरा त महान थिया...' सुनाया।

### सिंधु जो दिलिबर सच्चो सानी...

हिरदाराम नगर के युवा रचनाकार राकेश शेवानी ने रचना पेश की 'सिंधु जो दिलिबर सच्चो सानी, सक्खर जो हेमू कालाणी...'। इंदौर से पधारीं कवियत्री किरण परियानी ने हेमू की फांसी का स्मरण करते हुए कविता प्रस्तुत की और कहा 'फांसीअ जो तख्त अगियां, पोइ बि गीत गाए वियो कुर्बानी छा थींदी आ, असां खे बुधाए वियो...'। अहमदाबाद के मनोज चावला और बिलासपुर की मुस्कान बचानी ने भी अपनी रचनाओं में राष्ट्रभक्तों के बलिदान की गाथा प्रस्तुत की।

### कार्यक्रम का संचालन हर्षा ने किया

देर रात तक चले कवि सम्मेलन के प्रारंभिक दौर का संचालन कवियत्री हर्षा मूलचंदानी ने किया और आभार प्रदर्शन तन्मय वासवानी ने किया। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के मुखी मांधू चांदवानी, कर्नल नारायण पारवानी, बसंत चेलाणी, नन्द दादलानी घनश्याम लालवानी, चंद्रप्रकाश इसरानी, हीरो हिन्दू, किशोर साधवानी, नानक दादलानी, लक्ष्मणदास वासवानी, मनोहर शेवानी, सोनी लालवानी, भाविका सिरवानी, भावना उदासी, लता रामचंदानी, सहित कई काव्य प्रेमी उपस्थित थे।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, वहां से जेल भेज दिया

# गली में जुआ खेलने से मना करने पर युवक को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया, हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*छोला स्थित नवजीवन कॉलोनी में हुई वारदात*

*पीड़ित युवक को हमीदिया अस्पताल में किया भर्ती, चल रहा इलाज*



फाइल फोटो

गली में जुआ खेलने से रोकना एक युवक को महंगा पड़ गया। इस बात से नाराज आरोपी बाइक से पेट्रोल निकालकर लाया और युवक पर डालकर आग लगा दी। पेट्रोल से झुलसने के कारण उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित नवजीवन कॉलोनी की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

एएसआई प्रेम नारायण वर्मा ने बताया कि मनोज वंशकार (32) नवजीवन कॉलोनी छोला में रहता है और प्राइवेट काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि गली में जुए की फड़ लगती है। मनोज कोष्ठी फड़ में बैठता है और लोगों को बैठाता है। रविवार सुबह से ही कॉलोनी की गली में जुए की फड़ बैठी थी। इस पर मनोज वंशकार ने मनोज कोष्ठी से कहा कि घर के पास जुआ न खेलें। इस पर वह भड़क गया और बाइक से पेट्रोल निकालकर ले आया।

### पुलिस ने किया बयान दर्ज

आरोपी ने मनोज वंशकार के साथ मारपीट की और पेट्रोल डाल दिया। इसी दौरान पास में आग जल रही थी। वह आग से जलती हुई लकड़ी निकालकर ले आया और मनोज वंशकार को आग लगा दी। पेट्रोल शरीर पर गिरने के कारण आग तेजी से भवक गई। लोगों ने किसी तरह उसके शरीर से आग को बुझाया गया। गंभीर रूप से झुलसने के बाद उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मनोज वंशकार के बयान दर्ज करने के बाद आरोपी मनोज कोष्ठी को गिरफ्तार कर लिया है।

# हिस्ट्रीशीटर कुलदीप सिंह पटेल पर जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

*रीवा के खदान माफिया ने भाड़े पर गुंडे रखकर कराई थी रैकी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित नेताजी हिल्स ढलान पर गत 24 जनवरी की सुबह हिस्ट्रीशीटर कुलदीप सिंह पटेल पर हथौड़े और रॉड से हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि रीवा के खदान माफिया सचिन कुशवाहा ने हिस्ट्रीशीटर कुलदीप सिंह पटेल पर जानलेवा हमला कराने के लिए पूरी साजिश रची थी। कुलदीप की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सचिन ने रीवा के बदमाश प्रांजल पाठक को भाड़े पर लगाया था। प्रांजल रैकी कर हर मूवमेंट की जानकारी सचिन तक पहुंचाता रहा।

24 जनवरी को सचिन कुशवाहा बिना नंबर की स्कॉर्पियो और बोलेरो में 8 बदमाश लेकर रीवा से भोपाल आया था। रातभर गैंग पिपलानी के एक होटल में रुकी। अगले दिन सुबह प्रांजल ने सूचना दी कि कुलदीप अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने घर से निकलने वाला है। सचिन अपनी गैंग के साथ नेताजी हिल्स इलाके में घात लगाकर बैठ गया। कुलदीप



पुलिस गिरफ्त में दोनों आरोपी।

### दो आरोपी गिरफ्तार, साजिश कबूली

पुलिस ने सचिन के लिए काम कर रहे दो बदमाशों अखिलेश पाण्डेय (22) निवासी महादेवन टोला, थाना गुढ़ और अनित कुशवाहा, निवासी ग्राम देवरा, रामपुर बघेलान को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में दोनों ने सचिन कुशवाहा द्वारा साजिश रचने और हमले में शामिल होने की बात कबूल की है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। अधिकतर आरोपी सचिन की स्टोन क्रेशर, खदान में काम करने वाले हैं।

***रंगदारी बनी हमले की वजह :*** *जांच में सामने आया है कि बेला माइंस एरिया में सचिन कुशवाहा द्वारा किए जा रहे अवैध खनन को लेकर कुलदीप उससे हर महीने 40 हजार रुपए की रंगदारी मांग रहा था। नवंबर 2025 में इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई थी। तभी से सचिन बदला लेने की फिराक में था और उसने मजबूत गैंग तैयार कर भोपाल में उस पर हमला करा दिया।*

# अतिक्रमण अमले ने बैंक स्ट्रीट के पास से हटाया अतिक्रमण, तोड़े पक्के स्थाई निर्माण

*नपा की तीसरे दिन भी कार्रवाई जारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर पालिका ने शहर में अतिक्रमण के खिलाफ मुहिम और तेज कर दिया है। सोमवार को नगर पालिका के अतिक्रमण दस्ते ने बैंक स्ट्रीट (मंगल बाजार) से स्थाई अतिक्रमण को जेसीबी मशीन की मदद से हटा दिया। जानकारी के अनुसार, रविवार को अतिक्रमण हटाने के दौरान एक ढाबा संचालक के साथ हुए विवाद में अतिक्रमण प्रभारी का सिर फट गया था, जिससे मामला गंभीर हो गया। इस घटना के बाद नपा की टीम ने सोमवार को कार्रवाई की और बैंक स्ट्रीट में बने स्थाई निर्माण को



अतिक्रमण तोड़ता नपा का अमला।

ध्वस्त कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया।

नगर पालिका सीएमओ प्रशांत जैन ने कहा कि शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को शहर के अन्य क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि स्थाई या अस्थाई अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सड़कों को पूरी तरह आवागमन योग्य बनाने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

# औबेदुल्लागंज में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उमंग सिंघार का सोमवार को औबेदुल्लागंज टोल टैक्स आर्य भवन के पास स्वागत किया। कार्यक्रम का नेतृत्व युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर ने किया।

स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से औबेदुल्लागंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत दरबार, वरिष्ठ नेता विनोद इरपाचे, द्वारका पटेल, जमना



राजपूत, उत्तम यादव, परवेज खान, मोनी नागर, पंकज नागरानी, नावेद खान सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इसके अलावा अलग-अलग स्थानों से आए कार्यकर्ताओं में अनोखीलाल, मोहन अहिरवार, राकेश, महेश जैन सहित क्षेत्र के कांग्रेसजनों उपस्थिति रहे।

एमपी में आरक्षक से एसआई तक पदोन्नति की तैयारी

# सीएम के निर्देश पर डीजीपी ने एडीजी, आईजी की बनाई फिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय ने आरक्षक से लेकर उपनिरीक्षक तक पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है। इसके तहत पुलिस मुख्यालय ने दो अलग-अलग पदोन्नति समितियों का नए सिरे से गठन किया है। इन समितियों को विभिन्न रैंक की पदोन्नति से जुड़े रिकॉर्ड की जांच और पात्रता सूची (फिट लिस्ट) तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है

पुलिस मुख्यालय के अनुसार, सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर और सहायक उपनिरीक्षक से उपनिरीक्षक तक की पदोन्नति प्रक्रिया के लिए दो समितियां बनाई गई हैं। पहली समिति की अध्यक्षता एडीजी केपी व्यंकटेश्वर राव कर रहे हैं, जबकि दूसरी समिति की जिम्मेदारी एडीजी जयदीप प्रसाद को सौंपी गई है। पुलिस मुख्यालय की प्रशासन शाखा ने उपनिरीक्षक से निरीक्षक और सूबेदार से रक्षित निरीक्षक की पदोन्नति के लिए पात्रता सूची तैयार करने का कार्य संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया है।

एडीजी केपी व्यंकटेश्वर राव की अध्यक्षता वाली समिति में डीआईजी संतोष सिंह गौर, ओपी त्रिपाठी और एआईजी अमित सक्सेना को सदस्य बनाया गया है। यह समिति उपनिरीक्षकों और सूबेदारों के सेवा रिकॉर्ड, गोपनीय चरित्रावली और अन्य मानकों की जांच कर फिट लिस्ट तैयार करेगी। इसी तरह सहायक उपनिरीक्षक से उपनिरीक्षक पदोन्नति के लिए एडीजी जयदीप प्रसाद की अध्यक्षता में गठित समिति में आईजी एन. चैत्रा, डीआईजी साकेत प्रकाश पांडे और एआईजी बीना सिंह को सदस्य बनाया गया है।

### चेन सिस्टम से होगी पदोन्नति

इन समितियों की निगरानी में सभी संबंधित कर्मचारियों का रिकॉर्ड जांचा जाएगा और पदोन्नति के लिए पात्रता सूची तैयार की जाएगी। पदोन्नति होने के बाद सहायक उपनिरीक्षक के पद खाली होंगे, जिन पर प्रधान आरक्षकों को पदोन्नति दी जाएगी। वहीं प्रधान आरक्षकों के पद रिक्त होने पर आरक्षकों को प्रधान आरक्षक बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू होगी। इस तरह पुलिस मुख्यालय ने आरक्षक से लेकर उपनिरीक्षक तक की पदोन्नति प्रक्रिया को एक साथ आगे बढ़ाने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। हालांकि, पदोन्नति आदेश कब तक जारी होंगे, इसे लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। दरअसल मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पिछले दिनों डीजीपी को निर्देश दिए थे। जिसके बाद डीजीपी कैलाश मकवाना ने कमेटी का गठन कर दिया है।

सवा करोड़ के सीएसआर फंड से अस्पताल हुआ हाईटेक

# सिविल अस्पताल में अब सभी बीमारियों का इलाज संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर का सिविल अस्पताल पिछले कुछ वर्षों में निजी क्षेत्र और सामाजिक संगठनों के उदार दान से काफी मजबूत हुआ है। 50 बिस्तरों वाले इस अस्पताल को मुख्य रूप से निजी कारखानों, व्यापारी संगठनों और विभिन्न समितियों की ओर से करीब दो करोड़ रुपए मूल्य की महत्वपूर्ण मेडिकल सामग्री और उपकरण दान में प्राप्त हुए हैं। ये दान अस्पताल को जिला स्तर की सुविधाओं के करीब ला खड़े कर चुके हैं, जिससे हड्डी रोग को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख बीमारियों का इलाज यहां संभव हो गया है। औद्योगिक क्षेत्र के साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोग अब बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं।




सिविल अस्पताल को फोटो

### अब इलाज और अधिक सुगम होगा

ये सभी सुविधाएं मुख्यतः निजी क्षेत्र के कारखानों के सहयोग से उपलब्ध कराई गई हैं। इससे अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी है और बड़े शहरों में रेफर होने की जरूरत काफी कम हुई है। यह उदाहरण दर्शाता है कि कैसे सरकारी स्वास्थ्य संस्थान और निजी क्षेत्र की साझेदारी से सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिल सकती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अब इलाज अधिक सुगम, तेज और सस्ता हो गया है।

### दान में प्राप्त प्रमुख सामग्री और सुविधाएं

- **सोनोग्राफी मशीन:-** गर्भावस्था और अन्य आंतरिक जांचों के लिए अत्यंत उपयोगी।
- **डिजिटल एक्स-रे मशीन:-** तेज और स्पष्ट इमेजिंग के साथ रोग निदान में सहायक।
- **ओपीडी ब्लॉक:-** आउट पेशेंट विभाग को आधुनिक और सुविधाजनक बनाया।
- **ऑक्सीजन सिलेंडर:-** आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक।
- **डेंटल चेयर:-** दंत चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करने के लिए।
- **फर्नीचर:-** विभिन्न विभागों में बैठने और अन्य उपयोग के लिए।
- **सर्वसुविधायुक्त पोस्टमार्टम भवन:-** पोस्टमार्टम और संबंधित प्रक्रियाओं के लिए पूरी तरह सुसज्जित भवन।

### हमारा प्रयास हॉस्पिटल 100 बिस्तरीय का हो



मंडीदीप सामुदायिक भवन को अत्याधुनिक और बेहतर मशीन, नगर के कुछ बड़े इंडस्ट्री ने सीएसआर फंड के माध्यम से दान दी है, जिसमें मरीजों को उच्चस्तरीय इलाज मिल सकेगा। इसके लिए हम और प्रयासरत्न हैं कि हॉस्पिटल 100 विस्तरीय हो सके।

**शलभ तिवारी, प्रभारी**

## जब्त माल की कीमत 1.5 करोड़, मंदसौर पुलिस की कार्रवाई

# कुख्यात बदमाश गुलशेर और पैरोल से फरार नंदू 1.5 किलो एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

मंदसौर सिटी कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतापगढ़ जिले के कुख्यात आरोपी गुलशेर लाला और भावगढ़ हत्या मामले में पैरोल से फरार नंदकिशोर उर्फ नंदू पाटीदार को 1.5 किलोग्राम अवैध एमडी ड्रग के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त की गई ड्रग की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी नंदकिशोर उर्फ नंदू पाटीदार गंभीर आपराधिक मामलों में पहले से ही फरार चल रहा था। वह भावगढ़ हत्या कांड में सजायाफ्ता है और पैरोल पर बाहर आने के बाद फरार हो गया था। इसी दौरान वह अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय था। सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी भारी मात्रा में एमडी ड्रग लेकर मंदसौर क्षेत्र में सक्रिय है। सूचना के आधार पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1.5 किलो एमडी ड्रग बरामद की गई। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि ड्रग की सप्लाई कहां से लाई गई थी और इसे किन-किन नेटवर्क के जरिए आगे पहुंचाया जाना था।

### अन्य बदमाशों की तलाश जारी

मामले में अन्य तस्करों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई को मंदसौर जिले में नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

**बैरागढ़ और गांधी नगर में पकड़ाए दो शराब तस्कर**

## गाड़ी में भरकर शराब की तस्करी, आरोपी को भेजा जेल



**भोपाल।** नौ लाख रुपए कीमत की अर्टिगा कार की डिग्गी में शराब तस्कर अंग्रेजी शराब की तस्करी कर रहा था। टीम ने जब भानपुर के पास एनएच-46 पर कार रोकी, तो कार में 72 बोतल ओल्ड मंक और रॉयल चैलेंज शराब मिली। टीम ने कार चालक पवन शिवहरे को गिरफ्तार कर लिया। जहां उसे कोर्ट में पेश करने पर जेल भेजने के आदेश जारी किए हैं। इधर गांधी नगर और बैरागढ़ में दो तस्करों से देसी शराब जब्त की गई है। जिला कंट्रोल प्रभारी रामगोपाल भदौरिया ने बताया कि भानपुर के पास पकड़ी गई शराब की कीमत 67 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी का पुराना रिकार्ड भी खंगाला जा रहा है। इधर बैरागढ़ से चौईथ कुमार पिता परमानंद बरानी को मछली मार्केट से पकड़ा, जिसके पास 70 पाव देसी शराब मिली। इसी तरह गांधीनगर में आरोपी राजकुमार पिता गगन दास शिवाजी वार्ड गांधीनगर के कब्जे से 40 पाव देसी शराब जब्त की है।

## शहर के सूखी सेवनिया क्षेत्र में वारदात

# कार से ओवरटेक कर दुकानदार और साथी को पीटा, पैसे छीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आदर्श नगर देवलखेड़ी के पास मुख्य सड़क पर कार सवार तीन बदमाशों ने स्विफ्ट कार से घर जा रहे दुकानदार और उसके साथी को रोक लिया। आरोपियों ने उनके साथ मारपीट करते हुए दो लाख रुपए नगदी झपटी है।

दुकानदार काजीकैंप में इलेक्ट्रानिक्स की दुकान का संचालन करते हैं और दुकान बंद करने के बाद देर रात अपने घर आदर्श नगर जा रहे थे, तभी कॉलोनी के गेट के पास डेयरी के सामने बदमाशों ने वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर लूट का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी के अनुसार आदर्श नगर देवलखेड़ी निवासी आबिद खान (32) की काजीकैम्प इलाके में सस्ता इलेक्ट्रानिक्स नाम से दुकान है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात वह अपनी स्विफ्ट कार से काजीकैंप से दुकान बंद कर घर आदर्श नगर जा रहे थे। उनके साथ आदर्श नगर में रहने वाला एक परिचित भी था। लांबाखेड़ा से वह जगदीशपुर जाने वाले रोड से आदर्श नगर जाने के लिए चल दिए। आदर्श नगर कॉलोनी के गेट के पास हसना डेयरी के सामने करीब सोमवार तड़के तीन बजे पहुंचते ही कार सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया। रुकते ही बदमाशों ने मारपीट शुरू कर दी। इस बीच दो बदमाशों ने आबिद खान के दोनों हाथ पकड़ लिए और जेब से दो लाख रुपए निकाल लिए। रुपए लूटने के बाद बदमाश कार में सवार होकर भाग निकले। घटना के बाद आबिद खान अपने साथी के साथ सूखी सेवनिया थाने पहुंचे और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज करा दिया।

### नवीबाग से पीछा कर रहे थे बदमाश

थाना प्रभारी चौधरी का कहना है कि कार सवार आरोपी नवीबाग से आबिद खान की कार का पीछा कर रहे थे और मौके की तलाश में थे। आदर्श नगर देवलखेड़ी के पास अंधेरा व सूना स्थान पर बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बताया जा रहा है कि दोनों ओर से मारपीट हुई थी। आबिद खान और उसके साथी को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पता चल सकेगा कि मामला आपसी रंजिश का है अथवा वारदात को लूट के इरादे से ही अंजाम दिया गया है।

**खबर संक्षेप**

### स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा विभाग के आंदोलन के मद्देनजर सौंपे ज्ञापन

**भोपाल।** प्रदेश व्यापी स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा विभाग के आंदोलन के पहले चरण में सोमवार को प्रदेशभर में ज्ञापन सौंपे गए। स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव ने बताया कि राजधानी में डॉ. मनीष शर्मा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल के माध्यम से प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को भोपाल में ज्ञापन सौंपा गया है। यह ज्ञापन सभी जिलों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को दिया गया। ज्ञापन में मांग की है कि वर्षों से लंबित 14 सूत्रीय मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाए। कर्मचारियों की लंबित मांगों में अधिकतम मांगें अनार्थिक और सैद्धांतिक हैं, जिनका निराकरण अब तक न होने के कारण प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है।

### करंट से झुलसकर नवीं कक्षा के छात्र की मौत

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित थुंआखेड़ा में घर में काम करते समय नवीं का छात्र करंट से झुलस गया। परिजन उसे इलाज के लिए निजी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर छात्र को मृत घोषित कर दिया। घटना रविवार दोपहर की बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि परिजन अभी शोकाकुल है और बयान देने की स्थिति में नहीं है। सोमवार सुबह शव का पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। पुलिस के अनुसार आयुष पिता राकेश (15) थुंआखेड़ा में रहता था और नवीं कक्षा में पढ़ता था। परिजन ने बताया कि रविवार दोपहर आयुष घर में काम कर रहा था, तभी उसे करंट लग गया। करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गया था। उसे निजी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर आयुष को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शादी का झांसा देकर फाइनेंस कंपनी की कर्मचारी से किया दुष्कर्म

**भोपाल।** शाहपुरा पुलिस ने एक दलित महिला की शिकायत पर पेट्रोल पंप मैनेजर के खिलाफ बलात्कार व एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। शादी का झांसा देकर आरोपी करीब एक साल से महिला का दैहिक शोषण कर रहा था। पिछले दिनों महिला ने उस पर शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने यह कहते हुए शादी करने से इनकार कर दिया कि मैं दलित महिला से शादी नहीं कर सकता। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। प्रकरण दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से जिला बैतूल निवासी 26 साल की महिला निजी फाइनेंस कंपनी में नौकरी करती है। वह अपने एक बेटे के साथ यहां किराए के मकान में रहती है, जबकि पति से अलगाव हो चुका है। कुछ दिन पहले महिला की मुलाकात शैतान सिंह चौराहा के पास शाहपुरा इलाके में रहने वाले दिनेश दुबे (40) से हुई। दिनेश एमपी नगर स्थित एक पेट्रोल पंप पर मैनेजर है। हालांकि वह पहले से शादीशुदा है, दोनों में दोस्ती हो गई। इस बीच फरवरी 2025 में दिनेश ने महिला को बहाने से अपने घर बुलाया और जबरन शारीरिक संबंध स्थापित किए।

## अतिक्रमण और चोरी की घटनाओं से पब्लिक बाइक शेयरिंग योजना को झटका

# दो दर्जन से ज्यादा चार्टर्ड बाइक स्टेशन बंद स्टोर में धूल खा रहीं 900 से अधिक साइकिलें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

राजधानी में पब्लिक बाइक शेयरिंग योजना को नौ साल बाद बड़ा झटका लगा है। आए दिन बाइक स्टैंड पर अतिक्रमण और साइकिलों की चोरी की घटनाओं के चलते शहर के 24 चार्टर्ड बाइक स्टेशनों को बंद कर दिया गया है। दूसरी ओर, आईएसबीटी स्थित स्टोर में 900 से ज्यादा नई साइकिलें धूल खा रही हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 86 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। इनके लिए फिलहाल नए स्टैंड बनाने के लिए जगह चिन्हित की जा रही है। भोपाल स्मार्ट सिटी के अंतर्गत बीसीएलएल द्वारा संचालित इस योजना के तहत अब नए बाइक स्टैंड के लिए सुरक्षित और उपयोगी स्थानों की तलाश शुरू की गई है। उद्देश्य यह है कि उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़े और चोरी व अतिक्रमण जैसी समस्याओं पर लगाम लग सके।

- 9 साल पहले राजधानी में 92 स्टैंड से 500 साइकिलों के साथ की गई थी शुरुआत

### 2017 में हुई थी योजना की शुरुआत

पब्लिक बाइक शेयरिंग सेवा की शुरुआत 25 जून 2017 को की गई थी। तब राजधानी में करीब 500 स्मार्ट साइकिलें और 50 से अधिक स्वचालित डॉकिंग स्टेशन स्थापित किए गए थे। न्यू मार्केट, एमपी नगर और होशंगाबाद रोड जैसे व्यस्त इलाकों से योजना को अच्छी शुरुआत मिली। बाद में स्टेशनों की संख्या बढ़ाकर 92 कर दी गई, लेकिन अब मांग और सुरक्षा के अभाव में 24 स्टेशन बंद किए जा चुके हैं। वर्तमान में शहर में 68 बाइक स्टेशन ही संचालित रह गए हैं।

### महंगी साइकिलें लंबे समय तक रखी रहीं तो होंगी खराब

आईएसबीटी परिसर में अधिकांश साइकिलें तो खुली रखी हैं। कुछ को प्लास्टिक से ढंका है। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और कर्मचारी भी तैनात हैं, लेकिन लंबे समय तक यह रखी रहीं तो इनके खराब होने की भी आशंका रहेगी।

### इन इलाकों में बंद हुए स्टेशन

सर्वे के दौरान जिन इलाकों में उपयोग बेहद कम पाया गया, वहां स्टेशनों को बंद कर दिया गया। इनमें एमपी नगर, इंद्रपुरी, 80 फीट रोड, करोंद, सदर मंजिल सहित कुल 24 स्थान शामिल हैं। कई जगहों पर साइकिलें लंबे समय तक खड़ी रहने से खराब हो रही थीं।



### संचालन में ये हैं सबसे बड़ी दिक्कतें

योजना के संचालन में सबसे बड़ी समस्या बाइक स्टैंड पर कब्जा और साइकिल चोरी की है। कुछ स्थानों पर तो स्टैंड को फूड जोन या ठेलों के अड्डे में बदल दिया गया है। वहीं कई ऐसे इलाके भी सामने आए, जहां स्टैंड तो बना दिए गए लेकिन यूजर्स ही नहीं थे।

### मेट्रो स्टेशनों के पास बनेंगे नए स्टैंड

बीसीएलएल के डायरेक्टर मनोज राठौर ने बताया कि कुछ स्टेशनों से साइकिल चोरी की घटनाएं सामने आई हैं, जिसके चलते उन्हें बंद करना पड़ा। नए बाइक स्टैंड बनाए जाएंगे और मौजूदा स्टैंड पर भी जल्द नई साइकिलें उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा मेट्रो स्टेशनों के आसपास पब्लिक बाइक शेयरिंग स्टैंड बनाने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का उपयोग कर सकें।

### एक नजर में पब्लिक बाइक शेयरिंग योजना

- लागत- 3 करोड़ रुपए
- कुल स्टेशन (पहले)- 92
- सक्रिय स्टेशन (अब)- 68
- साइकिलें (शुरुआत में)- 500
- दैनिक यूजर्स (पहले)- करीब 1000
- वर्तमान यूजर्स (50) से भी कम

## मंडीदीप के पास ट्रेन में झपटा मंगलसूत्र

# नर्मदा एक्सप्रेस में बर्थ पर सो रही महिला के साथ वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी और झपटमारी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। नर्मदा एक्सप्रेस में जबलपुर से उज्जैन का सफर कर रही महिला यात्री से अज्ञात बदमाश मंगलसूत्र झपटकर भाग निकला। जीआरपी रानी कमलापति ने झपटमारी का मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है।

जीआरपी के अनुसार सुखेन्द्र कुशवाह (40) गणेश नगर, अंबेडकर पार्क के पास सतना में रहते हैं। उन्होंने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि उनका नर्मदा एक्स के कोच एस-7 बर्थ नंबर-1 और4 रिजर्वेशन था। उनके साथ पत्नी अभिलाषा भी थी। अभिलाशा कुशवाहा मंगल सूत्र गले में पहने हुए थी और बर्थ नंबर चार पर सो रही थी। ट्रेन रेलवे स्टेशन मंडीदीप से निकलते के बाद धीमी गति से चल रही थी। इसी बीच कोई अज्ञात बदमाश अभिलाषा के गले से मंगलसूत्र झपटकर चलती ट्रेन से कूदकर भाग गया। मंगलसूत्र करीब डेढ़ ग्राम का था। उज्जैन पहुंचने के बाद दंपती ने महाकाल दर्शन के दर्शन किए और रविवार को जीआरपी उज्जैन थाने में शिकायत दर्ज कराई। वहां से केस डायरी मिलने के बाद रानी कमलापति जीआरपी ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## राज्यसभा में उठा इंदौर में दूषित पानी से मौतों का मामला

# कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा, सरकार आम लोगों को जहरीला पानी पिला रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।



इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई 29 से अधिक मौतों का मामला राज्यसभा में गूंजा है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सदन में इस मामले को उठाते हुए कहा है कि पानी सबसे गंभीर विषय है और जहरीला पानी सरकार पिला रही है, इसमें कोई दो राय नहीं है। तिवारी ने कहा कि इस विभाग में जितना करप्शन है, शायद किसी और विभाग में उतना करप्शन नहीं है। इसलिए इस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि इसकी कार्ययोजना से अवगत कराएं। सोमवार को राज्यसभा में सभापति सीपी राधाकृष्णन की मौजूदगी में कांग्रेस से राजस्थान से सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह एक गंभीर विषय है। मानवता से जुड़ा है। हिन्दुस्तान के हर आदमी से जुड़ा सवाल है।

### केंद्र ने राज्य से सवाल किया, रिपोर्ट मांगी

राज्यसभा में महाराष्ट्र से राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित पानी पीने से 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इसलिए वे विभागीय मंत्री से पूछना चाहते हैं कि इन मौतों का जिम्मेदार किसको माना जा रहा है। क्या इसमें सिर्फ राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। क्या जल शक्ति मंत्रालय ने इसमें संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से सवाल किया। क्या इस मामले में राज्य सरकार ने कोई रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसकी जानकारी दी जाए।

## निशातपुरा थाना क्षेत्र की घटना

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा और बाइक को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित आलम अस्पताल के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ई रिक्शा और बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। 31 जनवरी की शाम करीब साढ़े 5 बजे हुए इस हादसे में घायल ई रिक्शा चालक और बाइक सवारों को अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान रविवार देर रात बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। असद खान (42) हाऊसिंग बोर्ड गैस राहत कॉलोनी करोंद में रहते हैं और ई रिक्शा चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 31 जनवरी की शाम करीब साढ़े 5 बजे वह आलम अस्पताल के पास से ई रिक्शा लेकर गुजर रहे थे। ब्रिज के नीचे शाम करीब साढ़े 5 बजे अनियंत्रित ट्रैक्टर के चालक ने उनके ई रिक्शे में टक्कर मार दी। ई रिक्शे में टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर ने बाइक सवार इमरान बैग और पीछे बैठे अब्दुल अकरम को भी टक्कर मारी थी। इस हादसे में असद खान, इमरान बैग और अब्दुल अकरम तीनों को चोट आई थी।

## सारंग ने की विभाग की समीक्षा बैठक

# पैक्स को बनाएं बहुउद्देशीय सुविधा केंद्र : मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को मंत्रालय में केंद्रीय बजट वर्ष 2026-27 के संदर्भ में वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय बजट में सहकारिता विभाग के लिए स्वीकृत प्रावधानों के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट में स्वीकृत योजनाओं एवं कार्यक्रमों के अनुरूप परिणामोन्मुखी कार्ययोजना शीघ्र तैयार की जाए जिससे निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति तय समय-सीमा में सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाना। राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में प्रमुख सचिव सहकारिता डीपी आहूजा, प्रबंध संचालक बीज संघ महेंद्र दीक्षित, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक मनोज गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## टोल प्लाजा कैमरों से होगी निगरानी

# प्रदेश में चेकिंग के नाम पर नहीं होगी अवैध वसूली

### ई-डिटेक्शन सेल से सीधे जारी होंगे ई-चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में अब सड़क पर चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली पर रोक लगेगी। राज्य सरकार ने ई-डिटेक्शन सेल को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र की ई-डिटेक्शन प्रणाली के माध्यम से उत्पन्न ई-चालान जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे के टोल प्लाजा पर लगाए गए कैमरों के जरिए वाहनों की निगरानी की जाएगी और वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने पर सीधे ई-चालान जारी होंगे। परिवहन सचिव मनीष सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार, ई-डिटेक्शन प्रणाली को प्रदेश के नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे के टोल बूथों और अन्य शासकीय

### ऐसे बनेगा ई-चालान

प्रदेश में वर्तमान में स्टेट हाईवे पर लगभग 110 टोल प्लाजा संचालित हैं, जबकि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के 97 टोल प्लाजा प्रदेश में मौजूद हैं। इन टोल प्लाजा से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। अब हर टोल प्लाजा पर लगाए गए हाई-रेजोल्यूशन कैमरे वाहनों के नंबर प्लेट को स्कैन करेंगे। वाहन जैसे ही टोल से गुजरेगा, कैमरे उसका नंबर पढ़कर डाटा को सेंट्रल सर्वर पर भेज देंगे। इसके बाद वाहन से जुड़े दस्तावेजों की वैधता जांची जाएगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर स्वचालित रूप से ई-चालान जारी होगा।

### युवाओं में बढ़ते हाइपोथाइरॉएडिज्म के लिए विशेषज्ञ उपचार

**भोपाल।** युवाओं में हाइपोथाइरॉएडिज्म रोग को जल्द से जल्द डायग्नोज करने एवं उपचारित करने के लिए, आयुष मंत्रालय भारत सरकार और शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल ने, संयुक्त रूप से महाविद्यालय परिसर में एक विशेषज्ञ इकाई की स्थापना की है, इसमें हाइपोथाइरॉएडिज्म के मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

यहां होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति योग आहार चिकित्सा और प्राकृतिक पद्धतियों से व्यक्ति का संपूर्ण उपचार प्रदान किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में रोगी लाभान्वित हो रहे हैं। इस उपचार के पूर्व रोगी का बॉडी कंपोजिशन एनालिसिस किया जाता है ताकि दिए जाने वाले उपचार को व्यक्ति विशेष के लिए संधारित किया जा सके।

## शुक्ल ने की स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा

### योजनाओं के प्रभावी, पारदर्शी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

# स्वास्थ्य सेवाओं पर सरकार का फोकस, रिमोट मेडिकल कॉलेजों में मिलेगा अतिरिक्त इंसेंटिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सरकार ने ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं के प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए है।



बैठक में स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास, चिकित्सकीय एवं सहायक मैनपावर की उपलब्धता, मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन और टर्शरी केयर सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया। दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण स्टाफ की कमी को देखते हुए उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अतिरिक्त इंसेंटिव देने के प्रस्ताव को शीघ्र कैबिनेट में भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योग्य शिक्षकों की उपलब्धता के बिना गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा संभव नहीं है।

### टर्शरी केयर को मिलेगा बल

सीएम केयर्स के अंतर्गत टर्शरी केयर स्वास्थ्य संस्थानों में अत्याधुनिक उपकरणों और आवश्यक मैनपावर की नियुक्ति से जुड़े प्रस्तावों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए है। गंभीर रोगों के उपचार के लिए इन सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा।

### दमोह, छतरपुर और बुदनी मेडिकल कॉलेज पर फोकस

उप मुख्यमंत्री ने दमोह, छतरपुर और बुदनी मेडिकल कॉलेजों में आवश्यक शिक्षण स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र से इन कॉलेजों का संचालन सुनिश्चित किया जाए. बैठक में केंद्रीय बजट के प्रावधानों पर भी चर्चा हुई।

# वो कश्तियां जिन्हें मौजों का डर नहीं होता, नदी खुद उन को किनारे उतार देती हैं...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सदा बन कर घटा बन कर फजा बन कर सबा बन कर, न जाने कब मैं आ जाऊं दरीचा तुम खुला रखना....., वो कश्तियां जिन्हें मोजों का डर नहीं होता, नदी खुद उन को किनारे उतार देती है.... मलका नसीम और हिना हैदर रिजवी के इन अश्आर पर पूरा परिसर वाह वाह कर उठा। सर्द गुलाबी शाम के बीच जब 'जश्ने उर्दू-2026' के समापन दिवस पर 'चिलमन' कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान एवं शायरात मुशायरे का आयोजन हुआ तो समा ओर भी रूहानियत से भर उठा। जहां एक ओर एक से बढ़कर एक अशआरों ने श्रोताओं की वाह वाही बंटौरी तो वहीं व्याख्यान में डॉ. सैयद मुबीन जहरा,प्रो. दिल्ली विवि ने 'आत्मबोध से आत्मनिर्भरता तक उर्दू की ऐतिहासिक साहित्यिक परंपराओं का अध्ययन' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि उर्दू साहित्य ने सदैव आत्मचेतना, सामाजिक जागरूकता और वैचारिक स्वावलंबन को पुष्ट किया है।




## 'जश्ने उर्दू-2026' के समापन पर चला 'चिलमन' मुशायरे का दौर



'जश्ने उर्दू-2026' के समापन पर उपस्थित शायर व कवि।

### उर्दू फिक्शन में नारी आत्मनिर्भरता, चेतना और सामाजिक परिवर्तन का है प्रतीक

वहीं वरिष्ठ लेखिका डॉ. इशरत नाहीद ने 'उर्दू फिक्शन में स्त्री विमर्शः स्वायत्त चेतना की यात्रा' विषय पर बोलते हुए कहा कि उर्दू फिक्शन में नारी आत्मनिर्भरता चेतना और सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। नजीर अहमद की असगरी से लेकर प्रेमचंद, इस्मत चुगताई और बेदी के स्त्री पात्रों तक, उर्दू साहित्य ने हर दौर में महिला को सजग, आत्मनिर्भर और संघर्षशील रूप में प्रस्तुत किया है।

### रंगकर्मियों ने 'उर्दू के साथ मेरी यात्रा' पर विचार किए साझा

वहीं संवाद सत्र में रंगमंच एवं सिनेमा के वरिष्ठ कलाकार संजय मेहता, राजीव वर्मा एवं रीता वर्मा ने 'उर्दू के साथ मेरी यात्रा' विषय पर अपने अनुभव साझा किए। वहीं कार्यक्रम को विराम देते हुए भोपाल के कलाकार आदित्य सिंह गौर द्वारा प्रस्तुत वन्दे मातरम ने वातावरण को भावनात्मक गरिमा से परिपूर्ण किया। अंतिम व समापन सत्र में प्रख्यात गायक एवं कव्वाल रईस अनीस साबरी की कव्वाली ने समापन दिवस को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ऊंचाईयां प्रदान की। इसके पश्चात आयोजित शायरात मुशायरा में शायरों ने अपने अशआर प्रस्तुत किए।

### इन्होंने पेश की शायरी

*होने लगी हैं शहर में हिजरत की आहटें*
*मत बचिए कि गांव का घर काम आएगा*
***कमर सुरूर***
*शहर के शोर में वीरानियां हैं*
*यहां तुम हो मगर तन्हाइयां हैं*
*वहीं पे बैठ के अर्सा गुजारूं*
*जहां तेरी मेरी परछाइयां हैं*
***मनिका दुबे***
*मुख्तसर सी जिंदगी है मुख्तसर सी दास्तां*
*दिन जमीं की कैद में और शब असीर ए आस्मां*
***पूनम मीरा***
*आज के लोग देखे भाले हैं*
*उजली पोशाक दिल के काले हैं*
***परवीन सबा***
*मुझे भी चाहिये मीरास में मेरा हिस्सा*
*सवाल हक नहीं है ये मेरे मान का है*
***डॉ. अम्बर आबिद***
*ये सरासर झूठ है कि मस्अला हैं बेटियां*
*बाद ए सर सर बाद ए गुल बाद ए सबा हैं बेटियां*
***गौसिया सबीन***
*यहां तो भाई-चारे से लबालब हैं सभी के दिल*
*अक़ीदत ख़ूब ही बढ़ती रही भोपाल में मेरे।।*
*कभी ख़तरा जो मंडराया यहां की एकता पर जब*
*मुसीबत आई तो टलती रही भोपाल में मेरे।*
***महावीर सिंह***



## फैशन डिजाइनर विशाखा ने कहा- यूनिक फ्यूजन स्टाइल के साथ बोल्ड व एक्सपेरिमेंटल लुक देता 'वाई टू के' फैशन

# रैंप से लेकर इंस्टाग्राम रील्स तक छाया 'वाई टू के' फैशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फैशन की दुनिया में नए-नए ट्रेंड्स आते रहते हैं, कुछ फैशन ट्रेंड्स ऐसे हैं जो लौटकर वापस भी आए हैं, जिसमें से एक है 'वाई टू के' या साल 2000 का फैशन, ये एक ऐसा ट्रेंड है जो साल 2000 में खूब पॉपुलर हुआ था और अब फिर से इसे लड़कियां अपना रही हैं। आज के दौर में जेन जी गर्ल्स अपने बोल्ड, एक्सपेरिमेंटल और सस्टेनेबल फैशन से स्टाइल स्टेटमेंट बना रही हैं। वे आरामदायक ओवरसाइज कपड़ों, रेट्रो वाइब्स, 90 के दशक के विंटेज स्टाइल और यूनिक फ्यूजन को अपनाकर फैशन को नया रूप दे रही हैं। फिर वो साड़ी के साथ क्रॉप टॉप पहनना हो या साड़ी के साथ जींस, इन सभी यूनिक फ्यूजन स्टाइल को जेन जी गर्ल्स पूरे कांफिडेंस और बोल्ड लुक में अपना रही हैं, या यूं कह सकते हैं कि यह पीढ़ी ट्रेंड्स का पालन करने के बजाय उन्हें खुद बना रही है।







### 'वाई टू के' के पुराने ट्रेंड को नए अंदाज में अपना रही जेन जी जनरेशन

विशाखा ने बताया कि इस फैशन ट्रेंड की शुरुआत 1990 के आखिरी सालों और 2000 में हुई थी। ये वो समय था जब फैशन में नए-नए एक्सपेरिमेंट्स और पॉप कल्चर काफी पसंद किया जाता था। इस फैशन की खास पहचान थी, मेटैलिक फैब्रिक, लो-राइज जींस, शाइनी कपड़े और ढेर सारी एक्सेसरीज और मिनी बैग्स। विशाखा कहती हैं कि उस समय का फैशन इंटरनेट और टेक्नोलॉजी से काफी प्रभावित था, इसलिए इसमें मेटैलिक रंग, फ्यूचरिस्टिक डिजाइन और बोल्ड लुक देखने को मिलते थे। वहीं, ये फैशन ट्रेंड अब फिर से लौट आया है और आज की जेन जी जनरेशन इस पुराने ट्रेंड को नए अंदाज में अपना रही हैं।

**डेनिम ऑन डेनिम और चंकी एक्सेसरीज :** इसमें लड़कियां डेनिम जैकेट के साथ, डेनिम जींस या डेनिम स्कर्ट वियर करती हैं। इसमें आप एक या अलग-अलग शेड के डेनिम को मिक्स मैच करके एक अच्छा सा लुक क्रिएट किया जा सकता है। साथ ही इस फैशन में एक्सेसरीज का भी बहुत बड़ा रोल है, अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए लड़कियां आउटफिट के साथ बड़े-बड़े और फंकी से एक्सेसरीज पहनती हैं जैसे बड़े सनग्लासेस, मोटी चेन, कलरफुल इयरिंग्स या ब्रेसलेट्स। ये सब लुक में एक अलग ही एलिमेंट एड करते हैं और लुक को फंकी बनाते हैं।

### लो-राइज कपड़े के साथ ग्राफिक टॉप्स इन

विशाखा ने कहा कि लो-राइज पैंट्स, स्कर्ट्स और यहां तक कि टॉप्स भी बहुत पॉपुलर रहे हैं। इस ट्रेंड में अक्सर पेट का हिस्सा और बेली बटन दिखता था। इससे लुक बोल्ड के साथ साथ डेरिंग नजर आता है, जो उस वक्त की पहचान था और आज भी ट्रेडिंग हैं। खासकर फिल्मों में भी इस तरह के लुक काफी ट्रेंडी थे। साथ ही 'वाई टू के' फैशन में ग्राफिक डिजाइन वाले टॉप्स भी खूब पहने जाते थे। इन टॉप्स पर बड़े और कलरफुल प्रिंट्स या लोगो बने होते थे, इन टॉप्स को लो राइज जींस या स्कर्ट्स के साथ पेयरअप किया जाता था और अब यही ग्राफिक डिजाइन फिर से गर्ल्स की पहली पसंद बना हुआ है।



### मिनी स्कर्ट्स और मेटैलिक फैब्रिक

मिनी स्कर्ट्स भी इस फैशन ट्रेंड का एक अहम हिस्सा थी, जो आज तक लड़कियों की फेवरेट बनी हुई है। इस फैशन ट्रेंड में मिनी स्कर्ट के साथ क्रॉप टॉप, साथ ही ऐसी ज्वेलरी पहनी जाती हैं जो लुक को ओर फैशनेबल बनाती हैं। 'वाई टू के' फैशन में शाइनी यानी मेटैलिक फैब्रिक्स का भी खूब इस्तेमाल होता था। मेटैलिक जैकेट्स, पैंट्स और टॉप्स बहुत पॉपुलर थे, जो आउटफिट्स को बोल्ड और अट्रैक्टिव लुक देते थे, ऐसा मेटैलिक लुक किसी को भी आपकी तरफ अट्रैक्ट कर ले। अब फिर से पार्टी के लिए जेन जी गर्ल्स इस तरह के आउटफिट को चुन रही हैं।

### शादियों में भी कम्फर्ट के रूप में 'वाई टू के' फैशन की एंट्री

विशाखा ने कहा 'वाई टू के' फैशन केवल कैजुअल वियर नहीं किया जाता बल्कि अब शादियों में भी फैशन के इस बदलते रुप की एंट्री हो गई है और अब युवा शादियों में भी भी जूते, स्नीकर और कम्फर्टेबल फुटवियर पहनना पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही ओवरसाइज्ड कुर्ते, शर्ट्स, को-ऑर्ड सेट्स और फ्लोई ड्रेसेज आज के फैशन का अहम हिस्सा बन चुके हैं जो कहीं न कहीं 'वाई टू के' फैशन से ही इंस्पायारड हैं।



### क्या होता है 'वाई टू के' फैशन

फैशन डिजाइनर विशाखा श्रीवास्तव का कहना है कि फैशन की दुनिया में कुछ सालों पुराने फैशन वापस आते रहते हैं, इस बीच एक और पुराने दौर के फैशन की वापसी हो गई है, जिसे कहते हैं 'वाई टू के' फैशन। ये फैशन सिर्फ रेट्रो तक सीमित नहीं है, बल्कि अब ये यंगस्टर के बीच एक स्टेटमेंट बन रहा है। साल 2000 में जो फैशन ट्रेंड्स हिट थे, अब वही जेन जी के बीच काफी पॉपुलर हो रहे हैं, जिसमें ग्लॉसी लिप्स, बटरफ्लाई क्लिप्स, लो-वेस्ट जींस, बेबी टी-शर्ट्स, और शाइनी एक्सेसरीज। ये सब कुछ एक बार फिर से रैंप से लेकर इंस्टाग्राम रील्स तक छा गया हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर भी इस फैशन लुक्स को खूब रीक्रिएट किया जा रहा है। दिलचस्प बात ये है कि ये ट्रेंड सिर्फ कपड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि मेकअप, हेयरस्टाइल और एक्सेसरीज तक में इस 'वाई टू के' फैशन की झलक साफ देखने को मिलती है।

## राजधानी में रॉयल प्रेस क्लब का नववर्ष मिलन

### वरिष्ठ पत्रकारों ने एक-दूसरे से मुलाकात कर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रॉयल प्रेस क्लब द्वारा सोमवार को राजधानी के भोपाल हाट स्थित 9 मसाला में नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल व हरिभूमि के संपादक प्रमोद भारद्वाज ने दीप प्रज्वलन कर की। इस अवसर पर भोपाल के व दिल्ली से आए वरिष्ठ पत्रकारों ने एक-दूसरे से मुलाकात कर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। समारोह में भाजपा प्रवक्ता मिलन भार्गव, दुर्गेश केसरवानी, जनसंपर्क संचालनालय से पंकज मित्तल व जीएस बाधवा तथा कांग्रेस प्रवक्ता अवनीश बुंदेला सहित भाजपा-कांग्रेस के मीडिया विभाग से जुड़े अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। मप्र पुलिस के पीआरओ नवीन वर्मा भी उपस्थित रही। मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार राजेश सक्सेना ने किया। रॉयल प्रेस क्लब के अध्यक्ष पंकज भदौरिया ने अतिथियों और पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त कर नववर्ष में सकारात्मक पत्रकारिता और सशक्त बनाने का संदेश दिया।



भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल व हरिभूमि के संपादक प्रमोद भारद्वाज ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।



## एमएसएमई मंत्री काश्यप ने किया भोपाल प्रेस क्लब के कैलेंडर का विमोचन

**भोपाल।** प्रदेश के एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने सोमवार को भोपाल प्रेस क्लब के कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अजय बोकिल, सतीश सक्सेना, संजय सक्सेना, हाकम सिंह गुर्जर, देवकीनंदन पाण्डेय, दीनानाथ पटेल मौजूद रहे।

## कोई भी काम शुरू करने की यही है सही उम्र, आइडिया सोचिए और मार्केट में उतरिए...

एमपी बिजनेस नेटवर्क समिट 2026 के अंतिम दिन स्टार्टअप सोच, नेटवर्किंग पावर और ग्रीन एनर्जी पर हुई चर्चा




एमपी बिजनेस नेटवर्क समिट के समापन पर चर्चा करते हुए बिजनेस लीडर्स और उद्यमी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल (बीएनआई) भोपाल चैप्टर द्वारा आयोजित एमपी बिजनेस नेटवर्क समिट 2026 का समापन रविवार को हुआ। दो दिवसीय इस समिट ने मप्र के उभरते स्टार्टअप्स, उद्यमियों और बिजनेस लीडर्स को एक ऐसा मंच दिया। अंतिम दिन बिजनेस नेटवर्किंग, लोकलाइज्ड ग्रीन ट्रांजिशन और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) इन बिजनेस जैसे विषयों पर पैनल डिस्कशन आयोजित किए गए, जिनमें बदलते कारोबारी परिदृश्य पर गहरी चर्चा हुई। चाय सुट्टा बार के फाउंडर अनुभव दुबे ने जर्नी ऑफ बिल्डिंग एन इंडियन ब्रांड विषय पर चर्चा की। रीवा के मध्यम वर्गीय परिवार में जन्में अनुभव ने बताया कि मेरे पिता की इच्छा थी कि मैं पढ़-लिखकर आईएएस बनूं, लेकिन मैंने स्कूल में थॉट ऑफ द डे पढ़ने के बजाय अपने शब्दों में बात करना चाही। पढ़ाई के बाद इंदौर गया और वर्ष 2015 में बिना परिवार को बताए गर्ल्स हॉस्टल के पास एक छोटी सी चाय की दुकान शुरू की। हमारा टारगेट जेन-जी था, इसलिए नाम रखा चाय सुट्टा बार। उन्होंने कहा कि शुरूआत में उन्हें सामाजिक आलोचना, असफलता की भविष्यवाणियां और यहां तक कि नारकोटिक्स विभाग की कार्रवाई जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने इसे अपने सफर का हिस्सा माना।

### कोरोना का दौर चुनौतीपूर्ण था

अनुभव ने बताया कि जब स्टार्टअप रफ्तार पकड़ रहा था, तभी कोरोना महामारी आ गई, जो उनके लिए सबसे चुनौतीपूर्ण दौर था। जब बिजनेस ठप था, तब हमने स्ट्रैटेजी बनाई। इसी सोच का परिणाम रहा कि वर्ष 2020 में दुबई में पहला इंटरनेशनल आउटलेट शुरू हुआ और हाल ही में कनाडा में छह नए आउटलेट्स की शुरुआत की गई। उन्होंने कहा कि विदेशों में भारतीय कुजिन की जबरदस्त मांग होने के बावजूद भारत का कोई बड़ा ग्लोबल फूड ब्रांड नहीं है

#### दुष्यंत संग्रहालय में रियासत से विरासत पुस्तक का विमोचन

## पांच पीढ़ियों तक महिला नवाबों ने शासन कर मिसाल कायम की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यंत संग्रहालय में लेखक रमज़ान खान की पुस्तक रियासत से विरासत का विमोचन एवं संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहासकार डॉ. मीरा दास ने की, जबकि संचालन राजेन्द्र बिरोले ने किया। इस अवसर पर गायक मोहन सिंह टोंक, राजेन्द्र बुजाड़े सहित कई गायकों ने ग़ज़लों, फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।




### इतिहास में पेश की नई मिसाल

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरिफ़ अज़ीज़ ने कहा कि भोपाल वह अनोखी रियासत रही है जहां पांच पीढ़ियों तक महिला नवाबों ने शासन कर इतिहास में नई मिसाल कायम की और शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए।



# किच्चा सुदीप के सिनेमा में 30 साल पूरे

**मुंबई।** कन्नड़ फिल्म उद्योग के सुपरस्टारों में से एक, निर्देशक और टीवी होस्ट किच्चा सुदीप ने अपने करियर के 30 साल पूरे कर लिए हैं, और अभिनेता के लिए ये किसी बड़े सपने के सच होने जैसा है। जब अभिनेता ने दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखा था, तब वे कई सपनों, शंकाओं और असीम आशाओं से भरे थे। आज वे सिनेमा पर राज कर रहे हैं। अपने करियर में 'ईगा (मक्खी)', 'विक्रांत रोना' और 'कब्जा' जैसी बहुभाषी हिट फिल्में देने वाले अभिनेता ने 30 साल का सफर पूरा कर लिया है और वे सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों और समर्थकों का आभार व्यक्त कर रहे हैं। किच्चा सुदीप ने सोशल मीडिया पर फैंस को धन्यवाद देते हुए और अपनी जर्नी को लेकर भावनाओं से भरा पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, इस अद्भुत, खूबसूरत फिल्म जगत में तीन दशकों के बाद यहां खड़े होकर मेरा दिल बस खुशी से भरा है। सपनों, शंकाओं और असीम आशाओं से भरे एक लड़के से लेकर आज जो कुछ भी यह मुकाम हासिल किया है, वह आपकी बदौलत मेरी कल्पना से कहीं अधिक बड़ा है।

लाइफ Style



# कृति
## फैशन डिजाइनर को किया थैंक्यू पोस्ट

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने बीते महीने अपनी बहन और एक्ट्रेस नुपूर सेनन की शादी धूमधाम से सेलिब्रेट की थी। शादी के बाद अभिनेत्री लगातार अलग-अलग फंक्शन से जुड़ी फोटोज सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रही हैं। उन्होंने अपनी बहन की विदाई को लेकर भी एक भावुक पोस्ट किया था, लेकिन अब उन्होंने इंडस्ट्री के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के लिए एक थैंक्यू पोस्ट किया है।

एजेंसी ▸▸| मुंबई

कृति सेनन और उनके पूरे परिवार ने नुपूर की शादी में जितनी भी इंडियन ड्रेसेज पहनी थीं, उन्हें मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया था। नुपूर की शादी का लहंगा और उनके माता-पिता समेत कृति की ड्रेस भी मनीष ने खास तौर पर डिजाइन किए थे। अब कृति ने इतनी खूबसूरत इंडियन ड्रेसेज और शादी को यादगार बनाने के लिए डिजाइनर का धन्यवाद किया है। उन्होंने परिवार के साथ फोटोज पोस्ट कर लिखा, "मेरे खास दोस्त मनीष मल्होत्रा के लिए खास पोस्ट। शादी के लिए मेरे पूरे परिवार को इतने खूबसूरत ढंग से सजाने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।" उन्होंने लिखा, "आपने सभी के लुक को इतने प्यार, स्नेह और आशीर्वाद से कस्टमाइज किया कि दुल्हन से लेकर मेरे माता-पिता तक, जो पहली बार मनीष मल्होत्रा की ड्रेस पहनकर बेहद खुश थे, सभी खुश और सहज महसूस कर रहे थे। सबके चेहरों पर दिख रही खुशी सब कुछ बयां कर रही है। हमारे खास दिन को और भी खूबसूरत बनाने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।" बहन नुपूर की शादी के दिन कृति ने ऑफ व्हाइट और गोल्डन कलर का लहंगा पहना था, जिस पर पैच वर्क से लेकर बारीक कढ़ाई की गई थी, जबकि अभिनेत्री की मां ने पिंक और गोल्डन कलर की हैवी एम्ब्रॉयडरी वाली साड़ी पहनी थी।

## हॉलीवुड मसाला



# गहरे और मुश्किल किरदार निभाना कठिन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट का कहना है कि परदे पर गहरे और मुश्किल किरदार निभाने के बाद उन्हें अपनी असली जिंदगी में लौटने में काफी मुश्किल होती है। ऑस्कर पुरस्कार जीत चुकी केट विंसलेट ने कहा कि एक कलाकार के तौर वह कुछ अनुभवों के बारे में बहुत कम बात करती हैं, क्योंकि यह बात उन्हें खुद भी कुछ ज्यादा निजी लगती है। उन्होंने बताया कि जब कोई अभिनेता बहुत कठिन किरदार निभाता है, तो उससे बाहर निकलना आसान नहीं होता। उन्होंने अपनी वेब सीरीज 'मेयर ऑफ ईस्टटाउन' का जिक्र करते हुए कहा कि इस भूमिका ने उन्हें अंदर तक थका दिया था। केट ने बताया ऐसे किरदार निभाने के बाद उन्हें जिंदगी में फिर से "री-एंट्री" करनी पड़ती है।



# कॉस्टनर ने की नए अंदाज में वापसी

केविन माइकल कॉस्टनर हॉलीवुड के उन अभिनेताओं में गिने जाते हैं, जिन्होंने स्टारडम को शोर-शराबे के बजाय काम की गंभीरता से हासिल किया। 2000 के दशक में उनका फिल्मी करियर कुछ समय के लिए धीमा पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी सिनेमा से दूरी नहीं बनाई। 2010 के बाद उन्होंने नए अंदाज में वापसी की। टीवी सीरीज 'येलोस्टोन' में जॉन डटन की भूमिका ने उन्हें नई पीढ़ी के दर्शकों से जोड़ा और साबित किया कि उम्र अभिनय की गहराई को और मजबूत बनाती है। केविन कॉस्टनर को हॉलीवुड में एक ऐसे कलाकार के रूप में देखा जाता है जो विवादों से दूर रहकर अपने काम पर ध्यान देता है। वे अमेरिकी इतिहास, पश्चिमी संस्कृति और मानवीय मूल्यों से जुड़ी कहानियों को पर्दे पर लाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी फिल्में अक्सर सत्ता, नैतिकता और व्यक्ति की जिम्मेदारी जैसे विषयों को छूती हैं। इस तरह केविन कॉस्टनर केवल एक सफल अभिनेता नहीं, बल्कि हॉलीवुड के उस दौर के प्रतिनिधि हैं, जहां स्टारडम से अधिक महत्व कहानी, किरदार और विश्वसनीय अभिनय को दिया जाता था।



# निर्माता की कुर्सी पर वापस आईं सौंदर्या

**मुंबई।** तमिल सिनेमा की जानी-मानी हस्ती और अनुभवी फिल्म निर्माता सौंदर्या रजनीकांत एक बार फिर सुर्खियों में हैं। लंबे समय बाद वह फिल्म निर्माण की दुनिया में वापसी कर रही हैं। इस बीच उन्होंने एक इवेंट में बीते सालों की यादें, संघर्ष और नई शुरुआत की झलक साझा की। दरअसल, सौंदर्या रजनीकांत निर्देशक मदन की फिल्म 'विद लव' के प्री-रिलीज इवेंट में शामिल हुईं। वह इस फिल्म की निर्माता हैं। उन्होंने कहा, 'यह पल मेरे लिए सिर्फ एक फिल्मी इवेंट नहीं, बल्कि जीवन का भावुक क्षण है। मैंने निर्देशक वेंकट प्रभु को इस कार्यक्रम में आने के लिए फोन किया था। बातचीत के दौरान वेंकट प्रभु ने मुझे याद दिलाया कि उनकी पिछली फिल्म 'गोवा' को रिलीज हुए पूरे सोलह साल हो चुके हैं।' सौंदर्या ने बताया, 'गोवा' ही वह फिल्म थी, जिसके साथ मैंने निर्माता के रूप में अपनी पहचान बनाई थी।



# ओ रोमियो का गाना 'इश्क का फीवर' रिलीज

**मुंबई।** साजिद नाडियाडवाला और विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इस कड़ी में मेकर्स ने नया गाना 'इश्क का फीवर' रिलीज कर दिया है। इस गाने को अरिजीत सिंह ने गाया है। कुछ दिनों पहले ही अरिजीत ने घोषणा की थी कि अब वह प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास ले रहे हैं। इस फैसले के बीच अरिजीत का नया गाना उनके चाहने वालों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। गाने में म्यूजिक कंपोज विशाल भारद्वाज ने किया है। वहीं, इसके बोल गुलजार ने लिखे हैं। गाने की शुरुआत में फरीदा जलाल की एक दमदार लाइन सुनाई देती है, जो धीरे-धीरे एक मधुर और रोमांटिक धुन में बदल जाती है। इसके बाद शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की केमिस्ट्री गाने के इमोशन्स को और गहरा बना देती है। यह गाना धीरे-धीरे दिल में उतरता है।

# आम्रपाली ने किया मजेदार वीडियो शेयर



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और पोस्ट के जरिए अपने फैंस के दिलों में खास मौजूदगी रखती हैं। उन्होंने एक मजेदार वीडियो शेयर किया। दरअसल, इन दिनों सोशल मीडिया पर पंजाबी सॉन्ग 'कित्थे रह गया' काफी ट्रेंड कर रहा है। कई सेलेब्स और सोशल मीडिया यूजर्स, सेलेब्रिटी वीडियो बनाकर ट्रेंड का हिस्सा बन रहे हैं। ट्रेंड को फॉलो करते हुए अभिनेत्री आम्रपाली दुबे ने भी शानदार वीडियो बनाया है। वे गाने के बोल पर शानदार एक्सप्रेशन दे रही हैं और कैमरे के सामने गाने की लय के साथ चेहरे के भाव बदल-बदलकर लुत्फ उठा रही हैं।

अभिनेत्री का ये अंदाज काफी आकर्षक लग रहा है और उन्होंने वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर कर स्माइली इमोजी से प्रतिक्रिया दी। फैंस को ये गाने काफी पसंद आ रहे हैं। गाने में आम्रपाली का अंदाज इतना नेचुरल लग रहा है कि वे इसे काफी एंजॉय कर रहे हैं। गाना 'कित्थे रह गया' की बात करें तो इसे नीति मोहन ने अपनी मधुर आवाज में गाया, जबकि इसके लिरिक्स कुमार ने लिखे और संगीत अभिजीत वाघानी ने तैयार किया था।

# अभिनेत्री से साथ-साथ सफल उद्यमी पारुल



**मुंबई।** बॉलीवुड और ओटीटी की दुनिया में लगातार अपनी अलग पहचान बना रहीं अभिनेत्री पारुल गुलाटी इन दिनों अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। अभिनय के साथ-साथ एक सफल उद्यमी के तौर पर भी अपनी पहचान रखने वाली पारुल अब थ्रिलर फिल्म 'तू या मैं' में नजर आएंगी। उन्होंने हाल ही में इस फिल्म और अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की है और इसे अपने करियर का एक बेहद खास मौका बताया। फिल्म 'तू या मैं' में पारुल गुलाटी के साथ आदर्श गौरव और शनाया कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं, जिनकी फिल्मों की पहचान भावनाओं, रिश्तों और गहराई से जुड़ी कहानियों के लिए रही है। इस फिल्म में पारुल लायरा नाम का किरदार निभा रही हैं, जो शनाया कपूर के किरदार की करीबी दोस्त और मैनेजर है। फिल्म का हिस्सा बनने पर पारुल ने कहा, 'आनंद एल राय का सिनेमा मुझे हमेशा से आकर्षित करता रहा है। फिल्म की कहानी नाटकीय होने के साथ-साथ भावनात्मक रूप से शानदार है और दर्शकों को भीतर तक छू जाएगी।'पारुल ने अपने किरदार को लेकर बताया, 'मेरा किरदार लायरा सिर्फ एक दोस्त नहीं है बल्कि एक ऐसा इंसान है जो हर मुश्किल में साथ खड़ी रहती है, सही सवाल पूछती है, जरूरत पड़ने पर टोकती भी है और बिना शर्त समर्थन करती है।

मैं इस किरदार को निभाकर बेहद खुश हूं और अभी भी इस एहसास में डूबी हुई हूं कि मुझे इतना अहम रोल निभाने का मौका मिला है।''

# तेलुगु फिल्मों में डेब्यू करने के लिए तैयार राशा



**मुंबई।** बॉलीवुड में फिल्म 'आजाद' से डेब्यू कर चुकी अभिनेत्री राशा थडानी अब तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वह फिल्म 'श्रीनिवास मंगापुरम' में नजर आने वाली हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का मोशन पोस्टर सामने आ चुका है। सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए राशा थडानी ने खुशी जाहिर की है। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी है।

इंस्टाग्राम पर राशा थडानी ने जो पोस्टर शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने हल्की बैंगनी रंग की ड्रेस पहनी है। उन्होंने अपने बाल खोले हैं। इसके बैकग्राउंड में गुड़हल के फूल लगे हैं। मोशन पोस्टर शेयर करते हुए राशा थडानी ने लिखा है 'श्रीनिवास मंगापुरम की मंगा से मिलिए। आभार और उम्मीद से भरे दिल के साथ, मैं तेलुगु सिनेमा में अपना पहला कदम रख रही हूं। यह एक ऐसी दुनिया है, जहां जमीन से जुड़ी कहानियां होती हैं। इस सफर ने मुझे अपने ऊपर यकीन करना और सब्र करना सिखाया है। उन लोगों का शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर शुरुआत में भरोसा किया।'

फिल्म 'श्रीनिवास मंगापुरम' के निर्देशक अजय भूपति हैं। राशा थडानी इस फिल्म में मंगा का किरदार निभाएंगी। यह फिल्म कब रिलीज होगी इसके बारे में जानकारी नहीं है। अजय भूपति ने पहले 'आरएक्स 100', 'महा समुद्रम' और 'मंगलावरम' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। बता दें कि राशा थडानी ने फिल्म 'आजाद' से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसमें अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने भी अभिनय किया था। फिल्म का निर्देशन अभिषेक कपूर ने किया था। 17 जनवरी 2025 को रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर पाई थी। राशा जल्द ही फिल्म 'लइकी लइका' में नजर आने वाली हैं।

## टीवी मसाला

# हिना खान ने शेयर की तुर्किए यात्रा की झलक, लिखा- छोटे पलों में है खुशी

**मुंबई।** हिना खान का मानना है कि खुशियां सबसे छोटे और साधारण पलों में छिपी होती हैं। अभिनेत्री ने अपनी इस्तांबुल यात्रा की एक शांत और



खूबसूरत झलक साझा की, जिसमें वह नाश्ते के दौरान पक्षियों को खाना देती दिखीं। उनके पीछे खूबसूरत हागिया सोफिया और ब्लू मस्जिद का नजारा भी दिखाई दे रहा था। हिना खान ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों की शेयर किया है, जिसमें शांत सुबह का नजारा दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि पक्षियों को खासकर चीज बहुत पसंद थी। ऐतिहासिक शहर की खूबसूरती का आनंद लेते हुए हिना इस पल की सादगी और शांति में खुश नजर आईं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, "खुशी है- हागिया सोफिया और ब्लू मस्जिद के खूबसूरत नजारे के साथ पक्षियों को खाना खिलाना। उन्हें चीज बहुत पसंद है।" हिना ने अपने पति रॉकी जैसवाल, मां और परिवार के साथ तुर्की की यात्रा की एक झलक साझा की थी।

## बिली ईलिश को 'वाइल्डफ्लावर' के लिए 'सॉन्ग ऑफ द ईयर'

# दलाई लामा ने 'मेडिटेशन्स' के लिए जीता पहला ग्रैमी

एजेंसी ▸▸| लॉस एंजिल्स

संगीत जगत के ऑस्कर के रूप में लोकप्रिय 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स के विजेताओं की लिस्ट सामने आ चुकी है। इवेंट का आयोजन लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो कॉम एरिना में हुआ। यहां संगीत जगत के सितारे अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित हुए हो रहे हैं। इस बार की सबसे चर्चित जीत तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा की रही। दलाई लामा का यह पहला ग्रैमी है, उन्होंने अपनी ऑडियो बुक 'मेडिटेशन्सः द रिफ्लेक्शंस ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा' के लिए बेस्ट ऑडियो बुक, नैरेशन एंड स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग का अवॉर्ड जीता। इस कैटेगरी में केतनजी ब्राउन जैक्सन, ग्रैमी होस्ट ट्रेवर नूह और अन्य नामी हस्तियों को नोमिनेशन मिला था।



### लैमर को रिकॉर्ड ऑफ द ईयर केंड्रिक

*68वें ग्रैमी अवॉड्र्स में कई बड़े नामों ने जीत हासिल की। एल्बम ऑफ द ईयर का अवॉर्ड बैड बनी को उनके स्पैनिश-लैंग्वेज एल्बम डेबी तिरार मास फोटोस के लिए मिला। रिकॉर्ड ऑफ द ईयर केंड्रिक लैमर और एसजेडए के गाने लूथर को मिला। सॉन्ग ऑफ द ईयर लेडी गागा के अब्राकाडाब्रा को दिया गया, जो उनकी क्रिएटिविटी और परफॉर्मेंस को दर्शाता है।*

### बेस्ट न्यू आर्टिस्ट का सम्मान ओलिविया डीन ने जीता

वहीं, बेस्ट न्यू आर्टिस्ट का सम्मान ब्रिटिश सिंगर ओलिविया डीन ने जीता। बेस्ट पॉप वोकल एल्बम भी लेडी गागा के मेहेम को मिला, जो उनकी पॉप स्टाइल की मजबूती दिखाता है। 68वें ग्रैमी अवॉड्र्स में लेडी गागा, निर्माता सर्कट और जैक एंटोनॉफ ने सबसे ज्यादा सात-सात नामांकन हासिल कर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। तीनों अलग-अलग संगीत शैलियों में काम करते हैं। इनके ठीक पीछे बैड बनी, लियोन थॉमस और सबरीना कारपेंटर हैं, जिन्हें छह-छह नामांकन मिले हैं। इसके अलावा, म्यूजिक फॉर जॉन विलियम्स को बेस्ट म्यूजिक फिल्म का अवॉर्ड मिला, जिससे निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग ने अपना पहला ग्रैमी जीत लिया।

### के-पॉप एक्ट ने पहली बार जीता ग्रैमी

सॉन्ग ऑफ द ईयर का अवॉर्ड बिली ईलिश को उनके गाने 'वाइल्डफ्लावर' के लिए मिला। यह उनके भाई फिनियास के साथ सह-लेखन और प्रोडक्शन पर आधारित है। वहीं, के-पॉप ग्रुप से जुड़े के-पॉप डेमन हंटर्स के गाने 'गोल्डन' ने बेस्ट सॉन्ग रिटन फॉर विजुअल मीडिया का अवॉर्ड जीता। यह पहली बार है जब किसी के-पॉप एक्ट ने ग्रैमी जीता है।

# मुंबई टीम में लौटे ठाकुर-जायसवाल, कर्नाटक के खिलाफ खेलेंगे क्वार्टर फाइनल



एजेंसी ▶▶| मुंबई

कप्तान शारदुल ठाकुर और भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को 6 फरवरी से कर्नाटक के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए सोमवार को मुंबई की टीम में शामिल किया गया।

मुंबई की टीम चार जीत और तीन ड्रॉ से एलीट ग्रुप डी में शीर्ष पर रही जबकि कर्नाटक ने ग्रुप ए के अपने अंतिम लीग मैच में पंजाब पर रोमांचक जीत की बदौलत अंतिम आठ में जगह बनाई। मुंबई और कर्नाटक के बीच क्वार्टर फाइनल 6 से 10 फरवरी तक यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर खेला जाएगा क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम 7 फरवरी से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के मुकाबलों की मेजबानी करेगा।

## रणजी ट्रॉफी : 6 से 10 फरवरी तक एमसीए बीकेसी मैदान में भिड़ेंगी दोनों टीम

### दूसरी बार मुंबई के लिए खेलेंगे जायसवाल

रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में जायसवाल दूसरी बार मुंबई के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। इससे पूर्व वह राजस्थान के खिलाफ पहले दौर के मैच में खेले थे। मुंबई क्रिकेट संघ और सीनियर चयन पैनल ने चयन के लिए भारत के इस सलामी बल्लेबाज के नाम पर विचार नहीं किया था क्योंकि वह रविवार को संपन्न हुए ग्रुप चरण के दूसरे दौर के मुकाबलों के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि करने में नाकाम रहे थे। जायसवाल टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। इस बीच ठाकुर मुंबई के नियमित कप्तान सिद्धेश लाड की जगह टीम की अगुआई करेंगे, जिन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान उन्हें लगी चोट के बाद टीम की कप्तानी की थी।

### टीम इस प्रकार

शारदुल ठाकुर, यशस्वी जायसवाल, मुशीर खान, सरफराज खान, सिद्धेश लाड, अखिल हेरवादकर, आकाश आनंद, हार्दिक तमोरे, साईराज पाटिल, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, ओंकार तरमाले, दिव्यांश सक्सेना और सूर्यांश शेडगे।




## खबर संक्षेप



### सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिपः बांग्लादेश से हारा भारत

**पोखरा।** भारतीय अंडर-17 महिला राष्ट्रीय टीम को पोखरा रंगशाला स्टेडियम में सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश के लिए दोनों गोल पहले हाफ में अर्पिता बिश्वास (29वें मिनट) और अल्पी अख्तर (40वें मिनट) ने दागे। भारत की अंडर-17 टीम अधिक आयु वर्ग के टूर्नामेंट 'अंडर-19 चैंपियनशिप' में हिस्सा ले रही है, जिससे कि एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप की तैयारी कर सके। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में नेपाल को 1-0 किया था।

### इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया, सीरीज की अपने नाम

**पाल्लेकल।** टॉम बेंटोन के 33 गेंद में नाबाद 54 रन की मदद से इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरा टी20 डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर छह विकेट से जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। इंग्लैंड के पास तीन मैचों की श्रृंखला में 2 . 0 की विजयी बढत हो गई है। बेंटोन ने अपनी पारी में तीन छक्के और चार चौके लगाए, जिसके दम पर इंग्लैंड ने 17 ओवर में 168 रन के संशोधित लक्ष्य के जवाब में 16 . 4 ओवर में चार विकेट पर 173 रन बनाए।

### 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका की सह-मेजबानी में महामुकाबला

# टी20 वर्ल्ड कप के वार्म अप मैचों का शेड्यूल आया सामने, खेले जाएंगे 16 मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने मेंस टी20 वर्ल्ड कप वार्म-अप मुकाबलों के शेड्यूल की पुष्टि कर दी है। 2 से 6 फरवरी के बीच कुल 16 वार्म-अप मैच खेले जाएंगे। 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका की सह-मेजबानी में टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन होगा, जिससे पहले वार्म-अप मैच भी इन्हीं देशों में खेले जाएंगे।

भारतीय सरजमीं पर बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) ग्राउंड 1 और नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम और चेन्नई में एमए चिदंबरम स्टेडियम में वार्म-अप मैच खेले जाएंगे। दूसरी ओर, श्रीलंका में एसएससी क्रिकेट ग्राउंड और कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड में वार्म-अप मैच आयोजित होंगे। 2 फरवरी को वार्म-अप मैच में भारत-ए यूएसए से भिड़ी। इसके बाद भारतीय टीम 4 फरवरी को साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में उतरेगी। 6 फरवरी को भारत-ए की टीम नामीबिया के विरुद्ध वार्म-अप मुकाबला खेलेगी।




## वार्म-अप मुकाबलों का शेड्यूल

**2 फरवरी**

***अफगानिस्तान बनाम स्कॉटलैंडः*** *बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 1, बेंगलुरु (दोपहर 3 बजे से)*
***यूएसए बनाम इंडिया 'ए':*** *डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई (शाम 5 बजे से)*
***कनाडा बनाम इटलीः*** *एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (शाम 7 बजे से).*

**3 फरवरी**

***ओमान बनाम श्रीलंका 'ए': कोलंबो*** *क्रिकेट क्लब ग्राउंड, कोलंबो (दोपहर 1 बजे से)..*
***नीदरलैंड बनाम जिम्बाब्वेः*** *आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो (दोपहर 3 बजे से).*
***नेपाल बनाम यूएईः*** *एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (शाम 5 बजे से).*

**4 फरवरी**

***स्कॉटलैंड बनाम नामीबियाः*** *बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 2, बेंगलुरु (दोपहर 1 बजे से)*
***अफगानिस्तान बनाम वेस्टइंडीजः*** *बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 1, बेंगलुरु (दोपहर 3 बजे से)*
***पाकिस्तान बनाम आयरलैंडः*** *एसएससी क्रिकेट ग्राउंड, कोलंबो (शाम 5 बजे से).*
***भारत बनाम दक्षिण अफ्रीकाः*** *डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई (शाम 7 बजे से).*

**5 फरवरी**

***जिम्बाब्वे बनाम ओमानः*** *कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड, कोलंबो (सुबह 11 बजे से)*
***नेपाल बनाम कनाडाः*** *एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (दोपहर 1 बजे से)*
***ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंडः*** *आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो (शाम 5 बजे से)*
***न्यूजीलैंड बनाम यूएसएः*** *डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई (शाम 7 बजे से).*

**6 फरवरी**

***इटली बनाम यूएईः*** *एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (दोपहर 3 बजे से).* ***इंडिया 'ए' बनाम नामीबियाः*** *बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 1, बेंगलुरु (शाम 5 बजे से).*

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले तिलक वर्मा इंडिया ए स्क्वॉड में शामिल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आक्रामक बल्लेबाज तिलक वर्मा को टी20 विश्व कप के अभ्यास मुकाबलों के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया जबकि लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद तेज गेंदबाज मयंक यादव की भी टीम में वापसी हुई। तिलक को ग्रोइन की चोट से पूरी तरह उबरने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से खेलने की स्वीकृति मिल गई है। वह सीनियर राष्ट्रीय टीम में फिर से शामिल होने से पहले दो अभ्यास मैच में से एक में खेलेंगे। यह बाएं हाथ का बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में हुई टी20 श्रृंखला में नहीं खेल पाया था, जिसमें श्रेयस अय्यर को उनकी जगह मौका दिया गया था।

### भारत ए का बेंगलुरु के सीओई में नामीबिया से सामना

बीसीसीआई ने टीम की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'तिलक वर्मा सीनियर टीम में शामिल होने से पहले एक अभ्यास मैच खेलेंगे।' भारत ए की टीम नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में अमेरिका से भिड़ी जबकि शुक्रवार को बेंगलुरु के सीओई में नामीबिया का सामना करेगी। आयुष बडोनी 15 सदस्यीय भारत ए टीम की कप्तानी करेंगे, जिसमें नमन धीर, विपराज निगम और रियान पराग भी शामिल हैं। मयंक स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण एक साल से अधिक समय से टीम से बाहर थे।

**म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्या.**
कार्यालयः- तृतीय तल सहकार भवन रंगमहल टॉकीज के सामने नार्थ टी.टी. नगर, भोपाल (म.प्र.), फैक्स 2779368
फोन : 0755-2775662, 2779368, E-mail : awassangh@gmail.com
क्रमांक/आ.संघ/संपदा/2025/980 दिनांक : 02.02.2026

**आम-सूचना नामांतरण हेतु**

म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्या. भोपाल के कार्यालयीन रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड क्रमांक 19, आराधना नगर भोपाल, लोक निर्माण विभाग कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. भोपाल द्वारा श्री गोरांगचंद्र दास आत्मज स्व. श्री जदू मोहन दास को संस्था द्वारा वर्ष 1982 में आवंटित किया गया था। श्री गोरांग चंद्र दास का स्वर्गवास दि.03.05.2013 को हो चुका है उक्त भूमि की लीज अवधि वर्ष 2006 में समाप्त हो जाने के पश्चात नामांतरण/लीज नवीनीकरण की कार्यवाही वर्ष 2025 में प्रारंभ हुयी।
आराधना नगर की नामांतरण एवं लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ होने के पश्चात श्री गोरांग चंद्र दास की पत्नी श्रीमती नमिता दास द्वारा उक्त प्लाट/भूखण्ड का नामांतरण स्वयं के नाम से करने हेतु आवेदन एवं दस्तावेजों को प्रेषित कर अनुरोध किया गया है। यदि उपरोक्त प्लाट के नामांतरण पर संपत्ति से हितबद्ध वारिस एवं अन्य किसी व्यक्ति संस्था बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो **15 दिवस में** मय दस्तावेज एवं प्रमाण के साथ आवास संघ कार्यालय में सम्पर्क करें।
उक्त निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त प्लाट क्रमांक 19, आराधना नगर भोपाल का नामान्तरण श्रीमती नमिता दास पत्नी स्व. श्री गोरांग चंद्र दास के पक्ष में करने हेतु आवास संघ स्वतंत्र रहेगा।
**नोटः-** आपत्ति प्रस्तुत करने का स्थान म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्या. तृतीय तल, सहकार भवन नार्थ टी.टी. नगर भोपाल।
म.प्र. माध्यम/124262/2026 प्रबंध संचालक

## जैकेट का शेष...

### राहुल ने कहा...

प्रकाशित नहीं हुई है। अगर उस पुस्तक में तथ्य सही होते, तो वो किताब जरूर प्रकाशित होती। अगर उन्हें (राहुल गांधी) लगता है कि किताब पर सरकार ने गलत तरीके से रोक लगाई है, तो पूर्व आर्मी चीफ अदालत का दरवाजा खटखटाते। राहुल गांधी के पक्ष में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी उठ खड़े हुए। उन्होंने कहा कि चीन का मामला काफी संवेदनशील है। ऐसे में मेरा मानना है कि नेता प्रतिपक्ष की पूरी बात जरूर सुननी चाहिए।

**अमित शाह ने क्या कहा?**

सदन में छिड़ी तीखी बहस पर अपनी बात रखते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैंने तेजस्वी सूर्या के भाषण को ध्यान से सुना है। उन्होंने कहीं भी विपक्ष की देशभक्ति पर सवाल नहीं उठाए हैं। राहुल गांधी ने सदन के नियमों को भंग किया है।

**भारतीय सेना प्रकाशन से पहले इस किताब की समीक्षा कर रहीः** इस किताब का प्रकाशन पेंगुइन रैंडम हाउस की ओर से किया जाना था और जनरल नरवणे ने इसमें भारत-चीन के बीच जून 2020 से शुरू हुए तनाव और इसके पूरे घटनाक्रम का जिक्र किया है। एक समाचार एजेंसी ने दिसंबर 2023 में इस किताब के प्रकाशन के लिए तय तारीख से कुछ समय पहले ही इसके अंशों का जिक्र किया था।

### इस तरह कार्यवाही ...

पर बोलना शुरू किया। स्पीकर के बार-बार आग्रह के बावजूद राहुल गांधी वहीं दोहरा रहे थे। फिर लोकसभा की कार्यवाही शाम चार बजे तक स्थगित कर दी गई। शाम चार बजे जैसे ही लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो राहुल गांधी ने कहा कि चीन के मुद्दे पर ही वो बोलेंगे। लोकसभा में हंगामे को देखते हुए सदन की कार्यवाही मंगलवार 11 बजे तक स्थगित कर दी गई।

### राहुल बोले-आप...

दीजिए कि मुझे क्या बोलना है? इस पर प्रतिक्रिया देते हुए स्पीकर ने कहा कि मैं आपका सलाहकार नहीं हूं, लेकिन स्पीकर के नाते मेरा दायित्व है कि ये सदन नियम प्रक्रियाओं से चले और जिस विषय पर चर्चा हो रही है, उसी पर बात करें।

### शहडोल में बाघ....

लिए जीआई तार बिछा कर करंट फैलाया गया था। जिममें फंसकर बाघ-बाघिन की मौत हो गई है। मामले में तीन ग्रामीणों को भी वन विभाग की टीम ने हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। उमरिया जिले के बांधवगढ़ नेशनल पार्क में बाघों की संख्या ज्यादा होने के कारण बाघ लगातार पार्क से बाहर निकल कर आवासीय क्षेत्र में घूम रहे, हैं जिसके कारण इस तरह की घटनाएं हो रही है।

### बाघों का पीएम .....

का पीएम करवाया जा रहा है। डीएफओ तरुणा वर्मा ने बताया कि दो बाघों की मौत की पुष्टि हुई है। दोनों बाघों के शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं है। उनके बीच कोई फाइट भी नहीं हुई है। दोनों बाघों के नाखून भी सही सलामत हैं। लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही किया जा सकेगा।

### डेटा मैनेजर 50 ...

थी। महिला कर्मचारी ने इस मांग को गलत मानते हुए इसकी शिकायत लोकायुक्त कार्यालय में दर्ज कराई थी। लोकायुक्त पुलिस ने पूरे मामले की गंभीरता से जांच की और योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की योजना बनाई। सोमवार को जैसे ही महिला कर्मचारी ने रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 50 हजार रुपए जितेंद्र को सौंपे, वहां लोकायुक्त टीम ने आरोपी को पकड़ लिया।

### एक महीने की...

की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो दिन बाद छुट्टी मिलने पर उन्हें घर लाया गया, लेकिन कुछ ही घंटों में उनकी तबीयत फिर बिगड़ने लगी। 1 जनवरी को उन्हें अरबिंदो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां से 4 जनवरी को उन्हें बाम्बे हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई। किडनी फेल होने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। इस दौरान उन्हें कार्डियक अरेस्ट भी आया।

### सुबह होते ही...

बच्चे थे। हनुमंत खेत में काम करता था। रूपा और उसकी सास के बीच अक्सर कहासुनी हो जाती थी। एक रात किसी बात को लेकर फिर से झगड़ा हुआ। हनुमंत के लिए यह रोज जैसा ही था, लेकिन रूपा को बात चुभ गई थी। अगली सुबह हनुमंत ने अपनी मां को मंदिर पहुंचाया और फिर खुद खेतों में काम करने चला गया। इधर रूपा का गुस्सा अभी भी शांत नहीं हुआ था। उन्होंने अपने तीनों बच्चों को फांसी के फंदे पर लटका दिया। इसके बाद आत्महत्या करने के उद्देश्य से खुद उसने डीजल पी लिया। रूपा को बागलकोट के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### साइड देने को ....

भोपाल रेफर किया गया है। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार सेमनरी निवासी सचिन कुमार पिता मोरसिंह मेवाड़ा का हाईवे पर कार सवार युवकों से साइड देने को लेकर विवाद हो गया था। बात इतनी बढ़ी कि राजस्थान के कोटा निवासी तीन युवकों ने सचिन को डराने के उद्देश्य से अपनी 32 बोर की पिस्टल निकाल ली और फायरिंग कर दी। गोली सीधे सचिन के पैर में जा लगी, जिससे वह घायल होकर गिर गया।

### भाग रहे आरोपियों ....

मौके पर रवाना हुए। मुखबिर की सूचना पर वाहन उमरसिंघाई गांव में खड़ा पाया गया। पुलिस की दो टीमों द्वारा बेदाखेड़ी जंगल क्षेत्र में सर्च कर, तीनों आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 32 बोर की एक पिस्टल एवं 04 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से शेवी खान पिता मकदूम अहमद (23) निवासी कोटा, शहनवाज उर्फ सोनू पिता सलीम अहमद ( 28) निवासी कोटा और विक्की पिता मंजूर (20) निवासी पाली को गिरफ्तार किया है।

### विरोध करने पर...

ट्रेन में रतलाम स्टेशन से वर्ग विशेष के कुछ युवक चढ़े। अस्थि विसर्जन करने जा रहे परिवार की लड़की के साथ कुछ युवकों ने छेड़छाड़ कर दी। परिजनों ने इसका विरोध किया तो युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज कर बेरहमी से मारपीट की। युवकों ने रतलाम के बाद अगले खाचरौद स्टेशन पर अपने साथियों को बुलवा लिया और परिवार के साथ मारपीट की। इस दौरान ट्रेन के अन्य यात्रियों की मदद से 3 युवकों को ट्रेन में ही पकड़ लिया गया और ट्रेन चल दी । इसके बाद अगला स्टेशन नागदा आया, यहां भी सूचना पर बड़ी संख्या में अल्प संख्यक वर्ग के युवा स्टेशन पहुंच गए। हिंदू संगठन के लोगों को इसकी सूचना मिली तो वे भी बड़ी संख्या में स्टेशन पहुंचे गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ दिया। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना के लिए रतलाम भेजा गया।

### आर्थिक विकास की ...

अनूकूल वातावरण तैयार किया, जिससे निरंतर निवेश आ रहा है। नए बजट से पूरे ईको-सिस्टम को नई ऊर्जा मिली है। बजट में हरित अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर पूरा ध्यान केंद्रित किया गया है। इससे मध्यप्रदेश को दीर्घकालिक लाभ होने वाला है। कृषक कल्याण और कृषि विकास को मिशन के रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया गया है। इसी प्रकार सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट, मैन्युफैक्चरिंग और एआई आधारित तकनीक के विकास पर बजट में ध्यान केंद्रित किया गया है। इन तीनों क्षेत्रों में मध्यप्रदेश को हाईटेक उद्योग, डिजिटल निवेश और नवाचार आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहन मिलेगा।

**गुणवत्तापूर्ण मानवपूंजी का सृजन होगाः** सिटी इकोनॉमिक रीजन बनाने की नीति मध्यप्रदेश के शहरी विकास के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगी। शहरों को संगठित आर्थिक केंद्रों के रूप में विकसित करने में यह सहायक सिद्ध होगी। इससे मध्यप्रदेश के प्रमुख शहर संगठित आर्थिक केंद्रों के रूप में विकसित होंगे और निवेशअनुकूल शहरी अर्थव्यवस्था का निर्माण होगा। शी-मार्ट्स, दिव्यांगजन कौशल योजना, सभी जिलों में गर्ल्स हॉस्टल और शिक्षाकौशल आधारित पहल से सामाजिक सशक्तिकरण के साथ आर्थिक विकास को समावेशी स्वरूप मिलेगा। इससे मध्यप्रदेश में गुणवत्तापूर्ण मानवपूंजी का सृजन होगा। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को विकास के केंद्र में रखते हुए यह बजट प्रशासनिक सरलीकरण, निवेश-अनुकूल नीतियों, संरचनात्मक सुधारों और वित्तीय स्थिरता के माध्यम से मप्र को तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था की ठोस आधारशिला रखता है।

### नया बजट रोजगार ...

के नये द्वार खोलेगा और रोज़गार और उदयम के अवसर बढ़ेंगे। लखपति दीदी योजना में क्रेडिट लिंक आजीविका से उद्म स्वामित्व से जोड़ने में मदद मिलेगी।

**JOIN INDIAN ARMY**
**JAG ENTRY SCHEME 124TH COURSE (OCT 2026): SHORT SERVICE COMMISSION (NT) COURSE FOR LAW GRADUATES (MEN & WOMEN)**

**HIGHLIGHTS**

(Information given below is for general awareness only)
(Course Notification published on - www.joinindianarmy.nic.in - should be referred for detailed information about the entry)

| Category | Description | Notification Paragraph No |
|---|---|---|
| Type of Entry | Short Service Entry (JAG)-124 Course | Para 1 |
| Age | 21 to 27 Years as on 01 Jul 2026 | Para 2(b) |
| Open for | Unmarried Male & Unmarried Female (Law Graduates) | Para 1 |
| Education Qualification | Minimum 55% aggregate marks in their LLB Degree. Should have appeared for CLAT PG Exam - 2025 | Para 2(c) |
| Vacancies | 08 | Para 3 |
| Selection Process | Application > Shortlisting > SSB > Medical > Merit List > Joining Letter | Para 10 |
| Date for shortlisting for SSB (based on CLAT PG score) | Second week of Mar | - |
| Likely Duration and dates for SSB | Upto five days SSB in May/June 2026 (Choice for SSB Centre and dates open forTwo weeks in May) | Para 10(c) |
| Medical Standards | As given on www.joinindianarmy.nic.in | Para 11 |
| Pre Commission Training Academy | Officer Training Academy, Chennai | Para 5(a) |
| Duration of Training | 49 weeks from Oct 2026 | Para 5 |
| Stipend during Training | Rs 56,100 Per month | Para 7(d) |
| Rank after Training | Lieutenant | Para 7(a) |
| Salary on Commissioning | CTC approx. 17-18 Lac per annum | Para 7(d) |
| Type of Commission | Short Service Commission | Para 4(a) |
| Option for Release | First- After 05 Years, Second After 10 Years Third After 14 Years | Para 4(a) |
| Option for Permanent Commission | After 10 Years | Para 4(a) |
| Primary Arms / Service for Commission | JAG Branch | - |
| Release Benefits | Depending on service on release | - |

ONLINE APPLICATION WILL OPEN ON 27 JAN 2026 AT 15:00 HRS AND CLOSE ON 27 FEB 2026 AT 15:00 HRS.
**CBC 10601/11/0069/2526**




# कुशवाहा क्रिकेट लीग सीजन-2 में फुले फाइटर्स ने जमाया ट्रॉफी पर कब्जा

## युवाओं ने खेल भावना, अनुशासन, प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डिजिटल कुशवाहा के तत्वावधान में आयोजित कुशवाहा क्रिकेट लीग (केसीएल) सीजन–2 का दो दिवसीय आयोजन रविवार को उड़ान क्रिकेट अकादमी में संपन्न हुआ। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में समाज के युवाओं ने खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कुशवाहा क्रिकेट लीग सीजन–2 का शुभारंभ 31 जनवरी को हुआ था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जीपी माली (पूर्व एडीएम) एवं पार्षद उर्मिला मौर्य थे। डिजिटल के संस्थापक एवं अध्यक्ष विक्रम सिंह कुशवाहा ने कहा कि युवाओं को खेल गतिविधियों के माध्यम से सकारात्मक दिशा देने के लिए संगठन सदैव तत्पर है। क्रिकेट, हॉकी सहित अन्य खेलों से युवाओं के अंदर नेतृत्व कौशल विकसित होता है। संगठन की ओर से भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।



**हृदेश बने मैन ऑफ द मैचः** फाइनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हृदेश कुशवाहा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। अभिषेक कुशवाहा को बेस्ट बॉलर, राहुल कुशवाहा को बेस्ट बैट्समैन तथा हृदेश कुशवाहा को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया। टीम पुरस्कार में अशोका वॉरियर्स उपविजेता रही, जबकि फूले फाइटर्स विजेता बनी।

### चार टीमों ने लिया हिस्सा

प्रतियोगिता में फुले फाइटर्स, अशोका वॉरियर्स, बुद्धा ब्रिगेड्स और कुश चैंपियंस सहित 4 टीमों ने भाग लिया। पहले दिन फूले फाइटर्स और अशोका वॉरियर्स जीते। अंतिम दिन खिताबी मुकाबलों में बेहतरीन खेल देखने को मिला। इस दौरान मीडिया प्रशिक्षक हितेश कुशवाहा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। फाइनल मैच फूले फाइटर्स और अशोका वॉरियर्स के बीच खेला गया, जिसमें फुले फाइटर्स ने जीत दर्ज कर कुशवाहा क्रिकेट लीग सीजन–2 की ट्रॉफी अपने नाम की।

### संरक्षकगणों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

कार्यक्रम में संगठन के संरक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। इस दौरान डिजिटल कुशवाहा के प्रमुख संरक्षकग लोकमन कुशवाहा (डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन, लायंस क्लब इंटरनेशनल), एडवोकेट सचिन के. वर्मा (हाई कोर्ट एवं एनजीटी), डॉ. सुतेश कुमार शाक्य (उप सचिव, मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग) और इंजीनियर एस. के. कुशवाहा (जनरल मैनेजर,एमपीएमकेवीवीसीएल मैदान पर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26

# राज्य स्तरीय कुश्ती में प्रदेश के 60 खिलाड़ियों ने हासिल की जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

28 से 31 जनवरी तक खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा मध्य प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ के दिशा निर्देशन में उज्जैन के राजमाता विजय राजे सिंधिया खेल परिसर नानाखेड़ा में चली कुश्ती प्रतियोगिता के चौथे और अंतिम दिन 16 इकाइयों के लगभग 60 बालक/बालिका खिलाड़ियों ने सात वज़न वर्गों में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थानों पर विजय प्राप्त की। जिसमें बालक फ्रीस्टाइल 70-कि.ग्रा में इंदौर के रोहित प्रथम रहे। वहीं नीमच के पीयूष द्वितीय और देवास के देव एवं उज्जैन के वीरेंद्र तृतीय रहे। वहीं 125-किलोग्राम भार वर्ग में रतलाम के मोक्ष चतुर्वेदी प्रथम, इंदौर के आर्यन यादव द्वितीय, रीवा के अमन गुप्ता तृतीय रहे। साथ ही बालक ग्रीको रोमन 87- किग्रा में सागर के केतन प्रथम, इंदौर के पलाश द्वितीय और भोपाल के अंश बघेल तृतीय रहे। वहीं 130 किग्रा इंदौर के मोहम्मद रजा. खान प्रथम, खंडवा के गर्व यादव द्वितीय और जबलपुर के साहिल रजक तृतीय रहे। इसी तरह बालिका वर्ग के 57 किग्रा में रतलाम की काजल प्रथम, इंदौर की प्रियांशी जोशी द्वितीय, मंडला की चांदनी और भिंड की प्रथा यादव भिंड तृतीय स्थान पर रहीं। इसी तरह 68-किलोग्राम में देवास की तन्नू जाट प्रथम,खंडवा की पारुल द्वितीय, नर्मदापुरम की वंशिका बिश्नोई तृतीय रहीं। वहीं 76- किलोग्राम भार वर्ग में सागर की विधि प्रथम, इंदौर की संजना द्वितीय, छिंदवाड़ा की तमन्ना तृतीय रहीं।

### कनक कुशवाह ने कुश्ती में जीता ब्रॉन्ज मेडल, नजीराबाद में स्वागत



**नजीराबाद।** खेलो एमपी यूथ गेम्स राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में बैरसिया की बेटी कनक कुशवाह ने भोपाल जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए महिला कुश्ती में ब्रॉन्ज मेडल तृतीय स्थान प्राप्त कर भोपाल जिले का नाम रोशन किया। इस अवसर पर तांत्याटोपे स्टेडियम कुश्ती कोच महासिंह सहित समस्त खेल अधिकारियों ने बधाईयां प्रेषित की। क्षेत्र में बिटिया की विजय की खबर सुनकर विश्व रजक महासंघ की टीम ने कनक कुशवाह का निज निबास नजीराबाद पहुंचकर पुष्प मालाओं एंव पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर, बिटिया की विजय पर 2100₹ भी पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए। स्वागत में विश्व रजक महासंघ, संयुक्त मोर्चा भारत राष्ट्रीय महासचिव - यशवंत सिंह मालवीय बरेली रायसेन, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय संयोजक - कैलाश नाहर भोपाल प्रदेश महासचिव धीरज मालवीय बैरसिया, प्रदेश सचिव - छोटे लाल मालवीय भोपाल, सह संयोजक भैयालाल उदयपुरिया भोपाल, प्रदेश संगठन मंत्री - देवकरण मालवीय भोपाल, बैरसिया ब्लॉक संयोजक - मोहनबाबू मालवीय हर्राखेड़ा बैरसिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## भोपाल केमिस्ट एसो. द्वारा आयोजित भगवान बिरसा मुंडा को समर्पित सीपीएल-6 का भव्य समापन

# केमिस्ट चैंपियन भोपाल ने जीता खिताब तो रॉयल केमिस्ट भोपाल टीम बनी उपविजेता

### फाइनल मैच से पहले बैंड के साथ राष्ट्रगान, वंदे मातरम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के रातीबड़ स्थित फेथ मैदान पर खेले गए पांच दिनी केमिस्ट प्रीमियर लीग (सीपीएल)-6 में हर दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए। भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया सीपीएल सीजन-6 के पांचवें दिन रोमांचक मुकाबलों के साथ सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच खेले गए। खेल प्रेमियों और केमिस्ट साथियों की उपस्थिति में टूर्नामेंट 5 दिन चलने वाले प्रदेश स्तरीय टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। फाइनल केमिस्ट चैंपियन भोपाल और रॉयल केमिस्ट भोपाल के बीच हुआ, जिसमें केमिस्ट चैंपियन भोपाल ने खिताब पर कब्जा जमाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मप्र केमिस्ट एसोसिएशन सचिव मनोज अग्नानी, शहडोल केमिस्ट एसो. अध्यक्ष उमेश पांडे, छिंदवाड़ा केमिस्ट एसो. अध्यक्ष संतोष चोरे एवं पन्ना डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट एसो. अध्यक्ष श्रीकांत दीक्षित, मंडला केमिस्ट एसो. अध्यक्ष सुनील पांडे, रायसेन जिला कोषाध्यक्ष अशोक जैन, नोल के जनरल मैनेजर, एल एन मालवीय, स्वास्तिक मेडिकल एम्स से अमित मित्तल, एस के सर्जिकल से गिरीश दयारामानी, अरनब हॉस्पिटल से सुरेश चौकसे विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन की पूरी कमेटी रही मौजूद

वहीं भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों में सचिव विवेक खंडेलवाल, संगठन सचिव मनोज शर्मा, जॉइंट सेक्रेटरी विक्रम शेरवानी, वॉइस प्रेसिडेंट नरेंद्र धाकड़, राहुल नगायच, पीआरओ सुनील गुप्ता, सीपीएल संयोजक मयंक सक्सेना, सह संयोजक हरेंद्र परमार, यूसुफ सैफी समेत पूरी कमेटी मौजूद रही। कार्यक्रम में लगभग 3000 केमिस्ट उपस्थित थे। प्राइज सेरेमनी के बाद लकी ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार होंडा एक्टिवा जनता सेवा, पालदा (इंदौर) ने जीता, जबकि द्वितीय लैपटॉप मुकुंद यादव को प्राप्त हुआ। वहीं अनेक केमिस्ट साथियों ने भी इनाम जीतकर अपनी किस्मत आजमाई। कार्यक्रम का समापन उत्साह, खेल भावना और आपसी भाईचारे के संदेश के साथ हुआ।

### पहला सेमी फाइनल

फार्मा टाइगर्स बनाम केमिस्ट चैंपियन भोपाल पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 111 रन बनाए। जवाब में केमिस्ट चैंपियन भोपाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9.4 ओवर में मात्र 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।
मैन ऑफ द मैचः नीरज पटेल (21 गेंदों पर 53 रन एवं 2 विकेट) रहे।



### फाइनल मुकाबला

केमिस्ट चैंपियन भोपाल बनाम रॉयल केमिस्ट भोपाल
फाइनल मुकाबले में रॉयल केमिस्ट भोपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 128 रन बनाए। जवाब में केमिस्ट चैंपियन भोपाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया।
मैन ऑफ द मैचः नीरज पटेल (16 गेंदों पर 44 रन एवं 2 विकेट)

**टूर्नामेंट अवॉर्ड्स**

बेस्ट बैट्समैन ऑफ द टूर्नामेंटः शाद अली – 5 पारियों में 159 रन
बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंटः जितेंद्र गौड – 3 पारियों में 7 विकेट
**मैन ऑफ द सीरीजः**
नीरज पटेल – 116 रन एवं 4 विकेट
**फेयर प्ले अवॉर्डः**
जेनेरिक सुपर किंग्स

### दूसरा सेमीफाइनल

शिव साईं ग्रुप बनाम रॉयल केमिस्ट भोपाल शिव साईं ग्रुप ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 95 रन बनाए। रॉयल केमिस्ट भोपाल ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 7.2 ओवर में सिर्फ 1 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया।
मैन ऑफ द मैचः शाकिब खान (20 गेंदों पर 48 रन एवं 1 विकेट)



# सुहागपुर में अभा हॉकी का रोमांचक मुकाबला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

सुहागपुर में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. ठाकुर प्रताप भानु सिंह चौहान स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता (61वां) के अंतर्गत हॉकी मंडीदीप और केरल के बीच खेला गया मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। निर्धारित समय तक मैच पूरी तरह ड्रॉ रहने के बाद मुकाबला पेनल्टी शूटआउट में चला गया। आखिरी 12 सेकेंड में मंडीदीप ने केरल पर 4–2 की बढ़त बनाकर जीत दर्ज की। मंडीदीप के कप्तान अमित राजपूत ने निर्णायक गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, वहीं अभय परिहार के सटीक और स्ट्रोक ने जीत सुनिश्चित की। इस प्रकार हॉकी मंडीदीप ने अपने दूसरे मुकाबले में केरल को 4–2 से पराजित किया। इससे पहले मंडीदीप ने अपने पहले मुकाबले में बैतूल टीम को 3–0 से हराया था। केरल टीम में साई के कई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे मुकाबला उच्च स्तर का और दर्शनीय बन गया।

# खेलो एमपीः तैराकी में भोपाल का रहा दबदबा

## अरनव चौधरी ने 4 स्वर्ण सहित 7 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 के अंतर्गत इंदौर में 27 से 31 जनवरी तक शिशुकुंज स्कूल, नॉर्थ कैम्पस में आयोजित राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में भोपाल जिले की स्विमिंग टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 38 पदक अपने नाम किए। इस उपलब्धि के साथ भोपाल जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में सागर पब्लिक स्कूल, रोहित नगर के अरनव चौधरी भोपाल टीम के सर्वाधिक सफल तैराक रहे। अरनव ने 3 व्यक्तिगत और 1 रिले स्वर्ण सहित कुल 7 पदक जीतकर भोपाल की पदक तालिका को मजबूती दी। उनके खाते में 4 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक रहे। वहीं सेज इंटरनेशनल स्कूल के अर्थ जैन ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण और 1 रजत सहित कुल 4 पदक जीते। अर्थ जैन ने ब्रेस्टस्ट्रोक स्पधार्ओं में अपना दबदबा कायम रखा। जिला तैराकी संघ से जुड़े रामकुमार खिलरानी ने बताया कि भोपाल जिले की टीम को कुल 38 पदक प्राप्त हुए, जिनमें 14 स्वर्ण, 10 रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं। भोपाल टीम के कोच पंकज बाथम ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने अनुशासन और मेहनत के साथ प्रदर्शन किया, जिसका परिणाम रहा कि भोपाल जिले ने प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया। टीम की इस उपलब्धि पर कोचों, जिला खेल अधिकारियों, स्कूल प्रबंधन, स्विमिंग अकादमियों एवं अभिभावकों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### इन खिलाड़ियों का रहा शानदार प्रदर्शन



- अरनव चौधरी- 4 स्वर्ण, 2 रजत, 1 कांस्य
- अर्थ जैन- 3 स्वर्ण, 1 रजत
- अन्वी खंडूरी- 2 स्वर्ण, 2 रजत
- मानवा पावले- 1 स्वर्ण, 1 रजत, 1 कांस्य
- वाणी जैन -1 स्वर्ण, 1 रजत, 2 कांस्य
- रिले स्पर्धाओं में इन खिलाड़ियों को भी मिले पदक
- ध्रुव सिंह नेगी, वेदांत गुप्ता और शौर्य साहू को 2-2 पदक
- ऋषभ, तनिष्क, उत्सव प्रजापति को1-1 पदक
- कृतिका श्रीवास्तव, मानवा पावले, मॉली आहूजा, जागवी और अन्वी खंडूरी को 3-3 पदक
- वाणी जैन और पी. सान्या को 2-2 पदक
- अनन्या, अग्रिमा, अनुष्का, तेजस्वनी, पूर्वी, अर्थ, आदर्श, ध्रुव सिंह, व्योम सहित अन्य खिलाड़ियों को 1-1 पदक प्राप्त हुआ।

# वेदांत भारद्वाज ने जीता यूनिकॉर्न चेस अकादमी का खिताब, 53 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूनिकॉर्न चेस अकादमी एवं चायलीला, बावड़िया कलां, के संयुक्त तत्वावधान में रविवाार को ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट 2026 आयोजित किया गया।

इस टूर्नामेंट में कुल 53 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें कुल 21,000 की नकद पुरस्कार राशि वितरित की गई। प्रतियोगिता में वेदांत भारद्वाज ने प्रथम स्थान, रवि पालसुले ने द्वितीय स्थान और प्रणीत चोरघड़े ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य पुरस्कार विजेताओं में राजेंद्र सिंह, नितिन रघुवंशी, साहिल देवनानी, दिप्तांश कुमार, निकलेश कुमार जैन, श्रेयश कारकरे और अहान अमरवंशी शामिल रहे। आयु वर्ग पुरस्कारों में अंडर-7 वर्ग में मिराव महेश्वरी, अंडर-9 वर्ग में भाव्या अग्रवाल, अंडर-11 वर्ग में जैन मेदांत और अंडर-13 वर्ग में राघव सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



इसके अतिरिक्त अंडर-7 में दक्ष अग्रवाल एवं दिव्यांश गिरी, अंडर-9 में अद्विका राठौर एवं वीरांश झा, अंडर-11 में दैविक माथुर एवं शौर्य लाहोटी तथा अंडर-13 में आर्यन अवि वर्मा एवं अनंत दुबे को भी पुरस्कार प्रदान किए गए।

इसके साथ ही विशेष पुरस्कारों के तहत सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी अनायरा राठौर और सर्वश्रेष्ठ वेटरन खिलाड़ी डी. के. जोशी रहे। इस टूर्नामेंट की मुख्य आर्बिटर अदिति श्रीवास्तव (यूनिकॉर्न चेस अकादमी) रहीं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930